# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शुक्रवार 30 जनवरी 2026


सोने और चांदी की कीमतों की उड़ान जारी

## चांदी 19500 बढ़कर चार लाख रुपए के पार



**नई दिल्ली।** चांदी और सोने की कीमतें थमने का नाम नहीं ले रहीं। देश की राजधानी दिल्ली के सर्राफा बाजार में भी गुरुवार को चांदी चार लाख रुपए प्रति किलोग्राम के पार कर गई। सोना भी 1.83 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

14 आईपीएस अफसरों के तबादले

# भोपाल के नए पुलिस कमिश्नर होंगे संजय कुमार, उमेश जोगा नए परिवहन आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गृह विभाग ने 14 आईपीएस अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया है। इसके तहत बालाघाट रेंज के आईजी संजय कुमार को भोपाल का नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। मौजूदा आयुक्त हरिनारायण चारी मिश्रा को आईजी स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एससीआरबी) पुलिस मुख्यालय में पदस्थ किया गया है। वहीं, उज्जैन रेंज के एडीजी उमेश जोगा को परिवहन आयुक्त बनाया गया है। यानी उनकी सेवाएं परिवहन विभाग को सौंपी गई हैं। पंकज कुमार श्रीवास्तव, स्पेशल डीजी एंटी नक्सल ऑपरेशन, एसटीएफ, सीआईडी और सतर्कता को स्पेशल डीजी सीआईडी और स्पेशल डीजी सतर्कता पुलिस मुख्यालय में पदस्थ किया गया है। उनसे एंटी नक्सल ऑपरेशन और एसटीएफ का प्रभार हटा लिया गया है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटने के बाद पदस्थापना का इंतजार कर रहे अनंत कुमार सिंह को स्पेशल डीजी और प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन बनाया गया है।

*मौजूदा आयुक्त हरिनारायण चारी मिश्रा को आईजी स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एससीआरबी) पुलिस मुख्यालय में पदस्थ किया गया*



हरिनारायण चारी



संजय कुमार



उमेश जोगा

### राकेश गुप्ता उज्जैन रेंज के आईजी होंगे

*खेलो एमपी यूथ गेम्स के आयोजन के बीच गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में एडीजी अंशुमान यादव को संचालक खेल और युवक कल्याण विभाग और राकेश गुप्ता को एडीजी और रेंज आईजी उज्जैन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डी श्रीनिवास वर्मा एडीजी पीएचक्यू को एडीजी नारकोटिक्स बनाया गया है। उन्हें एडीजी एसटीएफ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।*

### अभय सिंह भोपाल आईजी पद से हटाए गए

आईजी अभय सिंह को भोपाल आईजी देहात से हटाकर आईजी योजना पीएचक्यू बनाया गया है। वहीं, लंबे समय तक इंदौर और भोपाल पुलिस की कमान संभालने वाले हरिनारायण चारी मिश्रा को आईजी एससीआरबी बना दिया गया है। संजय कुमार आईजी बालाघाट को पुलिस आयुक्त भोपाल, संजय तिवारी आईजी योजना को आईजी भोपाल देहात, चैत्रा एन आईजी एससीआरबी पीएचक्यू को आईजी शहडोल और ललित शाक्यवार आईजी शिकायत और मानव अधिकार पीएचक्यू को आईजी बालाघाट जोन पदस्थ किया गया है।

**बड़ा फैसला**

*यूजीसी के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट की रोक, फिलहाल '2012' वाले नियम लागू*

# कोर्ट बोला-हमें 'जातिविहीन' समाज की ओर बढ़ना चाहिए या हम पीछे जा रहे हैं?



फाइल फोटो

**नए यूजीसी नियम अस्पष्ट हैं... इनका हो सकता है दुरुपयोग**



लखनऊ में यूजीसी का विरोध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी (उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने) विनियम, 2026 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। कोर्ट में इन विनियमों को सामान्य वर्गों के विरुद्ध भेदभावपूर्ण होने के आधार पर चुनौती दी गई है। ऐसे में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी के नए नियमों पर रोक लगी दी। अब नए आदेश तक 2012 के नियम ही लागू रहेंगे। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि नए नियम अस्पष्ट हैं।

कोर्ट के कहा कि नए यूजीसी नियमों का दुरुपयोग हो सकता है। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया और यूजीसी के नए नियमों पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। अब इस मामले पर अगली सुनवाई 19 मार्च को होगी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने इन रिट याचिकाओं की सुनवाई की। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि हमें जातिविहीन समाज की ओर बढ़ना चाहिए या हम पीछे जा रहे हैं। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि क्या हम उल्टी दिशा में जा रहे। जिन्हें सुरक्षा चाहिए, उनके लिए व्यवस्था होनी चाहिए। इसी के साथ उन्होंने केंद्र और यूजीसी से जवाब मांगा है। साथ ही कहा है कि एक विशेष कमेटी भी बनाई जा सकती है। इसी के साथ नए नियमों की भाषा को स्पष्ट करने के लिए विशेषज्ञों की जरूरत पर भी जोर दिया। वहीं याचिकाकर्ता विनीत जिंदल ने कहा कि हम खास तौर पर तीन मुद्दों के बारे में बात कर रहे थे, एक है सेक्शन 3सी जो जातिगत भेदभाव के बारे में बात करता है और उस खास सेक्शन में, सामान्य जाति को बाहर रखा गया है और बाकी सभी जातियों को शामिल किया गया है।

**»** ***पीठ ने केंद्र और यूजीसी को नोटिस जारी किया***

**»** ***अब इस मामले पर अगली सुनवाई 19 मार्च को होगी***

### क्या है यूजीसी का नया नियम?

13 जनवरी को यूजीसी की ओर से समता विनियम 2026 लाया गया. उच्च शिक्षा नियंत्रक शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव को खत्म करने के मकसद से यह लाया गया, लेकिन इसे लेकर देश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। नए नियम को सभी विश्वविद्यालयों को लागू करना होगा और कैसे लागू करना है, इसके लिए भी यूजीसी ने पूरा खाका तैयार किया है।

### जाति-आधारित भेदभाव को अलग से क्यों परिभाषित किया गया?

कोर्ट ने केंद्र की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि फिलहाल वह नियमों पर रोक लगा रहे हैं। केंद्र से पूछा कि जब भेदभाव की परिभाषा में पहले से सभी तरह के भेदभावपूर्ण व्यवहार शामिल हैं तो जाति-आधारित भेदभाव को क्यों अलग से परिभाषित किया गया है। कोर्ट यह जानना चाहता है कि क्या नई नियमावली के विवादित नियमों को इस तरीके से लिखा जा सकता है, जो कि समावेशी और सब के साथ न्याय करने वाला हो।

### भगवान के लिए ऐसा मत कीजिए

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत को उस वक्त गुस्सा आ गया, जब प्रस्ताव दिया गया कि अलग-अलग जातियों के लिए हॉस्टल भी अलग-अलग होने चाहिए। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि ये कैसी बातें हो रही हैं, हम सबके साथ हॉस्टल में रहा करते थे और अब तो इंटर-कास्ट शादियां भी होने लगी हैं।

### यूजीसी के नए नियमों से देशभर में आक्रोश


दरअसल, यूजीसी रेगुलेशन, 2026 को 23 जनवरी, 2026 को नोटिफाई किया गया था। जिसे लेकर पूरे देश में आक्रोश फैल गया। जिसके बाद इसे कई याचिकाकर्ताओं ने मनमाना, भेदभावपूर्ण और संविधान के साथ-साथ यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन एक्ट, 1956 का उल्लंघन बताते हुए चुनौती दी। यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन के खिलाफ याचिकाएं मृत्युंजय तिवारी, एडवोकेट विनीत जिंदल और राहुल दीवान ने दायर की हैं। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि ये नियम सामान्य वर्गों के खिलाफ भेदभाव को बढ़ावा देते हैं।

### रैगिंग यूजीसी के नए नियमों में क्यों शामिल नहीं? सीजेआई ने पूछा

एक अन्य वकील ने कोर्ट में कहा कि अगर कोई सामान्य वर्ग का छात्र पहले दिन कॉलेज आता है। उसके सीनियर्स अनुसूचित जाति से हैं और वो उसकी रैगिंग करते हैं, तो वह क्या करेगा, उसके लिए इन नियमों में कुछ भी नहीं है। उल्टा अगर रैगिंग करने वाले ही उसके खिलाफ नए नियमों के तहत भेदभाव का आरोप लगा देते हैं तो उसका जीवन बर्बाद हो जाएगा। सीजेआई ने यह सुनने के बाद पूछा कि क्या नियमों में रैगिंग को शामिल किया गया है, तो वकील ने कहा कि नहीं इसमें शामिल नहीं है। कोर्ट ने कहा कि रैगिंग को यूजीसी नियमों में क्यों शामिल नहीं किया गया और ये कैसे मान लिया कि कॉलेजों में सिर्फ जाति-आधारित भेदभाव ही होता है।

### महाकाल मंदिर में गैर हिंदुओं की एंट्री पर रोक लगाने की उठी मांग

**उज्जैन।** उत्तराखंड के गंगोत्री धाम में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर रोक लगने के बाद अब इसकी गूंज उज्जैन में भी सुनाई दे रही है। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर के वरिष्ठ पुजारियों और हिंदू जागरण मंच ने संयुक्त रूप से केंद्र और राज्य सरकार से मांग की है कि महाकाल मंदिर सहित देश के सभी 12 ज्योतिर्लिंगों में गैर-हिंदुओं का प्रवेश प्रतिबंधित किया जाए। दावा है कि मंदिर केवल आस्था का केंद्र हैं, पर्यटन स्थल नहीं।



*छोटे से बर्तन मे दर्दनाक हादसाः भोपाल में 10 महीने की बच्ची खेलते-खेलते बाल्टी में जा गिरी*

# काल बन गई पानी की बाल्टी... परिवार के सभी सदस्य देख रहे थे टीवी, घुटनों से चलते हुए पहुंच गई बाथरूम

**»** ***नन्हे हाथ-पांव मदद के लिए तड़पते रहे, लेकिन आवाज़ बाहर तक नहीं पहुंच सकी***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित पीएनबी कॉलोनी ईदगाह हिल्स में बुधवार रात पानी से भरी बाल्टी में डूबने से 10 महीने की बच्ची की मौत हो गई। वह घुटनों से चलती हुई बाथरूम तक पहुंच गई, वहां पानी से भरी बाल्टी रखी थी। करीब 10 मिनट बाद मां को बच्ची नजर नहीं आई तो उसे दूसरे कमरे में देखा गया, लेकिन बच्ची वहां नहीं मिली। इस बीच उनकी नाबालिग भतीजी ने बच्ची को बाथरूम में बाल्टी में डूबा देखा। बच्ची को बाल्टी से निकालकर तत्काल हमीदिया अस्पताल ले जाया गया।



बाथरूम में रखी बाल्टी। मां के साथ बच्ची

### मां पहुंची तो नीली पड़ चुकी थी नवजात

करीब दस मिनट बाद मां को ध्यान आया तो वह दूसरे कमरे में देखने पहुंची। दूसरे कमरे में बच्ची के खिलौने फर्श पर पड़े थे। उन्होंने सोचा कि बच्ची घुटने के बल चलती हुई दूसरे कमरे में चली गई है। लेकिन बच्ची वहां नहीं दिखी। इस बीच दरवाजा खुला देख ललिता बाथरूम में पहुंची तो उसके होश उड़ गए। वहां मासूम बेबी बाल्टी में सिर के बल डूबी हुई थी।






‘अजित दादा’ पंचतत्व में विलीन

# परिवार समेत समर्थकों ने नम आंखों से दी विदाई, उमड़ा जनसैलाब

## बेटे पार्थ और जय पवार ने अपने पिता को मुखाग्नि दी, शाह समेत कई केंद्रीय और राज्य के मंत्री भी रहे शामिल

एजेंसी ▶▶ बारामती

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार को गुरुवार को उनके गृहनगर बारामती में अंतिम विदाई दी गई। पवार का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। इस दौरान विद्या प्रतिष्ठान मैदान में भारी संख्या में समर्थक अपने प्रिय नेता को अंतिम विदाई देने पहुंचे। बेटे पार्थ और जय पवार ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। अपने नेता के आखिरी दर्शन करने के लिए समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोग नम आंखों से अजित को अंतिम विदाई दी।

### ‘अजित दादा अमर रहें’ के नारे से गूंजा बारामती


पिता अजित पवार को मुखाग्नि देते उनके पुत्र

अंतिम संस्कार की रस्में दोपहर में शुरू हुईं। अजित के बेटों, पार्थ और जय ने अपने पिता की चिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान उनकी पत्नी और राज्यसभा सदस्य सुनेत्रा पवार अपने आंसू नहीं रोक पा रही थीं। जब उनके पार्थिव शरीर को राष्ट्रीय ध्वज में लिपटा हुआ उनके गांव काटेवाड़ी से विद्या प्रतिष्ठान मैदान लाया गया। मैदान में मौजूद हजारों लोगों ने अजित दादा अमर रहें के नारे लगाए।

### अंतिम संस्कार में शामिल हुए कई केंद्रीय मंत्री



इस दुखद घड़ी में देश और राज्य के कई बड़े नेता बारामती पहुंचे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, मुरलीधर मोहोल और भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी। एनसीपी प्रमुख शरद पवार,मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस,उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी थे।

**पूरा परिवार रहा मौजूद कई मुख्यमंत्री भी पहुंचे**

अजित की चचेरी बहन और सांसद सुप्रिया सुले सुनेत्रा पवार को सांत्वना देती रहीं। अंतिम संस्कार में प्रफुल्ल पटेल, रामदास अठावले, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, पूर्व मुख्यमंत्री सुशीलकुमार शिंदे और अशोक चव्हाण जैसे दिग्गज नेता भी शामिल हुए।

**ब्लैक बॉक्स बरामद**

हादसे की जांच के लिए पुलिस ने आकस्मिक मौत (एडीआर) का मामला दर्ज किया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया कि विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है। इसमें फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर शामिल हैं, जिससे हादसे की असली वजह पता चल सकेगी।

### विमानन मंत्री ने महाराष्ट्र सीएम फडणवीस को लिखा पत्र और जांच में सहयोग मांगा



विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने गुरुवार को महाराष्ट्र सरकार से सहयोग मांगा, ताकि पुणे जिले के बारामती हवाई अड्डे पर हुए विमान हादसे की तेजी से जांच की जा सके। इस विमान हादसे में उपमुख्यमंत्री अजित पवार और चार अन्य लोग मारे गए थे।

**खबर संक्षेप**

### भाजपा के जोशी बने चंडीगढ़ के नए मेयर

**चंडीगढ़।** भाजपा ने एक बार फिर चंडीगढ़ के मेयर पद पर कब्जा कर लिया है। सौरभ जोशी चंडीगढ़ के नए मेयर बन गए हैं। गुरुवार को निगम सदन में मेयर चुनाव हुआ। इस बार चुनाव हाथ उठाकर करवाया गया। चुनाव प्रिजाइडिंग अफसर रमणीक बेदी ने शुरू करवाई। जोशी को 18 वोट मिले। कांग्रेस ने वोटिंग के बाद वॉकआउट किया।



### साध्वी प्रेम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**जोधपुर।** राजस्थान के जोधपुर से एक सनसनीखेज और भावनात्मक मामला सामने आया है। सनातन धर्म के प्रचार से जुड़ी साध्वी प्रेम बाईसा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत के करीब 4घंटे बाद सोशल मीडिया पर उनके इंस्टाग्राम अकाउंट से एक कथित सुसाइड नोट पोस्ट होने से पूरे मामले ने नया मोड़ ले लिया है।



### मेधा मानहानि केस में एलजी सक्सेना बरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर द्वारा दायर मानहानि मामले में बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट ने सक्सेना को आरोपों से बरी कर दिया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने कहा कि कोई मान्य और ठोस सबूत पेश नहीं किए गए।



### दंपती ने किया सुसाइड 3 बच्चों को दिया जहर

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएटा में दंपती और बच्चों को जहरीला पदार्थ खिलाने का मामला सामने आया है। ईकोटेक-3 कोतवाली क्षेत्र में बुधवार रात घरेलू कलह के चलते दंपती ने जहरीला पदार्थ खा लिया और तीन बच्चों को भी खिला दिया। दंपती की मौत हो गई है। तीनों बच्चों का इलाज चल रहा है।



आर्थिक सर्वे पर पीएम मोदी के बयान को लेकर बोली कांग्रेस

# देश को ‘पाखंड से भरा संदेश’ दे रहे पीएम मोदी, राष्ट्रीय मुद्दों पर विपक्ष को नकार रहे

## अचानक विधेयक करवाएंगे पेश और पारित भी करा देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जयराम ने उठाए सवाल

कांग्रेस ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बजट सत्र पर उनकी टिप्पणियों को लेकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि वे प्रत्येक सत्र की शुरुआत से पहले देश को अपना वही पाखंडी संदेश देते हैं। आज का प्रदर्शन इसी कड़ी का हिस्सा है। कांग्रेस के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय मुद्दों पर विपक्ष को विश्वास में लेने के लिए सर्वदलीय बैठकें नहीं बुलाएंगे और न ही उनकी अध्यक्षता करेंगे। रमेश ने दावा किया कि वह अचानक अंतिम समय में विधेयक पेश करवाएंगे और आवश्यक विधायी जांच के बिना उन्हें संसद से पारित करवा देंगे। उन्होंने कहा कि मोदी संसद में बैठकर विपक्षी नेताओं की चिंताओं का जवाब नहीं देंगे, बल्कि दोनों सदनों में चुनावी रैलियों में भाषण देंगे। आगे उन्होंने कहा कि प्रत्येक सत्र की शुरुआत से पहले, वह संसद को पृष्ठभूमि बनाकर अपना वही पाखंड से भरा ‘देश के नाम संदेश’ देंगे।

**विपक्ष को विश्वास में लेने सर्वदलीय बैठकें नहीं बुलाते**


कांग्रेस के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश

### उपराष्ट्रपति ने तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बताया



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने संसद के बजट सत्र के अंतर्गत राज्यसभा के 270वें सत्र में सभी सदस्यों का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। भारत शीघ्र ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की बढ़ती भूमिका और प्रभाव के बीच संसद सदस्यों की जिम्मेदारी और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

### जनता की मांगें बहुत ज्यादा



कांग्रेस नेता कुमारी शैलजा ने कहा कि अभी उन्हें आर्थिक सर्वेक्षण को देखना है, क्योंकि हरियाणा कई सालों से नए प्रोजेक्ट्स से वंचित रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की जनता की मांगें बहुत हैं, लेकिन सरकार ऐसा व्यवहार कर रही है जैसे इस प्रदेश को कुछ देना ही नहीं।

### आम लोगों की सुविधा का रखें ध्यान



समाजवादी पार्टी (सपा) की सांसद डिंपल यादव ने कहा कि बजट में इस बात को प्रमुखता से दिखाया जाना चाहिए कि आम लोगों को कौन-कौन सी सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह सराहनीय है कि देश की एक महिला वित्त मंत्री बजट पेश कर रही हैं, लेकिन इससे ज्यादा जरूरी यह है कि जनता को वास्तविक लाभ क्या मिल रहा है?

### इन हालातों में भारत के आर्थिक आंकड़े बेहतरः नागेश्वरन



मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा कि विकास की गति स्थिर है, लेकिन जोखिम बढ़ गए हैं। भारत में निवेश करने को लेकर निवेशकों की अनिच्छा की जांच करना जरूरी है। नागेश्वरन ने कहा ,वैश्विक परिदृश्य में भारत के विकास के आंकड़े आर्थिक प्रदर्शन के लिहाज से एक आदर्श उदाहरण है।
के रूप में सामने आए हैं।

### मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का हो विस्तारः डॉ. सरोज



मेंटल हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉक्टर सरोज दूबे ने कहा भारत की बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य चुनौती से निपटने की क्षमता को मजबूत करने का एक साफ मौका है। मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक कल्याण के लिए बजट बढ़े।
अलग से निवेश अब भी सीमित रहा

### नीति समर्थन को मजबूत किया जाएः राहुल जैन



राहुल जैन, मैनेजिंग डायरेक्टर, मैट्रिक्स जियो सॉल्यूशंस ने कहा इन्फ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को तेजी से आगे बढ़ाने का अवसर है। इसके लिए नीति समर्थन को मजबूत करना चाहिए।

### आर्थिक स्थिति को ईमानदारी से सामने रखें



राज्यसभा सदस्य और बीजू जनता दल के नेता सस्मित पात्रा ने आर्थिक सर्वेक्षण को लेकर अपनी उम्मीदें जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह सर्वे देश की वास्तविक आर्थिक स्थिति को ईमानदारी से सामने रखे और मौजूदा चुनौतियों को नजरअंदाज न करे। महंगाई, बेरोजगारी, रुपए के अवमूल्यन, पूंजी निवेश से जुड़ी दिक्कतों से संबंधित समस्याओं का भी जिक्र किया।

एसआईआर में गड़बड़ी के आरोप

# सुप्रीम कोर्ट ने दफ्तरों के बाहर ‘सूची’ लगाने के दिए निर्देश




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अहम दिशा-निर्देश जारी किए हैं। याचिकाओं में चुनाव आयोग की प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को चुनौती दी गई थी। जिस पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि जिन लोगों के नाम लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी यानी तार्किक विसंगति सूची में शामिल किए गए हैं, उनकी सूची को ग्राम पंचायत भवन, प्रत्येक उपखंड कार्यालय और शहरी क्षेत्रों के वार्ड कार्यालयों में प्रदर्शित किया जाए। शीर्ष अदालत ने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम इस सूची में हैं, वे सूची प्रकाशित होने की तारीख से 10 दिनों के भीतर खुद या अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज जमा कर सकते हैं।


### पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती की जाए

सुप्रीम कोर्ट ने सभी कलेक्टरों को चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करने और एसआईआर प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करने को भी कहा है। इसके साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि तमिलनाडु के पुलिस महानिदेशक और पुलिस आयुक्त यह सुनिश्चित करें कि कानून-व्यवस्था की कोई समस्या उत्पन्न न हो और पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संपन्न हो।

**बिहार वोटर लिस्ट विवाद**

### याचिकाओं पर फैसला रखा सुरक्षित

उच्चतम न्यायालय ने बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इन याचिकाओं में गैर-सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से दायर याचिका भी शामिल है। एसआईआर की प्रक्रिया पर प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, अभिषेक सिंघवी, प्रशांत भूषण और गोपाल शंकरनारायण सहित कई वकीलों की दलीलें सुनने के बाद सुनवाई पूरी की। फैसला सुरक्षित रखा है।



अविमुक्तेश्वरानंद ने काशी में कहा

# भाजपा की सरकार में न्याय की आशा नहीं, गलती भी नहीं मानी

एजेंसी ▶▶ काशी

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने काशी में कहा कि पूरे देश में लोगों ने वीडियो में देखा कि बटुकों को उनकी चोटी पकड़कर उन्हें अपमानित किया जा रहा है। अपनी गलती को गलती न मानना और अपने अपराध को न स्वीकार करना ये उन पर निर्भर करता है। जो अपराध किया वो सबके सामने आ ही गया है। हमने संयम से 11 दिन प्रयागराज में रहकर उनको मौका दिया कि आपसे जो अपराध हुआ है चाहे तो आप सुधार सकते हैं, लेकिन उन्होंने नहीं सुधारा।



इस पार्टी की सरकार में न्याय की कोई आशा न करे यही संदेश मिला है। यूजीसी के नए नियमों पर अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि यह नियम इसी लिए लाया गया है कि उनकी कमियां जो हैं उसकी चर्चा कोई न करे। सवाल ये है कि यूजीसी जैसा नियम जो सनातन धर्म के लिए बहुत बड़ा खतरा है।

केंद्र सरकार को मिले सुझाव

# बर्गर, नूडल्स और पिज्जा के एड सुबह 6 से रात 11 तक बैन करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अधिक वसा एवं चीनी वाले अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों (यूपीएफ) की बढ़ती खपत पर गंभीर चिंता जताते हुए आर्थिक समीक्षा ने सुबह से देर रात तक इन उत्पादों के विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने पर विचार करने का सुझाव दिया है। आर्थिक समीक्षा 2025-26 कहती है कि शिशु और छोटे बच्चों के इस्तेमाल वाले दूध एवं पेय पदार्थों के विपणन पर भी सख्त पाबंदियों की जरूरत है। आर्थिक समीक्षा में उच्च वसा, चीनी और नमक वाले खाद्य पदार्थों के लिए चेतावनी के साथ पैकेट के सामने वाले हिस्से पर पोषण संबंधी सूचना देने और बच्चों को लक्षित विपणन पर लगाम लगाने का सुझाव दिया है। व्यापार समझौते किसी भी तरह से सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियों को कमजोर न करें। बर्गर, नूडल्स, पिज्जा एवं शीतल पेय का बढ़ता सेवन दुनियाभर में दीर्घकालिक बीमारियों को बढ़ावा दे रहा है।



### बीटिंग द रिट्रीटः विजय चौक पर गूंजा ‘गीत’



**नई दिल्ली।** विजय चौक पर बीटिंग द रिट्रीट समारोह के साथ ही गणतंत्र दिवस के 4 दिनी आयोजनों का समापन हो गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में सेना के शौर्य और देश की सांस्कृतिक विरासत का अनूठा संगम दिखा। राष्ट्रपति को सेना ने नेशनल सैल्यूट दिया। तिरंगा फहराया गया और तीनों सेनाओं के बैंड ने ‘कदम-कदम बढ़ाए जा’ की धुन के साथ कार्यक्रम का आगाज किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित देश का शीर्ष नेतृत्व मौजूद रहा।

सीजेआई सूर्यकांत ने ट्रेड यूनियंस को जमकर सुनाया

# ट्रेड यूनियन से खत्म हो रहीं नौकरियां इनके कारण ही कई इंडस्ट्री हो गईं ठप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने ट्रेड यूनियंस को जमकर सुनाया। घरेलू कामगारों के लिए न्यूनतम वेतन की मांग वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सीजेआई ने दो-टूक कहा कि देश में इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट रुकने और पारंपरिक उद्योगों के तबाह होने के लिए काफी हद तक ट्रेड यूनियन जिम्मेदार हैं। उनकी वजह से नौकरियां खत्म हो रही हैं। सीजेआई और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने सुनवाई की। सीजेआई ने कहा कि उद्योगों के बंद होने के पीछे तथाकथित झंडे वाली यूनियनों का बड़ा हाथ रहा है।



### वहां शोषण हो रहा

सीजेआई ने कहा कि शोषण होता है, इससे इनकार नहीं है, लेकिन उससे निपटने के लिए लोगों को व्यक्तिगत अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्किल्ड बनाना ज्यादा जरूरी है।

### ...तो हर घर में पहुंच जाएगा मुकदमा

यह याचिका ‘पेन थोजलिारगल संगम’ और अन्य यूनियनों ने दायर की थी, जिसमें घर में काम करने वाले नौकरों, मेड के लिए न्यूनतम वेतन और अन्य कल्याणकारी उपायों की मांग की गई थी। इस पर सीजेआई ने चिंता जताते हुए कहा कि अगर कोर्ट ने ऐसी मांगें मान लीं, तो हर घर में कानूनी लड़ाई शुरू हो जाएगी।

खरगे और राहुल से संसद में मुलाकात के बाद थरूर का बड़ा बयान

# मुस्कराते हुए कहा- कांग्रेस में ‘सब ठीक’ चल रहा

## बातचीत अच्छी और बहुत ही रचनात्मक-सकारात्मक रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद में गुरुवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर और राहुल गांधी के बीच एक संक्षिप्त लेकिन महत्वपूर्ण मुलाकात हुई। इस बैठक के बाद थरूर ने मुस्कराते हुए कहा कि सब ठीक है। उनके इस बयान ने कांग्रेस के भीतर चल रहे मतभेदों और असंतोष की खबरों पर फिलहाल विराम लगा दिया है। थरूर ने राहुल और खरगे के साथ हुई इस बातचीत को बहुत ही रचनात्मक और सकारात्मक बताया। उन्होंने साफ किया कि अब वे और पार्टी नेतृत्व एक ही बात पर सहमत हैं। पिछले कुछ महीनों से थरूर और कांग्रेस नेतृत्व के बीच तनाव की खबरें आ रही थीं। थरूर ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया था कि उनके कुछ मुद्दे हैं, जिन्हें वे पार्टी के मंच पर उठाना चाहते हैं।



### अहम बैठक में नहीं हुए थे शामिल

विवाद की शुरुआत तब हुई जब थरूर पार्टी की एक अहम बैठक में शामिल नहीं हुए थे। उन्होंने बाद में स्पष्ट किया कि वे एक साहित्य उत्सव में गए थे । कोच्चि में पार्टी के एक कार्यक्रम में उनके साथ हुए खराब व्यवहार की खबरों पर भी उन्होंने चुप्पी साधे रखी।

### इस बयान के बाद उड़ी थी अफवाहें

पार्टी के भीतर असली बेचैनी तब बढ़ी जब पिछले साल अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले के बाद थरूर ने प्रधानमंत्री के संकट प्रबंधन की तारीफ की थी। कांग्रेस के कई नेताओं ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी थी। भाजपा ने थरूर को एक अंतरदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने का न्योता दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। इस दल में कांग्रेस का कोई नेता शामिल नहीं था, जिससे भाजपा में जाने की अफवाहें उड़ने लगीं।

### मतभेद सुलझ गए?

तनाव तब और बढ़ गया जब थरूर ने प्रधानमंत्री के एक भाषण की सोशल मीडिया पर सराहना की और ‘भारतीय राजनीति एक पारिवारिक व्यवसाय है’ शीर्षक से एक लेख लिखा। इस लेख में उन्होंने वंशवादी राजनीति की आलोचना की थी, जिससे कांग्रेस नेतृत्व काफी नाराज हुआ था। थरूर ने हमेशा यही कहा कि उनकी टिप्पणियां किसी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा नहीं, बल्कि राष्ट्रहित से प्रेरित थीं। तारीफ से वे भाजपा में शामिल नहीं हो रहे हैं।

जबलपुर

शुक्रवार 30 जनवरी 2026

माघ मास शुक्ल पक्ष-11
वर्ष : 20, अंक : 271
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3 .00 *

मौसम
अधि. 25
न्यून. 11

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



8 उम्मीदों व यथार्थ के बीच संतुलन जरूरी





मैट्रो
14 नई राष्ट्रीय विद्युत नीति पर राजनीति...


800 पन्नों का आर्थिक सर्वे

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में आर्थिक समीक्षा 2025-26 पेश की

# भारत की विकास गाथा मजबूत, लेकिन वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सतर्क रहने की जरूरत

- घरेलू मोर्चे पर मजबूती, लेकिन बाहरी चुनौतियों का डर
- वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.8% से 7.2% के बीच रहेगी
- आम आदमी के लिए राहत की बात यह है कि महंगाई नियंत्रित है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में आर्थिक समीक्षा 2025-26 पेश की। बजट सत्र से ठीक एक दिन पहले पेश किया गया यह दस्तावेज भारतीय अर्थव्यवस्था की दिशा और दशा का आधिकारिक रिपोर्ट कार्ड है। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन की देखरेख में तैयार किए गए इस सर्वे का लब्बोलुआब यह है कि भारत की विकास गाथा (ग्रोथ स्टोरी) मजबूत बनी हुई है।

*मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन की देखरेख में तैयार किया गया सर्वे*



निर्मला सीतारमण

### राज्यों द्वारा बांटी जा रही मुफ्त रेवड़ी पर चिंता जताई

सरकार ने अपनी वित्तीय स्थिति को सुधारा है। वित्त वर्ष 2025 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.8% रहा, जो बजट अनुमानों से बेहतर है। वित्त वर्ष 2026 के लिए इसे 4.4% तक लाने का लक्ष्य रखा गया है। सर्वे में राज्यों द्वारा बिना शर्त नकद हस्तांतरण और वित्तीय लोकलुभावनवाद पर चिंता जताई गई है। इसमें कहा गया है कि ऐसे खर्च पूंजीगत व्यय को प्रभावित कर रहे हैं, जिससे अंततः सॉवरेन उधारी की लागत बढ़ सकती है।









खबर संक्षेप

### हादसे में छात्रा और दोस्त की मौत

**पांढुर्णा।** यहां मोहि घाट पर गुरुवार सुबह सड़क हादसे में 13 वर्षीय कराते चैंपियन छात्रा और उसके 17 वर्षीय दोस्त की मौत हो गई। मृतकों की पहचान प्राची बिसेंदरे और जयेश गोलाइत के रूप में हुई है।



पिता राजेश बिसेंदरे ने बताया कि प्राची आठवीं की छात्रा थी और कराते में दिल्ली चैंपियन रह चुकी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मोहि घाट पर टीवीएस अपाचे बाइक की रफ्तार काफी तेज थी। बाइक लोहे की रेलिंग से टकराई और दोनों करीब 25 फीट से अधिक दूरी तक घिसटते चले गए। हादसे के बाद दोनों को हाईवे की एम्बुलेंस से पांढुर्णा सिविल अस्पताल ले जाया गया।

### मोबाइल हैक कर एआई से बनाए अश्लील फोटो

**ग्वालियर।** साइबर अपराधी ने



एक महिला का मोबाइल हैक कर फोटो हासिल किया और एआई की मदद से अश्लील फोटो वीडियो में बदलकर रिश्तेदार, परिचितों को भेज दिए।

### बिस्किट पैकेट में कम वजन आठ कंपनियों पर पेनाल्टी

**उज्जैन।** पतंजलि के बिस्कुट पैकेट



कम वजन की मामला सामने आया है। पैकेट पर 70 ग्राम वजन लिखा था, लेकिन जांच में उसका वास्तविक वजन सिर्फ 52 ग्राम पाया गया। नाप-तौल विभाग ने 8 कंपनियों पर पेनाल्टी लगा दी।

मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27% आरक्षण मामला

# टली सुनवाई, सरकार के वकील पेश नहीं सुप्रीम कोर्ट ने कहा-ये तो गंभीर आचरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिल्ली/भोपाल

*मध्य प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता समेत पांच अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं को इस मामले में नियुक्त किया हुआ है*

मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27% आरक्षण देने से जुड़े मामलों की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान गुरुवार को सरकारी पक्ष गैरमौजूद रहा। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अधिकृत किए गए एक भी अधिवक्ता मौजूद नहीं थे। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए इसे गंभीर आचरण बताया और खेद प्रकट किया। ओबीसी वर्ग के अधिवक्ताओं के अनुरोध पर अब इन मामलों की अगली सुनवाई 4 फरवरी 2026 को होगी।

सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति नरसिंहा और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की खंडपीठ के समक्ष ओबीसी आरक्षण से जुड़े सभी प्रकरण गुरुवार को सीरियल नंबर 106 पर अंतिम बहस के लिए सूचीबद्ध थे। जैसे ही मामलों को कॉल किया गया, मध्य प्रदेश सरकार की ओर से कोई भी वकील उपस्थित नहीं हुआ। सुप्रीम कोर्ट में ओबीसी वर्ग के सीनियर एडवोकेट अनूप चौधरी ने बयान जारी कर कहा कि मध्य प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता समेत पांच अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं को नियुक्त कर रखा है। इसके बावजूद सुनवाई के दिन एक भी वकील का कोर्ट में मौजूद न होना सरकार की मंशा पर सवाल खड़े कर रहा है।

अब 4 फरवरी को सुनवाई ओबीसी एडवोकेट ने जताई नाराजगी



▶▶ पिछले एक साल से अधिक समय से सुनवाई में केवल तारीख पर तारीख

▶▶ कमलनाथ बोले जानबूझकर ओबीसी को वंचित कर रही राज्य सरकार

#### कमलनाथ का आरोप
#### युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़

कांग्रेस नेता कमलनाथ ने कहा कि भाजपा की मंशा स्पष्ट है प्रदेश के ओबीसी वर्ग को 27% आरक्षण से दूर रखना और सामाजिक न्याय की लड़ाई को कमजोर करना। उन्होंने इसे करोड़ों पिछड़े वर्ग के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया। कांग्रेस नेता ने चेतावनी दी कि यदि भाजपा सरकार इसी तरह ओबीसी आरक्षण को लेकर उदासीन रवैया अपनाती रही, तो कांग्रेस इसे बड़ा जनआंदोलन बनाएगी।

### हाईकोर्ट से सभी केस सुप्रीम कोर्ट ट्रांसफर किए गए

राज्य सरकार ने हाईकोर्ट से ओबीसी आरक्षण से जुड़े सभी प्रकरण सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर करवा दिए थे। आरोप है कि 27% ओबीसी आरक्षण लागू करने के दबाव से बचने के लिए ऐसा किया गया है। सरकार भर्ती विज्ञापनों में ओबीसी को 27% आरक्षण देने की बात तो कर रही है, लेकिन नियमों के विरुद्ध 13% पद होल्ड किए जा रहे हैं।

### न हाईकोर्ट, न सुप्रीम कोर्ट का स्टे

महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि ओबीसी को 27% आरक्षण देने वाले कानून पर न हाईकोर्ट ने स्टे दिया है न ही सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई है। इसके बावजूद सरकार पिछले एक साल से अधिक समय से सुनवाई में केवल तारीख पर तारीख लेती आ रही है। अब तक हर सुनवाई में महाधिवक्ता प्रशांत सिंह महाधिवक्ता कार्यालय के एक दर्जन विधि अधिकारियों के साथ उपस्थित होकर समय मांगते रहे, लेकिन गुरुवार को सुनवाई के दौरान वे भी कोर्ट में मौजूद नहीं थे। ओबीसी वर्ग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप जॉर्ज चौधरी, जून चौधरी, रामेश्वर सिंह ठाकुर, वरुण ठाकुर कोर्ट में उपस्थित हुए और प्रकरण की गंभीरता से अवगत कराया। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि राज्य सरकार की ओर से कोई अधिवक्ता मौजूद नहीं है, ऐसे में सुनवाई कैसे हो सकती है और इस रवैए पर खेद जताया।

छिंदवाड़ा में फिर जहरीली मिठाई

# गाजर का हलवा खाने से 11 लोग बीमार, पेट दर्द और उल्टी, 6 रेफर

फूड इंस्पेक्टर ने लिए सैंपल, बीकानेर स्वीट्स का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा के अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में बुधवार रात गाजर का हलवा खाने से 11 लोगों की तबीयत बिगड़ गई। महालक्ष्मी बीकानेर स्वीट्स से खरीदे गए हलवे को खाने के बाद सभी को पेट दर्द और उल्टी की शिकायत हुई। आनन-फानन में उन्हें अमरवाड़ा अस्पताल ले जाया




महालक्ष्मी बीकानेर स्वीट्स दुकान

गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए 6 लोगों को छिंदवाड़ा रेफर कर दिया गया है। इनमें से एक मरीज की हालत ज्यादा खराब बताई जा रही है, हालांकि बाकी सभी खतरे से बाहर हैं।

डिप्टी सीएम बनाने के लिए सौंपा जाएगा प्रस्ताव

# एनसीपी ने सुनेत्रा पवार को चुना अजित पवार का 'उत्तराधिकारी'

प्रफुल्ल पटेल और छगन भुजबल ने दिए संकेत

एजेंसी ▶▶ मुंबई



सुनेत्रा पवार

महाराष्ट्र में डिप्टी सीएम अजित पवार की प्लेन हादसे में मौत के बाद उनकी पत्नी सुनेत्रा उत्तराधिकारी बन सकती हैं। एनसीपी के दो दिग्गज नेताओं प्रफुल्ल पटेल और छगन भुजबल ने ऐसे ही संकेत दिए हैं।



फाइल फोटो

### उम्र में दूसरे नंबर पर हैं सुनेत्रा

पवार फैमिली से राजनीति में आधा दर्जन लोग सीधे तौर पर सक्रिय हैं। इनमें शरद पवार जहां सबसे बड़े हैं, तो वहीं सुनेत्रा पवार इस मामले में दूसरे नंबर पर हैं। वह बारामती में सुप्रिया सुले के सामने चुनाव लड़ चुकी हैं।

महिला ने चैटिंग के लगाए थे आरोप

# डांसिंग कॉप रंजीत को प्रधान आरक्षक से आरक्षक बनाया

मुख्यालय डीसीपी को उनकी जांच सौंपी गई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर सहित देशभर में डांसिंग कॉप के नाम से जाने वाले चर्चित ट्रैफिक पुलिसकर्मी रंजीत सिंह को महिला द्वारा लगाए गए आरोपों के मामले में सजा मिली है। पुलिस विभाग द्वारा उन पर कार्रवाई करते हुए उन्हें कार्यवाहक प्रधान आरक्षक से वापस आरक्षक



फाइल फोटो

बना दिया गया है। कार्यवाहक प्रधान आरक्षक 146 रंजीत सिंह वर्तमान पदस्थापना रक्षित केंद्र इंदौर को विभागीय कार्रवाई के आधार पर उच्च पद प्रधान आरक्षक का कार्यवाहक प्रभार वापस लेते हुए मूल पद आरक्षक पर वापस किया गया है।

नाबालिग पत्नी ने पगड़ी से गला घोंटा

# रील बनाने से मना किया तो पति को ही मार डाला

यूट्यूब से सीखा था फंदा बनाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झाबुआ

झाबुआ में पत्नी बारात में रील नहीं बनाने देने पर इस कदर नाराज हुई कि पति की हत्या कर दी। वह भी शादी की पगड़ी से गला घोंटकर। इसके लिए यूट्यूब देखकर पूरी प्लानिंग की। वारदात थांदला थाना इलाके में 28 जनवरी की है। पुलिस ने मामले का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए नाबालिग पत्नी को अभिरक्षा में ले लिया है।



कैलाश (मृतक)

एसपी डॉ. शिवदयाल सिंह ने बताया कि 28 जनवरी को दोपहर करीब 12 बजे डायल 112 पर सूचना मिली थी कि 25 वर्षीय कैलाश पिता रायचंद माल का शव उसके घर में संदिग्ध हालत में पड़ा है।

सार्वजनिक जगहों से आवारा कुत्तों को न हटाने पर सुप्रीम कोर्ट राज्यों से नाराज

# ये सभी हवा में महल बना रहे...ऐसा लग रहा है कि जैसे 'वे' कहानियां ही सुन रहे

आवारा कुत्तों के मामले में सभी राज्यों की सुनवाई पूरी हुई, सुप्रीम कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को आवारा कुत्तों के मामले में पहले दिए गए आदेशों में बदलाव की मांग करने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजनिया की पीठ ने एमिकस



फाइल फोटो

क्यूरी गौरव अग्रवाल की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रखा। उन्होंने पंजाब, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों की ओर से उठाए गए कदमों की जानकारी सुप्रीम कोर्ट को दी।

### पकड़े गए कुत्तों को पुरानी जगह पर वापस नहीं छोड़ा जाएगा

शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों और रेल स्टेशनों जैसे सार्वजनिक जगहों में कुत्तों के काटने की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 7 नवंबर को निर्देश दिया था कि नसबंदी और टीकाकरण के बाद तुरंत आवारा कुत्तों को तय आश्रय स्थलों में भेजा जाए।

एनएच -30 पर रात को शराबी युवकों का उत्पात

# यात्री बस पर पथराव कर चालक व परिचालक को बेरहमी से पीटा

बस में सवार 45 यात्रियों ने सीटों के नीचे दुबककर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैहर

जिले में बुधवार रात नेशनल हाईवे-30 शराब के नशे में धुत युवकों ने यात्री बस को बीच सड़क पर रोककर जमकर उत्पात मचाया। मऊगंज से नागपुर जा रही विजयंत ट्रेवल्स की बस पर पहले पथराव किया गया।

फिर बस में घुसकर चालक, परिचालक और हेल्पर के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। इस घटना में चालक और परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि



क्षतिग्रस्त यात्री बस

बस में सवार 45 यात्री जान बचाने के लिए सीटों पर दुबककर बैठे रहे।

घटना बुधवार रात करीब 8 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार बिना नंबर की पल्सर बाइक पर सवार दो युवक ओढ़की टोल प्लाजा के लेन नंबर-7 में जबरन घुसने लगे। टोल कर्मियों ने उन्हें बाइक लेन में जाने को कहा, जिस पर दोनों युवक गाली-गलौच करने लगे। इसी दौरान उसी लेन में विजयंत ट्रेवल्स की बस पहुंच गई। टोल कर्मियों द्वारा शराबी युवकों को हटाए जाने के बाद वे बस के आगे-आगे बाइक दौड़ाते हुए अपने साथियों को कॉल करने लगे।

बर्फीली हवाओं का असर : सूर्य के उत्तरायण में जाने के बाद भी सर्दी के तेवर ढीले नहीं हुए

आज भी कई जिलों में रहेगा घने कोहरे का असर

# लौट आई कड़ाके की सर्दी... धार व रतलाम में कोल्ड-डे आज कोहरा बढ़ेगा, भोपाल में भी कोल्ड-डे जैसे हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में कड़ाके की सर्दी ने फिर से वापसी कर दी है। पिछले दो से तीन दिनों में कई जिलों में बारिश, ओले और गुरुवार से शुरू हुई उत्तर से आ रही बर्फीली हवाएं ने सर्दी में बढ़त की है। इससे धार और रतलाम में कोल्ड डे रहा, जबकि भोपाल सहित कुछ जिलों में कोल्ड-डे जैसे हालात रहे हैं।

यह क्रम शुक्रवार को भी चलेगा। इस बीच आज कई जिलों में कोहरे का असर बढ़ेगा। मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार को कुछ जिलों में घना कोहरा रहेगा।

*भोपाल में दिन और रात का पारा 3-3 डिग्री गिरा, धार में 6 और नर्मदापुरम-पचमढ़ी में 5 डिग्री तक कमी आने से तेज सर्दी*



राजधानी के भेल क्षेत्र में कोहरा, शाम 5:30 बजे का दृश्य

*कई जिलों में बारिश, ओले और बर्फीली हवाओं के असर से पूरे प्रदेश में औसतन 2 डिग्री तक तापमान में आई कमी*

### आज यहां बढ़ेगा कोहरा

शुक्रवार को भोपाल, विदिशा, सीहोर, राजगढ, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, शहडोल, कटनी, दमोह, सागर में मध्यम कोहरा रहेगा।

### एक सिस्टम सक्रिय दूसरा 2 फरवरी को

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार एक नया पश्चिमी विक्षोभ पूर्वी ईरान के ऊपर साइक्लोनिक सर्कुलेशन के रूप में सक्रिय है। एक जेट स्ट्रीम 12.6 किमी की ऊंचाई पर करीब 241 किमी प्रति घंटे की गति पर है।

भारत-रूस के संबंधों को मिली नई ऊंचाई

# एचएएल और यूएसी में करार, भारत में बनेंगे आधुनिक कमर्शियल सुपरजेट-100 विमान

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

भारत की दिग्गज एयरोस्पेस कंपनी हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और रूस की यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन (यूएसी) ने नागरिक उड्डयन क्षेत्र में बड़ा समझौता किया है। दरअसल, एचएएल और यूएसी ने हैदराबाद में आयोजित 'विंग्स इंडिया' प्रदर्शनी के दौरान रूस के प्रसिद्ध सुपरजेट-100 (एसजे-100) विमान के भारत में उत्पादन के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस ऐतिहासिक साझेदारी का मुख्य मकसद 'मेक इन इंडिया' अभियान को रफ्तार देना और नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में विदेशी विमानों पर भारत की निर्भरता को कम करना है।


एचएएल के सीएमडी डीके सुनील



सुपरजेट-100

### क्षेत्रीय उड़ानों के लिए बेहतरीन

यह विमान क्षेत्रीय उड़ानों के लिए सबसे बेहतरीन माना जाता है। यह विमान वर्तमान में नौ रूसी एयरलाइनों और कई रूसी और विदेशी सरकारी ऑपरेटरों द्वारा सफलतापूर्वक संचालित किया जाता है। भारत में इसके निर्माण से क्षेत्रीय हवाई संपर्क यानी रीजनल कनेक्टिविटी को एक नई मजबूती मिलेगी और छोटे शहरों के बीच हवाई सफर काफी सस्ता और सुलभ हो जाएगा।

### दो इंजन वाला विमान

*सुपरजेट-100 एक बहुत ही कुशल और हाई-टेक वाणिज्यिक विमान है जिसे अत्याधुनिक तकनीक से तैयार किया गया है। इस नैरो-बॉडी जेट विमान में आमतौर पर 87 से 108 यात्रियों के बैठने की क्षमता होती है।*

### तीन साल में शुरू होगा उत्पादन

एचएएल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर (सीएमडी) डीके सुनील ने बुधवार को इस प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी का लक्ष्य अगले तीन वर्षों में अपनी सुविधाओं के भीतर एसजे-100 विमानों का उत्पादन शुरू करना है। भारत जैसे विशाल देश में इस श्रेणी के लगभग 200 से अधिक विमानों के लिए एक बड़ा और बेहतर बाजार मौजूद है।

### गेम चेंजर साबित होगा

समझौते के तहत एचएएल लाइसेंस के आधार पर विमानों का निर्माण करेगा जिससे तकनीकी ज्ञान का आदान-प्रदान भी होगा। यह डील भारत के नागरिक विमानन सेक्टर के लिए गेम चेंजर साबित हो सकती है। अगले एक से डेढ़ साल के भीतर भारत को करीब 10 विमान प्राप्त हो सकते हैं जो उड़ान भरने के लिए पूरी तरह तैयार होंगे। यह डील अब नागरिक विमानन के क्षेत्र में भी मजबूत होते रिश्तों को दुनिया के सामने पेश करती है।

## खबर संक्षेप


### चैटजीपीटी पर सीक्रेट डॉक्यूमेंट अपलोड किए

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की साइबर सुरक्षा एजेंसी के भारतीय मूल के कार्यकारी निदेशक डॉ. माधु गोट्टुमुक्कला ने संवेदनशील सरकारी दस्तावेजों को पब्लिक वर्जन के चैटजीपीटी में अपलोड कर दिया। उन्होंने पिछले साल काम के सिलसिले में कॉन्ट्रैक्टिंग और साइबर सुरक्षा से जुड़े कुछ आंतरिक दस्तावेज चैटजीपीटी में डाले, जो सिर्फ आधिकारिक इस्तेमाल के लिए थे। ये दस्तावेज क्लासिफाइड नहीं थे, लेकिन इन्हें सार्वजनिक करने से रोका गया था। इस अपलोड से ऑटोमेटेड सिक्योरिटी अलर्ट बजे।



### नॉर्थ कोलंबिया में विमान दुर्घटनाग्रस्त, 15 की मौत

**नॉर्थ कोलंबिया।** अमेरिका के नॉर्थ कोलंबिया के नॉर्ट डी सेंटेंडर प्रांत के एक ग्रामीण इलाके में बुधवार को एक छोटा प्लेन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्लेन में सवार सभी 15 लोगों की मौत हो गई। सरकारी एयरलाइन कंपनी सतेना इस फ्लाइट का संचालन करती थी। कंपनी ने कहा कि घटनास्थल पर एक बचाव दल भेजा गया। विमान एचके4709 स्थानीय समय के अनुसार सुबह 11:42 बजे राजधानी कुकुटा के हवाई अड्डे से ओकाना के लिए रवाना हुआ था। यह उड़ान आमतौर पर लगभग 40 मिनट की होती है।



आईएसआईएस के नाम से दी धमकी

## मेघालय में गारो समुदाय को जमीन छोड़ने को कहा, जांच में जुटी पुलिस


गारो समुदाय का एक घर

एजेंसी ▶▶ शिलांग

मेघालय के वेस्ट गारो हिल्स जिले में एक विवादित पोस्टर मिलने के बाद तनाव का माहौल है। इस पोस्टर पर आतंकी संगठन आईएसआईएस का नाम लिखा है। इसमें स्थानीय गारो समुदाय को अपनी जमीन खाली करने की धमकी दी गई है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि यह पोस्टर जिले के तुरा इलाके में मिला है। इसमें अंग्रेजी भाषा में फुबारी, राजाबाला, टिकरीकिला, सेसला और गारोबाधा जैसे क्षेत्रों का जिक्र है।

पोस्टर में चेतावनी दी गई है कि इन इलाकों में रहने वाले गारो समुदाय के लोग 2027 से पहले अपनी जमीन छोड़ दें। ऐसा न करने पर उन्हें गंभीर नतीजे भुगतने की बात कही गई है। पोस्टर पर अमीनुर इस्लाम नाम के किसी व्यक्ति का नाम लिखा है। पुलिस इस बात की पुष्टि करने में जुटी है कि क्या वाकई यह किसी अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन की करतूत है या किसी ने सिर्फ डर फैलाने के लिए इसका नाम इस्तेमाल किया है।

### धमकियां बर्दाश्त नहीं: मारक

मेघालय के राज्य मंत्री मार्क्यूस मारक ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि समाज के सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाली ऐसी धमकियां बर्दाश्त नहीं होंगी। पुलिस ने इसका संज्ञान लिया है और मामला दर्ज कर लिया है।



पुलिस अधिकारी ने कहा कि हम यह भी जांच कर रहे हैं कि क्या पोस्टर में आतंकी संगठन का नाम लोगों को गुमराह करने और दहशत फैलाने के लिए इस्तेमाल किया गया है। यह धमकी भरी घटना ऐसे समय में हुई है जब हाल ही में जिले में एक युवा पर्यावरण कार्यकर्ता की भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। डिलसेंग एम. संगमा नाम का यह कार्यकर्ता राजाबाला इलाके में एक अवैध पत्थर खदान की जांच करने गया था, तभी उन पर हमला हुआ था।

### मावलीनांग रविवार को बंद रहा करेगा

मेघालय के पूर्वी खासी जिले में स्थित मावलीनांग अब से प्रत्येक रविवार को पर्यटकों के लिए बंद रहेगा। मावलीनांग को एशिया के सबसे स्वच्छ गांव के तौर पर जाना जाता है। 'डोरबार' या ग्राम परिषद ने बताया कि रविवार अधिकतर लोगों के लिए धार्मिक अनुष्ठान का दिन होता है, इसके मद्देनजर मावलीनांग अब आगुंतकों के लिए सोमवार से शनिवार तक ही खुला रहेगा। डोरबार ने एक बयान में कहा कि जनवरी 2026 से मावलीनांग गांव पर्यटकों और आगंतुकों के लिए सप्ताह में एक दिन रविवार को बंद रहेगा। यह स्थान केवल कार्यदिवसों में खुला रहेगा।

अमेरिकी हमले की आशंका के बीच ईरान के समर्थन में उतरा तुर्की

## राष्ट्रपति एर्दोगन ने ट्रंप के समक्ष वार्ता का रखा प्रस्ताव, ईरान के विदेश मंत्री आज जाएंगे तुर्की

ट्रंप ने ईरान से बातचीत की मेज पर आने और परमाणु हथियारों पर डील करने को कहा है, वरना धमकी दी कि अगला अमेरिकी हमला कहीं ज्यादा बुरा होगा। ट्रंप ने मिडिल ईस्ट में एक जंगी बेड़ा भेजा है और तेहरान को सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों को मारने या अपना परमाणु कार्यक्रम फिर से शुरू करने के खिलाफ चेतावनी दी है


एर्दोगन डोनाल्ड ट्रंप खामेनेई

एजेंसी ▶▶ अंकारा/तेहरान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर हमले की धमकी दी है। इस बीच, ईरान का दोस्त और नाटो सदस्य तुर्की उसके पक्ष में खड़ा हो गया है। राष्ट्रपति एर्दोगन सक्रिय हो गए हैं, जिसके बाद ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची शुक्रवार को तुर्की का दौरा करने वाले हैं। इस दौरान वह तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान के साथ ईरान में हाल के घटनाक्रम और अमेरिका के साथ तनाव पर बातचीत करेंगे। ट्रंप ने ईरान से बातचीत की मेज पर आने और परमाणु हथियारों पर डील करने को कहा है, वरना धमकी दी कि अगला अमेरिकी हमला कहीं ज्यादा बुरा होगा।

ट्रंप ने मिडिल ईस्ट में एक जंगी बेड़ा भेजा है और तेहरान को सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों को मारने या अपना परमाणु कार्यक्रम फिर से शुरू करने के खिलाफ चेतावनी दी है। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने अपने अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप से ईरान पर एक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव रखा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एर्दोगन ने 27 जनवरी को ट्रंप के साथ फोन पर बातचीत के दौरान यह पहल की।

ट्रंप की चेतावनी अगला हमला कहीं ज्यादा बुरा होगा

एक और एयरक्राफ्ट ईरान की तरफ बढ़ रहा

### ड्रोन से की जा रही निगरानी

तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि अंकारा ने एक टेक्नोलॉजी से बेहतर फिजिकल बैरियर सिस्टम के जरिए ईरान के साथ अपनी 560 किमी लंबी सीमा पर सुरक्षा मजबूत की है। तुर्की ने ईरान के शरणार्थियों को रोकने के लिए 203 इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल टावर और 43 एलिवेटर-सुसज्जित टावर, 380 किलोमीटर लंबी मॉड्यूलर कंक्रीट की दीवार और 553 किमी लंबी रक्षात्मक खाइयों का निर्माण किया है। तुर्की के कहा कि ड्रोन और एयरक्राफ्ट सहित जासूसी और निगरानी सिस्टम से बॉर्डर वाले इलाकों की चौबीसों घंटे निगरानी की जा रही है।

### सीमा पर 'बफर जोन' बना रहा तुर्की

तुर्की, ईरान में सरकार गिरने की स्थिति में बफर जोन बनाने की योजना पर काम कर रहा है। तुर्की के अधिकारियों को आशंका है कि ईरान पर अगर हमला होता है और तेहरान में सरकार गिर जाती है तो शरणार्थियों की एक बड़ी लहर उनके देश की तरफ बढ़ सकती है। ऐसी स्थिति को देखते हुए तुर्की, बॉर्डर के ईरानी तरफ एक बफर जोन बनाने की योजना बना रहा है।

### ईरान की सुरक्षा, शांति तुर्की के लिए अहम

तुर्की ने कहा है कि वह अपने पड़ोसी देश में किसी भी विदेशी दखल का विरोध करता है और उसने वॉशिंगटन से ईरान के साथ अपने मुद्दों को एक-एक करके सुलझाने का आग्रह किया है। उसने दोनों पक्षों से संपर्क किया है, और चेतावनी दी है कि ईरान में अस्थिरता इस समय क्षेत्र की संभालने की क्षमता से बाहर हो जाएगी। फिदान अराकची से कहेंगे कि तुर्की ईरान में हो रहे घटनाक्रमों पर करीब से नजर रख रहा है, और ईरान की सुरक्षा, शांति और स्थिरता अंकारा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

### अमेरिकी हमले की सूरत में इजराइल निशाने पर होगा: ईरान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर हमले की चेतावनी दी। इससे आगबबूला ईरान ने भी ट्रंप को पलटकर जवाब देने की धमकी दी है। ईरान ने अमेरिका की किसी भी सैन्य कार्रवाई का तुरंत जवाब देने की कसम खाई। सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के एक शीर्ष सलाहकार ने धमकी दी कि अगर हमला हुआ तो वे इजराइल को टारगेट करेंगे। हाल ही में ईरान में खामेनेई सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ।

### ईरान की घेराबंदी कर रहा है अमेरिका

अमेरिका, ईरान के सीनियर अधिकारियों और कमांडरों पर सटीक हमले करने की योजना पर काम कर रहा है, जिन्हें वो प्रदर्शनकारियों की मौत के लिए जिम्मेदार मानता है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि एक और एयरक्राफ्ट कैरियर ईरान की तरफ बढ़ निकला है। जिससे ईरान पर अमेरिकी हमले की आशंका काफी ज्यादा बढ़ गई है। अमेरिका का पहला एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस अब्राहम लिंकन पहले ही गल्फ ऑफ ओमान पहुंच चुका है और वो मिडिल ईस्ट में दाखिल हो चुका है। अब्राहम लिंकन पर 90 फाइटर जेट्स, जिनमें एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट भी शामिल हैं। ये एक पूरा कैरियर स्ट्राइक ग्रुप है, जिनमें 4 युद्धपोत, सप्लाई चेन जहाज और पनडुब्बियां भी शामिल हैं।

अर्थव्यवस्था, ऊर्चा, शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर होगी चर्चा

## भारत और अरब लीग के 22 विदेश मंत्रियों की कल नई दिल्ली में बैठक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत 31 जनवरी को आयोजित अरब के विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेगा। भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में अरब लीग के सभी 22 सदस्य देशों के विदेश मंत्री और महासचिव शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार यह बैठक भारत-अरब साझेदारी को नई दिशा देने वाला सबसे बड़ा संस्थागत मंच है। इसमें अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, शिक्षा, मीडिया और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा होगी। बैठक से एक दिन पहले, 30 जनवरी को चौथी भारत-अरब वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक भी आयोजित की जाएगी।



फिलिस्तीन की विदेश मंत्री वर्सेन शाहिन का भारत की ओर से स्वागत

### 2016 में हुई थी पहली बैठक

भारत और अरब देशों के बीच यह विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक है। पहली बैठक 2016 में बहरीन में हुई थी, जिसमें सहयोग के पांच प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की गई थी। दस साल बाद हो रही बैठक से उम्मीद है कि भारत और अरब देशों के बीच रिश्ते और गहरे होंगे और नए क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ेगी। बता दें, भारत और अरब लीग के बीच औपचारिक संवाद की प्रक्रिया मार्च 2002 में शुरू हुई थी।

ईजीपैसा खाते में दान देने की अपील

## मानवीय मदद के नाम पर फंड जुटा रहे पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन


आतंकी मसूद अजहर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि पाकिस्तान स्थित इस्लामी आतंकी संगठन अपने फंड जुटाने के तरीकों में लगातार विविधता ला रहे हैं और वैश्विक निगरानी से बचने के नए रास्ते तलाश रहे हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया कि हम्माद अजहर गाजा की महिलाओं से अपने तथाकथित 'दान कार्यों' की तारीफ करते हुए वीडियो बनवाता है। सोशल मीडिया पर वह 'क़ैसर अहमद' नाम से सक्रिय है और लोगों से 'खालिद अहमद' के नाम से दर्ज एक ईजीपैसा खाते में दान देने की अपील करता है। बताया गया है कि उसे पाकिस्तान और खाड़ी देशों से चंदा मिल रहा है। ये संगठन मानवीय गतिविधियों, मस्जिदों, राहत-बचाव अभियानों और युद्धों का सहारा लेकर अमेरिका समेत दुनिया भर में धन इकट्ठा कर रहे हैं, साथ ही 'उग्र इस्लामी संदेश' फैला रहे हैं।

## लेह में विमानन इंफ्रास्ट्रक्चर को मिली मजबूती



**लेह।** लेह के बेहद चुनौतीपूर्ण व ऊंचाई वाले क्षेत्र में रनवे इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना पूरी की गई है। इससे ग्राउंड पर विमानों की जमीनी आवाजाही को आसान व सुरक्षित बनाया जा सकेगा। वहीं, लेह से नागरिक उड़ानों का प्रस्थान भी तेज होगा। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता ने पश्चिमी वायु कमान के वरिष्ठ वायु सेना अधिकारी एयर मार्शल जेएस मान की उपस्थिति में इस परियोजना का उद्घाटन किया। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, यहां अपग्रेड किए गए रनवे और हवाई अड्डा सुविधाओं से नागरिक उड्डयन सुविधाओं में इजाफा होगा। इस परियोजना से विमानों की सुगम आवाजाही, नागरिक उड़ानों की त्वरित उड़ान और हवाई अड्डे की समग्र दक्षता में सुधार संभव हुआ है। उन्नत सुविधाएं क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ाएंगी, पर्यटन के निरंतर विकास में सहयोग करेंगी और स्थानीय समुदायों के लिए पहुंच में सुधार करेंगी।

अमेरिका दुनिया में सबसे ज्यादा एयरपोर्ट वाला देश है, जहां कुल 15,873 सक्रिय एयरपोर्ट

## 2047 तक भारत में होंगे 400 से ज्यादा एयरपोर्ट, अभी सिर्फ 170

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में हवाई यात्रा अब सिर्फ अमीरों तक सीमित नहीं रही। धीरे-धीरे फ्लाइट से सफर आम लोगों की जिंदगी का हिस्सा बनता जा रहा है। इसी दिशा में एक बड़ा ऐलान करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि साल 2047 तक भारत में 400 से ज्यादा एयरपोर्ट होंगे। इससे देश के छोटे शहरों और दूर-दराज के इलाकों की कनेक्टिविटी और मजबूत होगी। विंग्स इंडिया 2026 एविएशन समिट को वर्चुअली संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत तेजी से अपना एविएशन नेटवर्क बढ़ा रहा है। उन्होंने बताया कि साल 2014 में देश में सिर्फ 70 एयरपोर्ट थे, जबकि आज यह संख्या 160 से ज्यादा हो चुकी है।

*भारत टिकाऊ विमानन ईंधन बनाने में तेजी से अग्रसर*

*केंद्र सरकार का छोटे शहरों में कनेक्टिविटी बढ़ाने पर जोर*


एयरपोर्ट पर खड़े कई विमान

### बिना एयरपोर्ट वाले देश

- **एंडोरा:**- फ्रांस और स्पेन के बीच सड़क से पहुंच
- **मोनाको:**- फ्रांस के नाइस एयरपोर्ट से पहुंच
- **लिकटेंस्टाइन:**- स्विट्जरलैंड या ऑस्ट्रिया के रास्ते पहुंच
- **सैन मारिनो:**- इटली के एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से पहुंच
- **वेटिकन सिटी:**- रोम के जरिए

### भारत में 100 से ज्यादा एयरोड्रम सक्रिय

सरकार ने अब तक 100 से अधिक एयरोड्रम को सक्रिय किया है। साथ ही, आम लोगों के लिए सस्ती हवाई यात्रा उपलब्ध कराने के लिए उड़ान योजना शुरू की गई। पीएम ने कहा कि सरकार अब उड़ान योजना के अगले चरण पर काम कर रही है। इसका मकसद टियर-2 और टियर-3 शहरों को बेहतर हवाई कनेक्टिविटी देना है, ताकि हवा यात्रा हर नागरिक के लिए सुलभ हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि भारत खुद को ग्लोबल साउथ और बाकी दुनिया के बीच एक बड़े विमानन हब के रूप में तैयार कर रहा है।

**इन देशों में एयरपोर्ट**

| | |
|---|---|
| 15,873 | अमेरिका |
| 4,919 | ब्राजील |
| 2,180 | ऑस्ट्रेलिया |
| 1,485 | मैक्सिको |
| 1,425 | कनाडा |
| 1,043 | यूके |

यूएस में पड़ रही कड़ाके की ठंड

## तेजी से बढ़ रहा 'बॉम्ब साइक्लोन' न्यूयॉर्क में शनिवार को देगा दस्तक

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

न्यूयॉर्क शहर एक बार फिर कड़ाके की सर्दी और भारी बर्फबारी की चपेट में आने वाला है। एक शक्तिशाली 'बॉम्ब साइक्लोन' विंटर स्टॉर्म तेजी से शहर की ओर बढ़ रहा है, जो शनिवार रात से रविवार तक दस्तक दे सकता है। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह तूफान 3 इंच से अधिक बर्फबारी कर सकता है, जबकि शहर अभी पिछले वीकेंड की एक फुट से ज्यादा बर्फबारी से उबर रहा है। इस तूफान से तेज हवाएं और ठंडी हवा का खतरा बढ़ेगा, जो तापमान को सिंगल डिजिट या यहां तक कि जीरो से नीचे ले जा सकता है। बॉम्ब साइक्लोन, जिसे बॉम्बोजेनेसिस भी कहा जाता है, तेजी से विकसित होने वाला मौसमी पैटर्न है। यह आमतौर पर समुद्र के ऊपर बनता है। एक्यू वेदर के मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, वर्तमान तापमान 14 से 24 डिग्री के बीच होने के कारण, हवा की ठंडक और तेज हो सकती है।



## सीएसपी गोहलपुर को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश

# अदालत से जारी गिरफ्तारी वारंट थाने में नहीं होने की जांच करें

जबलपुर ।

प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी वंदना सिंह की कोर्ट ने अदालत से जारी गिरफ्तारी वारंट थाने में न होने के प्रकरण की जांच का आदेश दिया है। कोर्ट ने नगर अधीक्षक, गोहलपुर को प्रतिवेदन पेश करने के निर्देश दिए हैं। दरअसल, रामनाथ पटेल विरुद्ध पुरुषोत्तम तिवारी प्रकरण में आरोपी पुरूषोत्तम तिवारी पिता स्व. सीता राम तिवारी, उम्र 52 वर्ष निवासी साउथ मिलोनीगंज के विरूद्ध 10 नवंबर, 2021 को स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। परंतु उक्त वारंट आज तक तामील नही हुआ है। परिवादी पक्ष द्वारा प्रकरण में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर व्यक्त किया गया है कि उनके द्वारा जब थाना गोहलपुर में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अभियुक्त के विरूद्ध स्थाई वारंट की तामीली के संबंध में पूछा गया। थाना गोहलपुर के द्वारा पत्र जारी कर कहा गया कि अभियुक्त का वारंट थाने में उपलब्ध नहीं हैं। जबकि प्रकरण के अवलोकन से यह दर्शित है कि 27 अक्टूबर, 2021 के आदेशानुसार अभियुक्त के विरूद्ध 10 नवंबर, 2021 को स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है।

आवेदक विजय नगर निवासी रामनाथ पटेल की ओर से कोर्ट को अवगत कराया गया कि पुरुषोत्तम तिवारी नामक आरोपी के विरुद्ध 2016 में चेक बाउंस का परिवाद



प्रस्तुत किया गया था। आरोपी ने समन, जमानती वारंट, गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद भी अदालत के समक्ष उपस्थिति दर्ज नहीं कराई। लिहाजा, अदालत ने सख्ती बरतते हुए गैर मियादी वारंट जारी किया था। इसकी पावती मौजूद है। इसके बावजूद आवेदक ने आरोपी को खुलेआम घूमते हुए देखा है। जिसका गिरफ्तारी वारंट जारी है, पुलिस ने उसे अब तब गिरफ्तार कर कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत क्यों नहीं किया। इस सिलसिले में गोहलपुर पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में है। सूचना के अधिकार के अंतर्गत जानकारी हासिल करने पर पता चला कि पुलिस के रिकार्ड में अदालत से जारी गैर मियादी वारंट नदारद है। इस तरह लंबा अर्सा गुजरने के बावजूद आरोपी पकड़ से बाहर है। आवेदक ने आरोपी की पत्नी के इलाज के लिए एक लाख 32 हजार उधार दिए थे। जिसके एवज में दिया गया चेक बैंक में जमा करने पर खाते में पर्याप्त राशि न होने के कारण बाउंस हो गया। जिसके बाद अदालत की शरण ली गई।

### उमरिया कलेक्टर भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायत की जांच कर उचित कार्रवाई करें, हाईकोर्ट का निर्देश

जबलपुर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने उमरिया कलेक्टर को निर्देश दिए हैं कि याचिकाकर्ता द्वारा की गई भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायत की जांच कर उचित कार्रवाई करें। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने इसके लिए 90 दिन की मोहलत दी है। नौरोजाबाद निवासी एवं वार्ड क्रमांक 11 के निर्वाचित पार्षद नईम उल्ला बेग की ओर से कोर्ट को बताया गया कि नगर परिषद नौरोजाबाद की पूर्व सीएमओ ज्योति सिंह, अध्यक्ष कुशल सिंह सहित अन्य कर्मचारियों व पार्षदों ने बड़े पैमाने पर वित्तीय व प्रशासनिक अनियमितताएं की हैं। पार्षदों द्वारा भ्रष्टाचार की शिकायत कलेक्टर सहित अन्य सक्षम अधिकारियों को की गईं। इस पर एक जांच कमेटी गठित की गई थी। समिति ने 5 अगस्त 2024 को रिपोर्ट प्रस्तुत कर गंभीर अनियमितताओं की पुष्टि की थी। इसके बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। याचिका में मांग की गई कि दोषियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की विभिन्न धाराओं एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराई जाए।

### डिप्लोमाधारियों को एवीएफओ के रिक्त पदों पर नियुक्ति से क्यों कर रहे वंचित

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, एवीएफओ के रिक्त पदों पर नियुक्ति से डिप्लोमाधारियों को वंचित किए जाने के रवैये को चुनौती पर जवाब-तलब किया। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने इसके लिए राज्य शासन को 10 दिन का समय दिया है। मामले में याचिकाकर्ताओं को प्रतीक्षा सूची में शामिल किए जाने की मांग की गई है। अगली सुनवई नौ फरवरी को नियत की गई है।याचिकाकर्ता रवि कुमार यादव व सतेंद्र सिंह रावत सहित अन्य की ओर से दलील दी गई कि हाईकोर्ट एक मामले में डिप्लोमाधारी अभ्यर्थियों को प्राथमिक देते हुए सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के पद पर नियुक्ति के निर्देश दे चुका है। इसके बावजूद याचिकाकर्ताओं को दरकिनार कर दिया गया। दरअसल, विभाग द्वारा कुल 550 पदों के 499 अभ्यर्थियों को ही दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाया गया। जिनमें से महज 321 अभ्यर्थी ही पात्र पाए गए। शेष सभी डिग्रीधारी अभ्यर्थियों को अपात्र घोषित कर दिया गया। बाद ने वेटिंग में शामिल केवल 70 अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया गया। जिसने से केवल 38 अभ्यर्थी ही पात्र पाए गए। इस तरह वर्तमान में 191 पद खाली होते हुए भी याचिकाकर्तायों को वेटिंग लिस्ट तक में शामिल नहीं किया गया। जबकि याचिकाकर्ता डिप्लोमाधारी होते हुए सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के पद नियुक्त होने के लिए पात्र हैं। याचिकाकर्ता द्वारा यह अंतरिम राहत चाही गई है कि याचिकार्ताओं को वेटिंग लिस्ट में शामिल किया जाए।



## आबकारी विभाग की बड़ी कार्यवाही

# पूर्व पशु चिकित्सालय में रखा एक हजार क्विंटल लहान को किया नष्ट

हरिभूमि जबलपुर।

मदिरा के अवैध निर्माण, विक्रय, संग्रहण एवं परिवहन पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत, जबलपुर कलेक्टर श्री राघवेन्द्र सिंह के निर्देशन में एवं सहायक आबकारी आयुक्त जबलपुर संजीव कुमार दुबे के मार्गदर्शन में वृत्त सिहोरा क्षेत्र में कार्रवाई की गई।

### थाना सिहोरा अंतर्गत दी दबिश

ग्राम धनगंवा में पुरानी पशु चिकित्सालय भवन में दबिश दी गई। भवन में ताला बंद होने पर पशु चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति में तलाशी ली गई, जिसमें 25 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं 70 प्लास्टिक डिब्बों में भरा लगभग 1050 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। महुआ लाहन के नमूने लेकर शेष सामग्री को मौके पर ही नष्ट किया गया।ग्राम बड़ाखेड़ा में आरोपी मूर्त ठाकुर के रिहायशी मकान से 40 पाव मसाला मदिरा एवं 39 पाव प्लेन मदिरा बरामद की गई।उक्त मामलों में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क एवं (च) के अंतर्गत कुल 05 प्रकरण दर्ज किए गए।कार्यवाही के दौरान वृत्त प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक आर.एस. मरावी, आबकारी मुख्य आरक्षक नेकलाल बागरी, आरक्षक सुरेंद्र जायसवाल, संतलाल मरावी, अशोक बघेल, ज्ञानेंद्र तिवारी एवं अमिता केसरवानी उपस्थित रहे।

### टीआई प्रतीक्षा मार्को क्राइम ब्रांच, नीलेश दोहरे बने बरगी थाना प्रभारी

जबलपुर। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने लाइन में पदस्थ निरीक्षक प्रतीक्षा मार्को को नई जिम्मेदारी सौंपते हुए क्राइम ब्रांच में पदस्थ किया है, जबकि पुलिस लाइन में ही तैनात निरीक्षक नीलेश दोहरे को बरगी थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी आदेश के अनुसार दोनों अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।



# मुख्य वाणिज्य प्रबंधक अरविंद रजक ने किया स्टेशन का औचक निरीक्षण

जबलपुर।

पश्चिम मध्य रेलवे के नवपदस्थ प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक अरविंद रजक द्वारा गत दिवस जबलपुर रेल मंडल के प्रमुख स्टेशन जबलपुर का प्रथम आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उनके साथ जबलपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान श्री रजक ने स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया, यात्री आवागमन मार्ग, पार्किंग व्यवस्था, टिकटिंग सुविधाओं के अंतर्गत आरक्षण एवं बुकिंग कार्यालयों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने यात्रियों को अधिकाधिक डिजिटल माध्यमों से टिकट बुकिंग एवं भुगतान के लिए प्रोत्साहित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ने स्टेशन पर कार्यरत रेल कर्मचारियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनके कार्य में आने वाली व्यावहारिक एवं तकनीकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना तथा उनके समाधान हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न यात्री सुविधाओं जैसे सहयोग काउंटर, यात्री प्रतीक्षालय, पार्किंग स्थल सहित अन्य यात्री सुविधा क्षेत्रों का भी अवलोकन किया।

### अवैध कॉलोनी पर नगर निगम की कार्रवाई

जबलपुर। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार संभाग क्रमांक 15 अंतर्गत मौजा महाराजपुर खसरा नं. 101 के बटांक भाग की भूमि पर विकसित अवैध कॉलोनी के विकास कार्यो को हटाया गया। अतिक्रमण दल एवं कॉलोनी सेल की संयुक्त टीम द्वारा उक्त कॉलोनी की सी.सी. रोड़ को स्थल से हटाया गया। कॉलोनी सेल के प्रभारी सुनील दुबे ने बताया कि शासन द्वारा अवैध कॉलोनियों पर सख्त कार्यवाही किये जाने के सख्त निर्देश हैं। उन्होंने बताया कि मौजा महाराजपुर खसरा नं. 101 के बटांक भाग पर श्रीमती उर्मिला कोरी, विनय मार्को एवं अन्य के द्वारा अवैध कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा था, जिसके संबंध में कॉलोनाईजर को नोटिस जारी किया गया था, परन्तु कॉलोनाईजर के द्वारा कॉलोनी विकास करने की कोई अनुमति, कॉलोनाईजर लाईसेंस, टी.एन.सी.पी. से अनुमति आदि कोई भी दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किये, जिस कारण विकास कार्यो को हटाने की कार्रवाई की गयी।

## जलपरी में बत्तखों का हो रहा मुक्त विचरण, सुंदरता और सुरक्षा बढ़ी

# जलपरी को और सुंदर बनाने की कोशिश

जबलपुर।

विद्युत कंपनियों के रामपुर परिसर स्थित 55 वर्ष पुरानी जलपरी झील में पर्यावरण संरक्षण और सौंदर्य बढ़ाने के लिए मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी द्वारा 12 बत्तखों को छोड़ा गया है। प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने सात नर और पांच मादा बत्तखों को झील में मुक्त विचरण के लिए छोड़ा।

बत्तखों की देखभाल के लिए कंपनी के सिविल परियोजना कार्यालय ने दो कर्मियों को नियुक्त किया है। ये कर्मी बत्तखों को सुबह पिंजरों से मुक्त करेंगे और शाम को सुरक्षित वापस लाएंगे। बत्तख झील में कीड़े, मछली और वनस्पति को भोजन के रूप में पाएंगे, साथ ही पिंजरों में गेहूं, धान, चावल और लाई का विशेष प्रबंध किया गया है।

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रयासों से गर्मी में अब



जलपरी सूखती नहीं है। सिविल परियोजना विभाग ने झील में जल स्तर बनाए रखने के लिए पुराने कुएं को दुरुस्त कर चार इंच के पाइप के जरिए अप्रैल से जून तक प्रतिदिन चार घंटे पानी सप्लाई की व्यवस्था की है। इससे प्रवासी पक्षी और मछलियां सुरक्षित रहती हैं।

जलपरी झील का जल ठाकुरताल के कैचमेंट से आता है। वर्ष 1960 में विद्युत मण्डल मुख्यालय के निर्माण के समय झील पर एक ब्रिज और जलपरी की मूर्ति स्थापित की गई थी। आसपास से बहते पानी और सड़क के डिजाइन से बरसात का पानी भी झील में जमा होता है। इस प्रकार जलपरी अब न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से सुरक्षित है, बल्कि जबलपुर के दर्शनीय स्थलों में और भी आकर्षक बन गई है।

# सात उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित

जबलपुर।

उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने अमानक उर्वरक का विक्रय करने पर जिले के छह उर्वरक विक्रेताओं के तथा शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक कीमत पर उर्वरक का विक्रय करने पर एक उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठान का लाइसेंस निलंबित कर दिये है।अमानक उर्वरक का विक्रय करने पर जिन प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित किये गये हैं, उनमें मेसर्स जयसवाल कृषि केन्द्र सुकरी, मेसर्स पटेल कृषि केन्द्र धनगवां मझौली, मेसर्स राहुल ट्रेडिंग कंपनी खितौला सिहोरा, मेसर्स दीपक कृषि केन्द्र तलाड मझौली, श्रीराम कृषि केन्द्र पोंडा मझौली एवं मेसर्स श्री नर्मदा डिस्ट्रीब्यूटर्स पाटन शामिल हैं। इसी प्रकार अधिक मूल्य पर उर्वरक विक्रय करने पर मेसर्स मैथली एग्रो ट्रेडर्स उमरिया पनागर का लायसेंस भी निलंबित कर दिया गया है।उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास डॉ एस के निगम ने बताया कि लायसेंस निलंबित करने के साथ ही इन सभी उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किये गये हैं और उन्हें सात दिन के भीतर जबाब देने के निर्देश दिये गये हैं। नोटिस का तय समयावधि में और संतोषजनक जबाब नहीं मिलने की स्थिति में लायसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।उप संचालक डॉ निगम के अनुसार इन उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों की कृषि अधिकारियों द्वारा जांच की गई थी तथा परीक्षण हेतु उर्वरक के नमूने लिये गये थे। विभिन्न प्रयोगशालाओं में कराए गये परीक्षण नमूने अमानक पाये गये थे। उन्होंने बताया कि लायसेंस निलंबन की अवधि में इन प्रतिष्ठानों से उर्वरक का विक्रय प्रतिबंधित रहेगा। डॉ निगम ने किसानों उर्वरक क्रय करने इन प्रतिष्ठानों का ई-टोकन बुक न करने का आग्रह किया है।

# स्वच्छ आबोहवा के लिए नगर निगम की अनूठी पहल

## स्कूलों और कॉलेजों में गूंजा 'शुद्ध वायु' का संकल्प

**जबलपुर**। नगर निगम द्वारा एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शहर के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों में हजारों छात्र-छात्राओं को पर्यावरण प्रहरी के रूप में तैयार किया जा रहा है। अभियान के दौरान अब तक हजारों विद्यार्थियों ने भागीदारी की है। निगम के अधिकारियों और पर्यावरण विशेषज्ञों ने छात्रों को वायु प्रदूषण के कारणों और उसे कम करने के व्यावहारिक तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को यह समझाना है कि छोटे-छोटे प्रयासों, जैसे - पौधारोपण, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग और कचरा न जलाने से - कैसे बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं। सेंट नॉर्बर्ट हायर सेकेंडरी स्कूल, भवरताल, नातन धर्म पब्लिक स्कूल, हथीताल, निर्मला हायर सेकेंडरी स्कूल, घमापुर, केंद्रीय विद्यालय, जी.सी.एफ. क्रमांक-1, केंद्रीय विद्यालय, जी.सी.एफ. क्रमांक-2, गुरु गोविंद सिंह खालसा स्कूल, ग्वारीघाट, पी.एम. श्री केंद्रीय विद्यालय 1 एस.टी.सी., सदर, वेस्ट सेंट्रल रेलवे स्कूल, पी.एफ. नंबर-6, पी.एम. श्री केंद्रीय विद्यालय, सी.ओ.डी., पी.एम. श्री केंद्रीय विद्यालय, सी.एम.एम. रिज रोड, एम.जी.एम. हायर सेकेंडरी स्कूल, हाथीताल, महर्षि



विद्या मंदिर, हाथीताल, सेंट एलॉयसियस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सदर, ए.पी.एन. स्कूल, सदर, मानकुवर महिला कॉलेज, नवयुग कॉलेज, महाकौशल कॉलेज, महाराष्ट्र कॉलेज, तेग बहादुर खालसा कॉलेज, ए.पी.एन. कॉलेज, नचिकेता कॉलेज, हितकारिणी कॉलेज आदि के हजारों विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। जागरूकता को रोचक बनाने के लिए निगम द्वारा वायु गुणवत्ता सुधार उपायों पर आधारित एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल और कॉलेज से 5 सबसे मेधावी बच्चों का चयन किया गया है जिन्होंने प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े तकनीकी और सामान्य सवालों के सटीक जवाब दिए। इन विजेता छात्रों को नगर निगम द्वारा विशेष रूप से पुरस्कृत किया जा रहा है, ताकि अन्य विद्यार्थी भी इससे प्रेरित हों।



### सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत एनएचएआई ने लगाया जागरूकता शिविर

जबलपुर। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक संपत्त उपाध्याय की मौजूदगी में बरगी के पास बहोरीपार टोलनाका परिसर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत एनएचएआई द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित की गई। इस दौरान एसडीएम श्री अभिषेक सिंह, तहसीलदार श्रीमती पूर्णिमा खंडायत, एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री अमृत साहू सहित पुलिस अधिकारी व बड़ी तादाद में क्षेत्रीय जन मौजूद थे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा एक महत्वपूर्ण विषय है जो दिनों-दिन हो रही दुर्घटनाओं के कारण ज्वलंत समस्या बन रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में जितने मृत्यु अन्य कारणों से नहीं होती, उतनी मृत्यु सड़क दुर्घटना से होती है। अतः फोर व्हीलर चलाते समय सीट बेल्ट तथा टूव्हीलर चलाते समय हेलमेट अनिवार्य रूप से लगायें। उन्होंने कहा कि यातायात सुरक्षा के साधनों का समुचित उपयोग करने व जागरूकता से जीवन की सुरक्षा होती है। सुरक्षा साधनों के उपयोग से सड़क दुर्घटना में मृत्यु की दर बहुत कम होती है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में मृत्यु के प्रकरण पर एनएचएआई रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि पीड़ितों के परिजन को यथासंभव सहायता राशि स्वीकृत की जा सके। पुलिस अधीक्षक श्री उपाध्याय ने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे हैं किंतु मृत्यु दर कम नहीं हो रही है पिछले साल यह आंकड़ा 630 था और प्रतिदिन सड़क दुर्घटना से 2 लोगों की मृत्यु हो जाती है। सड़क दुर्घटना रोकने के लिये लगातार जागरूकता शिविर कर रहे हैं। हेलमेट बांट रहे हैं, फिर भी क्या कारण है कि सड़क दुर्घटनाओं में सुधार नहीं हो पाता। उन्होंने एनएचएआई की अधिकारी से कहा कि जितने भी ब्लैक स्पॉट हैं, उन्हें सुधारें। वाहनों की संख्या बढ़ रही है और आगे भी बढ़ते रहेंगे, इसलिए इंटरचेंज प्लान करें। जिले में गांधीग्राम व गोसलपुर क्षेत्र में छोटे-बड़े ब्लैक स्पॉट है, ।

# प्रकरणों के त्वरित निराकरण को दी जाए सर्वोच्च प्राथमिकता : कलेक्टर



**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने जिले में संचालित संकल्प से समाधान अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अभियान के अंतर्गत प्राप्त प्रत्येक आवेदन का प्राथमिकता के आधार पर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान का मूल उद्देश्य केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ जिले के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना है, इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी सक्रियता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। कलेक्टर श्री सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में जिले की सभी तहसीलों एवं नगरीय निकायों के अधिकारियों से अभियान की स्थिति की जानकारी ली। बैठक में उन्होंने तहसील एवं नगरीय निकाय स्तर पर प्राप्त कुल आवेदनों, निराकृत प्रकरणों और लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए राज कुमार बैरागी सम्मानित



**बरेला।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय महत्व के कार्य मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण SIR कार्य को शासन के निर्धारित मापदंडों के अनुसार समय से पहले पूर्ण करने पर BLO सुपरवाइजर राज कुमार बैरागी शिक्षक शासकीय माध्यमिक शाला महगवां को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के उपलक्ष्य मे सम्मानित किये जाने पर शाला परिवार के शिक्षकों जयप्रकाश धुर्वे, अनुराधा पाटवेकर, उमाशंकर प्रजापति, ममता पटेल (आ. का.) एवं ग्राम प्रधान आलोक दुबे ने शुभकामनाएँ देते हुए बताया कि इसके पूर्व भी श्री बैरागी को शैक्षिक उद्देश्यों की प्राप्ति हेतुआचार्य सम्मान एवं भारत की जनगणना 2001एवं 2011 के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

# धनगंवा व बड़खेड़ा में आबकारी विभाग ने की कार्रवाई



**सिहोरा।** मदिरा के अवैध निर्माण,विक्रय,संग्रहण एवं परिवहन पर अंकुश लगाये जाने हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत एवं जबलपुर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशन में सहायक आबकारी आयुक्त संजीव कुमार दुबे के मार्गदर्शन में वृत्त थाना सिहोरा के अंतर्गत (1) ग्राम धनगंवा में पुरानी पशु चिकित्सालय के भवन में दबिश दी गई जहां पर ताला बंद होने पर पशुचिकित्सा विभाग के कर्मचारियों को बुलाकर तलाशी लेने पर कुल 25 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं 70 प्लास्टिक डिब्बो में भरे हुए लगभग 1050 के जी महुआ लाहन बरामद कर सेम्पल लेकर मौके पर नष्ट किया गया एवं (2) ग्राम बड़खेड़ा में आरोपी मूर्त ठाकुर के रिहायशी मकान से 40 पाव मसाला एवं 39 पाव प्लेन मदिरा बरामद की गई। आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क,(च )के तहत कुल 05 प्रकरण दर्ज किए गये। कार्यवाही के दौरान वृत प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक आर.एस.मरावी ,आबकारी मुख्य आरक्षक नेकलाल बागरी सुरेंद्र जायसवाल,संत लाल मरावी ,अशोक बघेल,ज्ञानेंद्र तिवारी एंव अमिता केसरवानी उपस्थित रहीं।

# कैमिकल्स विद्यार्थियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम संपन्न



**मझौली।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद (योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, मध्य प्रदेश शासन) के अंतर्गत CMCLDP विद्यार्थियों के लिए विकासखंड मझौली में दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ कार्यक्रम का आयोजन जिला समन्वयक श्री घनश्याम रायपुरिया जी एवं विकासखंड समन्वयक श्रीमती नूपुर खरे जी के निर्देशन में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम नवरचना समाजसेवी संस्थान एवं नवांकुर संस्था आदिवासी जन कल्याण एवं बाल उत्थान समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ प्रशिक्षण के दौरान नवरचना संस्थान के श्री संतोष जी द्वारा विद्यार्थियों को गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) प्रबंधन की जानकारी दी गई। वहीं अकाउंटेंट श्री कृष्णा बर्मन द्वारा दस्तावेजीकरण एवं लेखा प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके साथ ही श्रीमती विनीता आदिवासी द्वारा एनजीओ संचालन, क्षेत्र भ्रमण एवं सर्वेक्षण कार्य का व्यावहारिक प्रशिक्षण कराया गया कार्यक्रम में विकासखंड मझौली के समस्त परामर्शदाता, प्रशिक्षक एवं CMCLDP विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को सामाजिक विकास से जुड़े कार्यों में दक्ष बनाना एवं उनकी कार्यक्षमता का विकास करना रहा।

# शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे से किसानों का रास्ता बंद, कलेक्टर से की शिकायत

**सिहोरा।**



ग्राम गोसालपुर तहसील सिहोरा स्थित पवार हाउस बायपास के पास शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। इस अवैध कब्जे के कारण क्षेत्र के करीब 10 से 12 किसानों का आवागमन मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया है। पीड़ित किसानों ने मामले को गंभीर बताते हुए जिला कलेक्टर जबलपुर को लिखित शिकायत सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है किसानों का आरोप है कि रामसागर तालाब की जल-निकासी के लिए आरक्षित शासकीय भूमि, जो वर्षों से पानी निकासी व किसानों के आने-जाने का रास्ता रही है, उस पर रामस्वरूप चौधरी एवं शशि भूषण दुबे द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। इससे न केवल तालाब की निकासी प्रभावित हो रही है, बल्कि किसानों के खेतों तक पहुंचने का एकमात्र मार्ग भी बंद हो गया है। पीड़ितों ने बताया कि मामले की जानकारी पहले ही तहसीलदार एवं एसडीएम सिहोरा को दी जा चुकी है। भूमि की नाप-जोख के लिए पटवारी मौके पर पहुंचे थे, लेकिन किसानों का आरोप है कि पूर्व की गई नाप से भिन्न स्थान पर दोबारा नाप की जा रही है, जिससे संदेह की स्थिति बनी हुई है। वहीं कब्जाधारी जमीन को अपनी निजी भूमि बताते हुए रास्ता देने से साफ इंकार कर रहे हैं किसानों ने मांग की है कि किसी वरिष्ठ राजस्व अधिकारी की उपस्थिति में पुनः निष्पक्ष नाप-जोख कराई जाए तथा शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाकर किसानों को उनका वैध मार्ग दिलाया जाए। पीड़ित किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# मुक्तिधाम में साफ़ सफाई के साथ हुई कुर्सियों की भी व्यवस्था



**सिहोरा।** जनपद पंचायत मझौली की ग्राम पंचायत दर्शनी के सरपंच सुमित राय ने मुक्तिधाम में पंचायत वासियों के सहयोग से साफ सफाई का कार्य प्रारंभ करने के साथ बुजुर्गों को बैठने के लिए कुर्सियों की भी व्यवस्था कराई है। जिसमें अब किसी के अंतिम संस्कार में परेशानी नहीं होगी और लोगों को बहुत देर प्रक्रिया के इंतजार में खड़ा भी नहीं रहना पड़ेगा। जनसहयोग करने वालों में संतोष चौरसिया,संदीप जैन, प्रशांत शर्मा,अनिल बर्मन,विजय यादव,मनीष नामदेव,मनीष सोनी,आनंद तिवारी सहित अनेक लोग शामिल थे।

# अंतरक्षेत्रीय विद्युत महिला क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू



**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में अंतरक्षेत्रीय विद्युत महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ रामपुर स्थित पाण्डुताल मैदान में हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन व प्रशासन) एवं परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने किया। दो दिवसीय प्रतियोगिता में केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर, जबलपुर क्षेत्र, इंदौर क्षेत्र एवं श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह (खंडवा) की टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन दिवस पर केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर एवं इंदौर ने अपने-अपने दोनों मुकाबले जीतकर लीग में मजबूत स्थिति बना ली। केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर ने जबलपुर क्षेत्र को 8 विकेट से तथा श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह को 9 विकेट से पराजित किया। वहीं इंदौर ने श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह को 8 विकेट से और जबलपुर क्षेत्र को 9 विकेट से हराया। मैचों में मनीषा झारिया, नीता पटेल, नीरू, रिंकी और निकिता का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। 30 जनवरी को सुबह लीग मैच खेले जाएंगे तथा दोपहर 2.30 बजे शीर्ष दो टीमों के बीच फाइनल मुकाबला आयोजित होगा।

# सामाजिक सरोकारों में सौहार्दपूर्ण योगदान हमारा दायित्व



**जबलपुर।** भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के आयुध निर्माणी संगठन (जीआईएफ) से सेवानिवृत्त अधिकारियों की नियमित मासिक बैठक सौहार्दपूर्ण एवं आत्मीय वातावरण में आयोजित की गई। बैठक में गणतंत्र दिवस, संगठन की गतिविधियों, पेंशन से जुड़े विषयों, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा आपसी सहयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रमोद दुबे, ओ.पी. सिंह, एस.के. सरकार, पी.ए. झा, गुरमुखदास तलरेजा एवं अनिल शुक्ला ने अपने अनुभव साझा करते हुए संगठन को और अधिक सक्रिय व सशक्त बनाने के सुझाव दिए। सभी सदस्यों ने एकजुटता बनाए रखने और सामाजिक सरोकारों में सकारात्मक योगदान देने पर जोर दिया। इस अवसर पर जीआईएफ के पूर्व राजभाषा निदेशक प्रमोद दुबे का जन्मदिन भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ओ.पी. सिंह, सपन सरकार, प्रण नाथ झा, गुरमुखदास तलरेजा एवं अनिल शुक्ला ने माला एवं उपहार भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा उनके दीर्घायु व उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। जन्मदिन समारोह से बैठक में उल्लास और अपनत्व का माहौल बना रहा। बैठक के सफल आयोजन में गुरमुखदास तलरेजा एवं अनिल शुक्ला की विशेष भूमिका रही।

# रामपाल कुशवाहा आज होंगे सेवानिवृत्त



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभयिंता प्रोक्योरमेंट कार्यालय में भृत्य के पद पर कार्यरत रामपाल कुशवाहा 40 वर्षों की सेवा के उपरांत आज 30 जनवरी को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

# महाराजपुर बस्ती में हिंदू सम्मेलन से सनातन चेतना का हुआ जागरण

**पनागर।**



महाराजपुर बस्ती में सनातन संस्कृति और हिंदू एकता के सशक्त संदेश के साथ विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य मार्गदर्शन ब्रह्मानंद जी महाराज द्वारा दिया गया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता सुरेश सोनी जी तथा मातृशक्ति वक्ता रेणुका मेहरा के प्रेरणादायी उद्बोधन ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत नगर में वाहन रैली निकालकर जन-जागरण किया गया। इसके पश्चात श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण कलश यात्रा, हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ, तथा भारत माता की आरती का आयोजन हुआ, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं को राम खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर अनिल गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, पंकज शिवात्रि, विनायक मिश्रा, राजू सेन, दीपक बाजपेयी, आनंद साहू, बिज्जू ठाकुर, भगवान सिंह ठाकुर, संतोष भार्गव, धर्मेश चतुर्वेदी, नरेंद्र ठाकुर, अनिल सिंह, श्रीकांत जी, ओम सिंह, सुभाष तोमर, अजय मिश्रा, भूपेंद्र दुबे, संदीप शर्मा, चिंटू पटेल, मनीष तिवारी, अजय मिश्रा, डॉ. एम.के. मेहरा, संजय रजक, राजेंद्र सिंह, अनुराग डेंगरे सहित बड़ी संख्या में सनातन धर्म प्रेमी उपस्थित रहे। सम्मेलन ने समाज में संस्कार, एकता और राष्ट्रप्रेम की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया। आयोजन की सफलता पर आयोजकों एवं सभी सहयोगियों की सराहना की जा रही है।

# निकासी व्यवस्था ध्वस्त, गांव की बस्ती में भरा गंदा पानी



**पनागर।** ग्राम डूंगरिया में निकासी व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो जाने से गांव की बस्ती गंदे पानी से भर गई है। घरों के सामने दूषित पानी जमा होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और लोग मजबूरी में उसी पानी से होकर आने-जाने को विवश हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद ग्राम पंचायत और संबंधित विभागों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। गंदे पानी से बदबू, मच्छरों का प्रकोप और बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। स्वच्छता के नाम पर हर वर्ष बजट जारी होने के बावजूद जमीनी स्तर पर हालात बदतर बने हुए हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द निकासी व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। बरसात में स्थिति और गंभीर होने की आशंका जताई जा रही है।

# जोन स्तरीय विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ समापन



**जबलपुर।** शिक्षित भारत–विकसित भारत, नारी सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, बाल श्रम उन्मूलन और वृद्ध माता-पिता की सेवा जैसे सामाजिक संदेशों के साथ जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) जबलपुर में आयोजित दो दिवसीय जोन (संभाग) स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का 29 जनवरी 2026 को समापन हुआ।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व प्राथमिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य डॉ. राम मोहन तिवारी रहे। उन्होंने जोन स्तर तक चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और "स्वयं करके सीखने" की प्रवृत्ति को बढ़ावा देते हैं। डाइट प्राचार्य अजय दुबे ने बताया कि संभाग के आठ जिलों से चयनित 169 विद्यार्थी एवं 32 मार्गदर्शी शिक्षकों ने प्रदर्शनी में सहभागिता की। विद्यार्थियों ने विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान विषयों पर आधारित मॉडल, लघु नाटिकाएं, एकल गीत एवं सेमिनार प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में आत्मनिर्भर भारत, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, नारी सशक्तिकरण, भारतीय लोकतंत्र, गणितीय अवधारणाएं, आधुनिक कृषि एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े विषयों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी, डाइट स्टाफ, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



**श्रीमती पार्वती**- शंकरशाह वार्ड रामपुर निवासी श्री दीनानाथ की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विशाल इमलहा**- सुअर कोल महगवां डुमना रोड निवासी श्री बंसल इमलहा के पुत्र श्री विशाल इमलहा (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुमंता बाई ठाकुर**- आदर्श नगर गौरीघाट निवासी श्री मनोहर लाल ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती सुमंता बाई ठाकुर (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामदुलारी यादव**- कांचघर नई बस्ती निवासी श्री राम अवतार यादव की धर्मपत्नी श्रीमती रामदुलारी यादव (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नवीन कुमार राजपूत**- शुक्ला कम्पाउंड सदर निवासी श्री नवीन कुमार राजपूत (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री साहिल प्रजापति**- बंबा देवी शीतलामाई निवासी श्री गोविंद प्रजापति के पुत्र श्री साहिल प्रजापति (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री ज्ञान सिंह परिहार**- सेठी नगर निवासी श्री ज्ञान सिंह परिहार (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती यशोदा पेशवानी**- न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री शिवमदास पेशवानी की धर्मपत्नी श्रीमती यशोदा पेशवानी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संतोष कुमार वर्मा**- शक्तिनगर बदनपुर निवासी श्री संतोष कुमार वर्मा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गनेशी चौधरी**- कांचघर नई बस्ती निवासी श्री हीरा लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती गनेशी चौधरी (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राहुल अरोरा**- जयनगर यादव कॉलोनी निवासी श्री केएल अरोरा के पुत्र श्री राहुल अरोरा (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शंभू**- सिद्धबाबा वार्ड लालमाटी निवासी श्री शंभू (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**कु. सुष्मिता खेस**- चैतन्य सिटी तिलहरी निवासी श्री सकतराम खेस की पुत्री कु. सुष्मिता खेस (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अरूणा नाहर**- स्टार ग्रीन सिटी हिनोतिया निवासी श्री मुकेश नाहर की धर्मपत्नी श्रीमती अरूणा नाहर (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री श्याम बिहारी**- भारत कॉलोनी मड़ई व्हीकल निवासी श्री श्माम बिहारी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती बीना सोनी**- संस्कार कॉलोनी रामनगर अधारताल निवासी श्री गिरिराज सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती बीना सोनी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति क्वालम से.मी.
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362100

## खबर संक्षेप

### रुपए तीन पैसे सुधरकर 91.96 प्रति डॉलर पर बंद



**मुंबई।** विदेशी कोषों की बिकवाली और वैश्विक बाजारों में जोखिम लेने की धारणा कमजोर होने के बीच, अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 91.96 पर अपने अब तक के सबसे निचले स्तर के करीब बंद हुआ। और निम्नतम स्तर के आसपास जा पहुंचा है।

### ईरान की मुद्रा रियाल रिकॉर्ड निचले स्तर तक लुढ़की



**दुबई।** आंतरिक अशांति से जूझ रहे ईरान की मुद्रा रियाल फिसलकर 16 लाख रियाल प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई। स्थानीय मुद्रा कारोबारियों ने यह जानकारी दी। इसके एक दिन पहले ही रियाल पहली बार 15 लाख प्रति डॉलर के स्तर तक फिसला था। जब ईरान में आर्थिक संकट को लेकर शुरू हुए देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों को एक महीना पूरा हो चुका है।

### आरईसी का लाभ मामूली घटकर 4,052.44 करोड़



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी आरईसी लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में एकीकृत शुद्ध लाभ 0.58 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 4,052.44 करोड़ रुपये रहा। मुनाफे में इस कमी का मुख्य कारण खर्चों में हुई बढ़ोतरी है।

### अदाणी पावर के लाभ में 15 प्रतिशत की गिरावट



**नई दिल्ली।** अदाणी पावर का 2025-26 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में एकीकृत शुद्ध लाभ 15 प्रतिशत से अधिक गिरकर 2,488 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने मुनाफे में इस कमी का मुख्य कारण पिछली अवधि की एकमुश्त आय का कम होना बताया है। वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 2,488 करोड़ रुपये रहा।

### एलएंडटी का लाभ घटकर 3,215 करोड़ रुपए पर



**नई दिल्ली।** ढांचागत क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) का वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 4.2 प्रतिशत गिरकर 3,215 करोड़ रुपये रह गया। 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 3,359 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी के परिचालन आय बढ़कर 71,450 करोड़ रुपये हो गई।

### आईटीसी के लाभ में मामूली बढ़ोतरी



**नई दिल्ली।** विविध क्षेत्रों में कारोबार प्रमुख कंपनी आईटीसी लिमिटेड का दिसंबर 2025 को समाप्त तीसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ मामूली रूप से बढ़कर 5,018 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बताया कि पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उसने 5,013 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। तीसरी तिमाही के दौरान कंपनी का परिचालन राजस्व बढ़कर 21,707 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 20,350 करोड़ रुपये था।

# एटीएम से निकासी 2025 में घटी, प्रति लेनदेन की राशि बढ़ी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश में एटीएम से नकद निकासी में 2025 के दौरान गिरावट देखी गई जबकि प्रति लेनदेन की औसत राशि बढ़ी है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

- देश के भीतर उपभोक्ता खर्च के लिए नकद का इस्तेमाल अब भी बढ़ रहा

वित्तीय संस्थानों को लॉजिस्टिक समर्थन और एटीएम संचालन से जुड़ी सेवाएं देने वाली कंपनी सीएमएस इन्फो सिस्टम्स की रिपोर्ट 'भारत में उपभोग रुझान 2025' कहती है कि देश के भीतर उपभोक्ता खर्च के लिए नकद का इस्तेमाल अब भी बड़े पैमाने पर हो रहा है।

## सीएमएस इन्फो सिस्टम्स ने 'भारत में उपभोग रुझान पर जारी की रिपोर्ट

### जीएसटी सुधार के बाद खर्च के रुझान में आया बदलाव

कंपनी ने दुकानदारों से संबंधित नकदी प्रबंधन आंकड़ों के आधार पर उपभोक्ता खर्च के रुझान भी साझा किए। सितंबर महीने में जीएसटी सुधारों के बाद खर्च के रुझान में बदलाव देखे गए। बीमा क्षेत्र पर 2025 में उपभोक्ता व्यय 25 प्रतिशत रहा जो सरकार की पहल से 32 प्रतिशत बढ़ा।



### एटीएम से मासिक निकासी 1.21 करोड़ रुपए रही

रिपोर्ट के मुताबिक, देशभर में एटीएम से मासिक औसत नकद निकासी 2025 में 1.21 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 1.30 करोड़ रुपये था। एटीएम से प्रति लेनदेन की औसत राशि 4.5 प्रतिशत बढ़कर 2025 में 5,835 रुपये हो गई, जबकि 2024 में यह 5,586 रुपये थी।

***ग्रामीण क्षेत्रों में नकद निकासी की प्रवृत्ति अधिक रही***

*सीएमएस ने एक बयान में कहा कि कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में नकद निकासी की प्रवृत्ति अधिक रही, जहां प्रति एटीएम मासिक औसत निकासी 1.30 करोड़ रुपये रही जबकि महानगरों एवं शहरी क्षेत्रों में यह क्रमशः 1.18 करोड़ एवं 1.11 करोड़ रुपये थी। रिपोर्ट के मुताबिक, मौसम, त्योहार और आवाजाही की सुविधा जैसे कारक भी मासिक एटीएम नकद वितरण पर असर डालते हैं।*

### शिक्षा, आतिथ्य व मनोरंजन में खर्च घटा है

वहीं, शिक्षा, आतिथ्य और मीडिया एवं मनोरंजन में खर्च क्रमशः सात, नौ और 15 प्रतिशत घटा। सीएमएस के मुख्य व्यवसाय अधिकारी अनुष राघवन ने कहा, /"वर्ष 2025 के दौरान जीएसटी सुधार और अन्य वृहद-आर्थिक दबावों के बीच भारतीय उपभोक्ता ने खर्च में कटौती नहीं की, बल्कि अपनी प्राथमिकताओं को संतुलित किया।/"

### उपभोक्ता अधिक सोच समझकर खर्च कर रहा

राघवन ने कहा कि उपभोक्ता अब अधिक सोच-समझकर खर्च कर रहे हैं और अस्थायी विलासिता से मूल्य, सुरक्षा और उपयोगिता की तरफ रुख कर रहे हैं। यह प्रवृत्ति संगठित खुदरा और उपभोक्ता उत्पादों के क्षेत्र में मजबूत वृद्धि के रूप में नजर आई।

## विश्व स्वर्ण परिषद ने वर्ष 2025 के लिए जारी की रिपोर्ट

# कीमतों में आए रिकॉर्ड उछाल से 2025 में भारत में सोने की मांग 11 प्रतिशत घटी

एजेंसी ▸▸ मुंबई

कीमतों के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने और उपभोक्ताओं के खरीद व्यवहार में बदलाव के कारण वर्ष 2025 में भारत की सोने की मांग में 11 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

डब्ल्यूजीसी की '2025 की स्वर्ण मांग के रुझान' रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सोने की कुल मांग 2025 में गिरकर 710.9 टन रह गई, जो 2024 में 802.8 टन थी। परिषद का अनुमान है कि 2026 में देश में सोने की मांग 600 से 700 टन के बीच रह सकती है।



### 2025 में सोने ने 60 फीसदी रिटर्न दिया

जैन ने कहा, /"शादियों के सीजन के बावजूद ऊंची कीमतों और महंगाई के कारण आभूषणों की बिक्री में 23 प्रतिशत की कमी आई। 2025 में सोने ने 60 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया और 53 बार सर्वकालिक उच्च स्तर को छुआ।/"इसके विपरीत, निवेश के रूप में सोने की मांग बढ़ी है। चौथी तिमाही में निवेश मांग 26 प्रतिशत बढ़कर 96 टन रही, जबकि इसका मूल्य 108 प्रतिशत उछलकर 1,20,700 करोड़ रुपये हो गया।

- उपभोक्ताओं के खरीद व्यवहार में बदलाव के कारण गिरावट दर्ज
- भारत में सोने की मांग गिरकर कुल 710 .9 टन रह गई
- वर्ष 2024 में भारत में सोने की मांग 802,8 टन थी

### सोने की वैश्विक मांग 5,000 टन से अधिक हुई

वैश्विक स्तर पर सोने की मांग 2025 में 5,000 टन से अधिक होकर एक नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। डब्ल्यूजीसी की '2025 की स्वर्ण मांग के रुझान' रिपोर्ट के अनुसार, कुल सोने की मांग 2025 में 5,002 टन के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई, जो पिछले वर्ष 4,961.9 टन थी।

### अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में मांग दो फीसदी बढ़ी

रिपोर्ट में कहा गया कि यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से निवेश मांग में तेज उछाल के कारण हुई, जो 2025 में बढ़कर 2,175.3 टन हो गई जबकि यह 2024 में 1,185.4 टन थी। चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उपभोक्ता मांग दो प्रतिशत बढ़कर 1,345.3 टन हो गई जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,318.5 टन थी।

### सोने की मांग 7,51,490 करोड़ रुपए तक पहुंची

हालांकि, कीमतों में भारी उछाल के कारण मूल्य के संदर्भ में सोने की मांग 30 प्रतिशत बढ़कर 7,51,490 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जबकि पिछले वर्ष यह 5,75,930 करोड़ रुपये थी।

### ऊंची कीमतों के कारण उपभोक्ताओं के व्यवहार में बदलाव


डब्ल्यूजीसी के क्षेत्रीय मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ - भारत) सचिन जैन ने बताया, वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में सोने की मांग पर ऊंची कीमतों और उपभोक्ताओं के बदलते व्यवहार का असर स्पष्ट दिखा। मात्रा के आधार पर इस तिमाही में मांग नौ प्रतिशत गिरकर 241.3 टन रही, लेकिन मूल्य के आधार पर यह 49 प्रतिशत बढ़कर करीब 3,03,470 करोड़ रुपये हो गई।"

***आभूषणों की मांग 24 फीसदी घटकर 430 टन रही***

*वर्ष 2025 के दौरान आभूषणों की कुल मांग 24 प्रतिशत घटकर 430.5 टन रही, जो 2024 में 563.4 टन थी। हालांकि, मूल्य के लिहाज से यह 12 प्रतिशत बढ़कर 4,54,390 करोड़ रुपये रही।*

# आशावादी आर्थिक समीक्षा से बाजार ने तेजी पकड़ी

- सेंसेक्स 222 और निफ्टी 76 अंक मजबूत
- टाटा स्टील और एलएंडटी में जबरदस्त तेजी रही



एजेंसी ▸▸ मुंबई

टाटा स्टील एवं लार्सन एंड टुब्रो में जबरदस्त खरीदारी और आर्थिक समीक्षा 2025-26 में अगले वित्त वर्ष के लिए 6.8-7.2 प्रतिशत का वृद्धि अनुमान जताए जाने से बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 222 अंक की बढ़त रही जबकि निफ्टी 76 अंक बढ़ा। बीएसई सूचकांक सेंसेक्स दोपहर के सत्र में बढ़ी लिवाली के दम पर 221.69 अंक बढ़त के साथ 82,566.37 अंक पर बंद हुआ। हालांकि, सुबह के कारोबार में यह 636.74 अंक टूटकर 81,707.94 अंक तक गिर गया था। वहीं निफ्टी 76.15 अंक चढ़कर 25,418.90 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक तेजी और विदेशी कोषों के निवेश में बढ़ोतरी ने प्रमुख सूचकांकों को निचले स्तर से उबारने में मदद की। सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा स्टील ने सबसे अधिक 4.41 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की।

### मारुति में रही गिरावट

*दूसरी तरफ, एशियन पेंट्स, इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो), मारुति और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। संसद में पेश वित्त वर्ष 2025-26 की आर्थिक समीक्षा में सुधारों के एकीकृत प्रभाव के कारण अर्थव्यवस्था के अगले वित्त वर्ष में 6.8-7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान जताया गया है।*

# बजट में 16वें वित्त आयोग की सिफारिशें की जाएंगी शामिल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



आगामी बजट में 16वें वित्त आयोग की सिफारिशें शामिल होंगी जिसने पहले ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। संविधान के तहत गठित वित्त आयोग केंद्र और राज्यों के बीच करों के बंटवारे का सूत्र प्रदान करता है।

- आयोग ने सिफारिशें राष्ट्रपति को सौंप दी
- आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई

केंद्र द्वारा लगाए गए उपकर और अधिभार विभाज्य निधि का हिस्सा नहीं हैं। वित्त आयोग एक संवैधानिक निकाय है जो केंद्र-राज्य वित्तीय संबंधों पर सुझाव देता है और समय-समय पर गठित किया जाता है। नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में 16वें वित्त आयोग का गठन 31 दिसंबर 2023 को किया गया था। पनगढ़िया के नेतृत्व में वित्त आयोग के सदस्यों सेवानिवृत्त नौकरशाह एनी जॉर्ज मैथ्यू, अर्थशास्त्री मनोज पांडा, एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्या कांति घोष और आरबीआई के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर और आयोग के सचिव ऋत्विक पांडे ने 17 नवंबर 2025 को मुर्मु को अपनी रिपोर्ट सौंपी। आयोग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को भी रिपोर्ट की एक प्रति सौंपी। केंद्र सरकार हमेशा आयोग की सिफारिशों को स्वीकार करती रही है। संबंधित शर्तों (टीओआर) के अनुसार, 16वें आयोग को एक अप्रैल 2026 से शुरू होने वाली पांच साल की अवधि को शामिल करते हुए अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया था।

इसमें केंद्र और राज्यों के बीच करों की शुद्ध आय के वितरण के साथ-साथ राज्यों के बीच ऐसी आय के संबंधित हिस्सों के आवंटन, राज्यों को अनुदान सहायता, आपदा प्रबंधन पहलों के वित्तपोषण पर व्यवस्थाओं की समीक्षा आदि पर सिफारिशें शामिल हैं।

### आरबीआई एक लाख करोड़ की सरकारी प्रतिभूतियां खरीदेगी

एजेंसी ▸▸ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि वह बैंकों में नकदी डालने के लिए एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां खरीदेगा और 10 अरब डॉलर की डॉलर-रुपया अदला-बदली नीलामी आयोजित करेगा। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि वह 29 जनवरी और पांच फरवरी को दो किस्तों (प्रत्येक 50,000 करोड़ रुपये) में कुल 1,00,000 करोड़ रुपये की केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों की ओएमओ (खुले बाजार का परिचालन) खरीद नीलामी आयोजित करेगा। इससे पहले, केंद्रीय बैंक ने घोषणा की थी कि वे नीलामी पांच फरवरी और 12 फरवरी को आयोजित की जाएगी। एक दूसरे बयान में केंद्रीय बैंक ने कहा कि वह चार फरवरी को तीन साल की अवधि के लिए 10 अरब डॉलर की ''अमेरिकी डॉलर-रुपया खरीद/बिक्री'' स्वैप नीलामी आयोजित करेगा। यह स्वैप रिजर्व बैंक की ओर से एक साधारण विदेशी मुद्रा खरीद/बिक्री के रूप में होगा।

### ईरान में अशांति का भारतीय कंपनियों पर खास असर नहीं

**मुंबई।** घरेलू क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने कहा कि ईरान में अशांति का भारतीय कंपनियों पर अब तक कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि हालांकि तनाव जारी रहने या बढ़ने पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने की स्थिति में तेल रिफाइनिंग, विमानन और कच्चे तेल से जुड़े क्षेत्रों जैसे विशेष रसायन, पेंट, पेट्रोकेमिकल्स और सिंथेटिक वस्त्र उद्योग पर असर पड़ सकता है। क्रिसिल ने कहा, /"ईरान में जारी अशांति का अब तक भारत के वैश्विक व्यापार या घरेलू कंपनियों की वित्तीय स्थिति पर कोई खास असर नहीं पड़ा है।/" रेटिंग एजेंसी के मुताबिक, ईरान की वैश्विक कच्चे तेल की आपूर्ति में चार प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है।


**स्वामी प्रज्ञानंद शिक्षा महाविद्यालय, कुल्हुआ, कटंगी- जबलपुर**
बी.ए.बी.एड. / बी.एड. हेतु एन.सी.टी.ई. के नियमानुसार
**आवश्यकता**

महाविद्यालय में बी.एड. / बी.ए.बी.एड. पाठ्यक्रम में परिनियम कॉलेज कोड-28 के तहत् प्राचार्य एवं सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति के लिये आवेदक अपनी शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी समस्त प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं दो छायाचित्रों के साथ महाविद्यालय के कार्यालय में जमा करें।

| सं.क्र. | पद विवरण | संख्या | शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव |
|---|---|---|---|
| 01 | प्राचार्य | 01 | एम.एड. एवं स्नातकोत्तर परीक्षा 55% के साथ पी.एच.डी. शिक्षा संकाय या संबंधित विषय में नेट स्लेट परीक्षा उत्तीर्ण / अन्य संकाय अनुभव 10 वर्ष। |
| 02 | शिक्षा के परिपेक्ष्य में या आधारित पाठ्यक्रम मनोविज्ञान<br>समाजशास्त्र | 01<br>01 | संबंधित विषय में 55% अंको के साथ PG एवं 55% अंको के साथ M.Ed./पी.एच.डी. शिक्षा. संकाय या संबंधित विषय में नेट स्लेट परीक्षा उत्तीर्ण अनुभवी को वरीयता |
| 03 | शिक्षण विषय-<br>गणित<br>भौतिकी<br>रसायन शास्त्र<br>हिन्दी<br>अंग्रेजी<br>इतिहास<br>अर्थशास्त्र<br>राजनीति शास्त्र | <br>01<br>01<br>01<br>01<br>01<br>01<br>01<br>01 | संबंधित विषय में 55% अंको के साथ PG एवं 55% अंको के साथ M.Ed./ पी.एच.डी. शिक्षा संकाय या संबंधित विषय में नेट स्लेट परीक्षा उत्तीर्ण अनुभवी को वरीयता । |
| 04 | स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा | 01 | 55% अंको के साथ M.P.Ed. |
| 05 | निष्पादन कला (संगीत,नृत्य,रंगमंच) | 01 | 55% अंको के साथ PG (संगीत, नृत्य, रंगमंच) |

नोट :-उपरोक्त पद के लिये चयन (UGC/NCTE) के नियमों के आधार पर किया जायेगा। चयन प्रक्रिया में आरक्षण एवं म.प्र. शासन के नियमों का पालन अनिवार्य रूप से किया जायेगा। आवेदक अपना आवेदन पत्र महाविद्यालय के पते पर विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर स्वयं डाक द्वारा कार्यालयीन समय में उक्त योग्यताओं के प्रमाणीकरण हेतु सत्यापित दस्तावेजों के साथ जमा करें। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय की ई.मेल. आई. डी. पर भी भेज सकते है।

ई.मेल.आई.डी. www.spsmkatangi@gmail.com
मो.नं. +91-7428952136, +91-9893912312

स्वामी प्रज्ञानंद शिक्षा महाविद्यालय
प्रज्ञाधाम, पो. ऑफिस कटंगी
तहसील - मझौली, जिला- जबलपुर



**कार्यालय, नगर पालिका परिषद् कोतमा, जिला - अनूपपुर (म. प्र.)**
Office: Municipal Council Kotma Dt-Anuupur(M.P.) Email-cmokotma@mpurban.gov.in Phone- (07658)233260

क्रमांक. 555/ न.प./ला.नि./नि.सू./20256-26 — **//निविदा सूचना//** — कोतमा, दिनांक 29/01/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑन लाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 2026_UAD_478259_1 Date - 27.01.2026 | वार्ड क्र. 09 इसराईल मंसूरी से देवकी यादव के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य । | 04 माह 214777.00 | 2000.00 2150.00 | 17.02.2026 |
| 02 | 2026_UAD_478260_1 Date - 27.01.2026 | वार्ड क्र. 05 प्रशांत जैन से जगजीत सिंह के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य । | 04 माह 206194.00 | 2000.00 2070.00 | 17.02.2026 |
| 03 | 2026_UAD_478244_1 Date - 27.01.2026 | वार्ड क्र. 04 जगदीश सोनी से एम. पी.ई.बी. रोड तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य । | 04 माह 569282.00 | 2000.00 5700.00 | 17.02.2026 |
| 04 | 2026_UAD_478136_1 Date - 27.01.2026 | वार्ड क्र. 14 सिफू के घर से ईदगाह पहुंच मार्ग तक सी. सी. सड़क निर्माण कार्य । | 04 माह 550875.00 | 2000.00 5510.00 | 17.02.2026 |
| 05 | 2026_UAD_478143_1 Date - 27.01.2026 | वार्ड क्र. 14 मस्जिद चौराहा से रवि सिंह के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य । | 04 माह 763980.00 | 2000.00 7640.00 | 17.02.2026 |
| 06 | 2026_UAD_478144_1 Date - 27.01.2026 | वार्ड क्र. 08 डॉ. वर्मा से सुरेन्द्र मिश्रा के घर तक आर. सी. सी. नाली निर्माण कार्य । | 04 माह 767526.00 | 2000.00 7680.00 | 17.02.2026 |

नोट:-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा,पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् कोतमा
जिला अनूपपुर (म.प्र.)



**कार्यालय वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त सिवनी (म.प्र.)**
(उत्कृष्ट विद्यालय के सामने भैरोगंज सिवनी (म.प्र.)
TelePhone 07692221395, E-mail-ccfre.sni@mp.gov.in

ई टेण्डर क्रमांक 08 / स्टोर / 2026 / 84 — **संक्षिप्त ई-निविदा विज्ञप्ति** — सिवनी / दिनांक 21/1/2026

1 निविदा प्रपत्र म.प्र. शासन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in से डाउनलोड करें। 2 यह निविदा सामाजिक वानिकी वृत्त, सिवनी के अंतर्गत वन विस्तार इकाई बालाघाट की उकवा रोपणी में ट्यूबवेल खनन हेतु वर्ष 2025-26 में रोपणी अधोसंरचना विकास कार्य के अन्तर्गत किया जाना है, जिस हेतु विभिन्न फर्मो से ई-टेण्डरिंग पद्धति के अन्तर्गत ऑन लाईन निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है ।

| क्र. | जिला | इकाई का नाम | कार्य स्थल का नाम | कार्य का विवरण | मात्रा | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बालाघाट | बालाघाट | उकवा रोपणी | ट्यूबवेल खनन निविदा की शर्तो के अनुसार | 01 नग | 04.00 लाख |
| | | | योग :- | | 01 नग | 04.00 लाख |

3 टयूबवेल खनन हेतु निविदा को निर्धारित प्रारूप में वेबसाईटhttps://mptenders.gov.in पर ऑन-लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना है । 4 निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रुपए 500/- है, निविदाऐं ऑनलाईन ही क्रय की जा सकेंगी एवं ऑनलाईन ही प्रस्तुत करने पर मान्य होगी । 5 निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार हैं :-

| विवरण | दिनांक एवं समय | रिमार्क |
|---|---|---|
| Tender Publishing Date and Time | 27/01/2026, 05.00 PM | निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in तथा www.mpforest.gov.in पर दर्शित है |
| Document Download Tender Sale Start Date and Time | 28/01/2026, 10.00 AM | |
| Bid Submission Start Date and Time | 28/01/2026, 12.00 PM | |
| Date and Time of Pre Bid Meeting | 30/01/2026, 12.00 PM | |
| Bid Submission Close Date and Time | 02/02/2026, 05.00 PM | |
| Bid Technical Openning Date and Time | 04/02/2026, 12.00 PM | |
| Bid Financial Openning Date and Time | 06/02/2026, 03.00 PM | |

G-25025/25

वनमण्डलाधिकारी
सामाजिक वानिकी वृत्त सिवनी



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**
NIT.NO./PWD/e-tendring/PRO/800 — **द्वितीय निविदा सूचना** — Date - 29/01/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Date - 02/02/2026<br>Tender Id 2026_UAD_478783_1 | महाराजा अग्रसेन वार्ड में एस.बी. आई. से वत्सला पैराडाईज तक दोनों और पेवर ब्लॉक का कार्य (CM MOINT A++) | 03 माह<br>14.39 लाख | 2000/-<br>10975/- | 20/02/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा । पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री
(लोककर्म विभाग)
नगर निगम जबलपुर



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**नागपुर मंडल में विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**(A) ADEN, नागभीड़ के अधिकार क्षेत्र में:**

**1. निविदा क्र.:** एस/28/एनजीपी/2025-2026
**कार्य का नाम:** G-CAF सेक्शन में रेलवे बाउंड्री के साथ बाउंड्री पोस्ट लगाने का प्रावधान।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 48,74,087/-
**बयाना राशि:** ₹ 97,500/-

**2. निविदा क्र.:** एस/29/एनजीपी/2025-2026
**कार्य का नाम:** नागभीड़ स्टेशन पर लाइन नंबर 2 के दोनों ओर PCC पाथवे (1.1m x 720m) बनाने के साथ-साथ वेल्डिंग और एयर कंप्रेस्ड सुविधा प्रदान करना।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 65,56,704/-
**बयाना राशि:** ₹ 1,31,100/-

**(B) ADEN, (वर्क्स), नागपुर के अधिकार क्षेत्र में:**

**3. निविदा क्र.:** एस/30/एनजीपी/2025-2026
**कार्य का नाम:** (1) बेलीशॉप, मोतीबाग व पंजाबी लाइन कॉलोनी स्टाफ क्वार्टर के बाहरी प्लास्टर में सुधार। (2) बेलीशॉप, मोतीबाग, पंजाबी लाइन रेलवे कॉलोनी में AC शीट की छत को GI प्रोफाइल शीट से बदलना। (3) अजनी कॉलोनी में स्टाफ क्वार्टर के ड्रेनेज, सीवरेज, बरसाती पानी की नाली और दरवाजों और खिड़कियों में सुधार।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 1,12,73,402/-
**बयाना राशि:** ₹ 2,06,400/-

**4. निविदा क्र.:** एस/31/एनजीपी/2025-2026
**कार्य का नाम:** (1) अजनी रेलवे कॉलोनी में स्टाफ क्वार्टर के WC, बाथरूम और किचन में सुधार। (2) अजनी और माउंट रोड पर स्टाफ क्वार्टर के बाहरी प्लास्टर, सनशेड और लीकेज का सुधार।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 1,40,85,096/-
**बयाना राशि:** ₹ 2,20,400/-

**5. निविदा क्र.:** एस/32/एनजीपी/2025-2026
**कार्य का नाम:** (1) SSE (वर्क्स) - BS/MIB के अंतर्गत बेलीशॉप, मोतीबाग, पंजाबी लाइन कॉलोनी में कॉलोनी ड्रेन, सीवर लाइन, सेफ्टी टैंक में सुधार। (2) SSE (वर्क्स) - BS/MIB के अंतर्गत बेलीशॉप और मोतीबाग कॉलोनियों में स्टाफ क्वार्टर की फॉल्स सीलिंग में सुधार। (3) ADEN (वर्क्स), नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन SSE (वर्क्स) - BS/MIB के तहत बेलीशॉप, मोतीबाग, पंजाबी लाइन कॉलोनी में स्टाफ क्वार्टर के खराब दरवाजे व खिड़कियों को बदलना।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 98,64,696/-
**बयाना राशि:** ₹ 1,97,300/-

**6. निविदा क्र.:** एस/33/एनजीपी/2025-2026
**कार्य का नाम:** (1) नागपुर में माउंट रोड पर ऑफिसर्स रेस्ट हाउस का अपग्रेडेशन (2) ADEN (वर्क्स), नागपुर के अधिकार क्षेत्र में DRM कॉम्प्लेक्स, SECR, नागपुर में इंजीनियरिंग विभाग के विभिन्न ऑफिसों, ऑफिसर चैंबर और कॉरिडोर में सुधार।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 2,20,56,654/-
**बयाना राशि:** ₹ 2,60,300/-

उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **13.02.2026** के **15:00** बजे तक जमा कर सकते है।

इन निविदाओं के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है और प्राप्त सभी मैन्युअल ऑफर्स को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

निविदा सम्बंधित अन्य विवरण तथा निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है ।

मंडल अभियंता - दक्षिण,
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,
नागपुर

AIM/65-291

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## चिंतन

# शैक्षणिक संस्थानों को जातीय भेदभाव से दूर रखा

सुप्रीम कोर्ट द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों पर रोक लगाना केवल एक कानूनी हस्तक्षेप नहीं है, बल्कि यह शिक्षा व्यवस्था के मूल उद्देश्यों पर पुनर्विचार का भी संकेत है। शीर्ष अदालत ने सख्त नसीहत देते हुए साफ शब्दों में कहा कि शैक्षणिक संस्थानों को जातीय और भाषाई भेदभाव से दूर रखा जाना चाहिए, क्योंकि शिक्षा का उद्देश्य समाज को जोड़ना है, न कि उसे वर्गों में बांटना। यूजीसी द्वारा 13 जनवरी को अधिसूचित नए नियमों का उद्देश्य कथित तौर पर भेदभाव की शिकायतों से निपटना था, लेकिन देशभर में इसके विरोध ने यह सवाल खड़ा कर दिया कि क्या इन प्रावधानों से समस्या सुलझेगी या और जटिल होगी। सुप्रीम कोर्ट की बेंच जिसमें मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या शामिल थे, ने माना कि नियमों के प्रावधान स्पष्ट नहीं हैं और इनके दुरुपयोग की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी आधार पर कोर्ट ने अगले आदेश तक इन पर रोक लगा दी और 2012 के पुराने नियमों को लागू रखने का निर्देश दिया। अदालत की सबसे महत्वपूर्ण टिप्पणी जातीय आधार पर समितियों के गठन को लेकर आई। कोर्ट ने चेताया कि शैक्षणिक संस्थानों में जातीय आधारित कमेटियां बनाना खतरनाक असर डाल सकता है। शिक्षा का माहौल ऐसा होना चाहिए, जहां छात्र अपनी पहचान के बजाय अपनी योग्यता और परिश्रम के आधार पर आगे बढ़ें। यदि संस्थानों के भीतर ही जातीय पहचान को औपचारिक रूप से रेखांकित किया जाएगा तो यह अनजाने में ही विभाजन और प्रतिस्पर्धा को जन्म दे सकता है। यह भी उल्लेखनीय है कि याचिकाकर्ताओं जिनमें मृत्युंजय तिवारी, एडवोकेट विनीत जिंदल और राहुल दीवान शामिल हैं, ने नए नियमों को जनरल कैटेगरी के छात्रों के प्रति भेदभावपूर्ण बताया। यह तर्क अपने आप में संवेदनशील है, क्योंकि भारत की आरक्षण नीति और सामाजिक न्याय की बहस ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से जुड़ी है। सुप्रीम कोर्ट ने यह जरूर कहा कि शिक्षा का अधिकार सबका समान है और सवर्ण तथा गैर-सवर्ण जैसी श्रेणियों में छात्रों को बांटना शिक्षा के मूल भाव के खिलाफ है। अदालत ने भाषाई भेदभाव का मुद्दा भी उठाया, जो अक्सर शिक्षा व्यवस्था में अनदेखा रह जाता है। भारत जैसे बहुभाषी देश में भाषा के आधार पर भेदभाव की संभावना वास्तविक है। यदि शैक्षणिक संस्थानों में भाषा को भी पहचान और प्रभुत्व का औजार बना दिया जाए तो यह समान अवसर की अवधारणा को कमजोर कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी विशेष रूप से महत्वपूर्ण है कि कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में एक-दूसरे पर हावी होने की रणनीति किसी भी दृष्टि से ठीक नहीं है। शिक्षा का उद्देश्य सामाजिक चेतना का विस्तार करना है, न कि समाज में पहले से मौजूद खाइयों को और गहरा करना। हालांकि, यह भी सच है कि जातीय भेदभाव की शिकायतें वास्तविक हैं और उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रश्न यह नहीं है कि भेदभाव से कैसे निपटा जाए। यदि नियम अस्पष्ट होंगे या अत्यधिक पहचान-आधारित ढांचे पर टिके होंगे, तो वे समाधान से ज्यादा समस्या पैदा कर सकते हैं। इसी संतुलन की तलाश में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और यूजीसी को नया ड्राफ्ट तैयार करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट का यह हस्तक्षेप याद दिलाता है कि शिक्षा नीति केवल प्रशासनिक दस्तावेज नहीं, बल्कि समाज के भविष्य की दिशा तय करने वाला उपकरण है। ऐसे में इसका हर शब्द, हर प्रावधान, अत्यंत सोच-समझकर तय किया जाना चाहिए।



बजट
महेन्द्र तिवारी

# उम्मीदों व यथार्थ के बीच संतुलन जरूरी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को लगातार नौवां आम बजट पेश करने जा रही हैं। यह केवल एक औपचारिक आर्थिक दस्तावेज नहीं होगा, बल्कि उस दौर का आईना होगा जिसमें आम आदमी महंगाई, रोजगार, स्वास्थ्य और भविष्य की अनिश्चितताओं के बीच संतुलन खोज रहा है। पिछले कुछ वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था ने अपेक्षाकृत स्थिरता दिखाई है, लेकिन इसका सीधा लाभ हर घर तक समान रूप से नहीं पहुंच पाया है। मध्यम वर्ग, जो कर व्यवस्था की रीढ़ माना जाता है, आज सबसे अधिक अपेक्षाएं लगाए बैठा है। यदि इसमें उम्मीदों और यथार्थ के बीच संतुलन बना, तो यह केवल नौवां बजट नहीं, बल्कि विश्वास का दस्तावेज बन सकता है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी 2026 को लगातार नौवां आम बजट पेश करने जा रही हैं। यह केवल एक औपचारिक आर्थिक दस्तावेज नहीं होगा, बल्कि उस दौर का आईना होगा जिसमें आम आदमी महंगाई, रोजगार, स्वास्थ्य और भविष्य की अनिश्चितताओं के बीच संतुलन खोज रहा है। यह अवसर ऐतिहासिक भी है, क्योंकि वह मोरार जी देसाई के दस बजटों के रिकॉर्ड के करीब पहुंच रही हैं। ऐसे समय में जब वैश्विक स्तर पर आर्थिक अस्थिरता बनी हुई है, विकसित देशों की मौद्रिक नीतियों का दबाव है, एशियाई अर्थव्यवस्थाओं में सुस्ती दिख रही है और युद्धों के कारण आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित है, भारत का यह बजट केवल आंकड़ों का खेल नहीं बल्कि भरोसे का दस्तावेज होना चाहिए। पिछले कुछ वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था ने अपेक्षाकृत स्थिरता दिखाई है, लेकिन इसका सीधा लाभ हर घर तक समान रूप से नहीं पहुंच पाया है। मध्यम वर्ग, जो कर व्यवस्था की रीढ़ माना जाता है, आज सबसे अधिक अपेक्षाएं लगाए बैठा है। यह वर्ग केवल कर में छूट नहीं चाहता, बल्कि जीवन की बुनियादी जरूरतों में राहत चाहता है। वेतनभोगी परिवारों के लिए बढ़ती किस्तें, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य बीमा और मकान का सपना लगातार महंगा होता जा रहा है।

ऐसे में उम्मीद है कि कर कटौती की सीमा बढ़े, ताकि हाथ में बचने वाली आय से रोजमर्रा का जीवन थोड़ा आसान हो सके। केवल आयकर की दरों में बदलाव ही नहीं, बल्कि मकान ऋण पर मिलने वाली ब्याज छूट को बढ़ाने से लाखों परिवारों को सीधा लाभ मिल सकता है। आज शहरों में एक साधारण घर भी मध्यम वर्ग की पहुंच से दूर होता जा रहा है, ऐसे में सस्ते आवास को प्रोत्साहन देना सामाजिक स्थिरता के लिए भी जरूरी है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में आम आदमी की चिंता और भी गहरी है। बीमारी आज केवल शारीरिक संकट नहीं, बल्कि आर्थिक आपदा बन जाती है। निजी अस्पतालों की बढ़ती लागत और बीमा प्रीमियम ने मध्यम और निम्न आय वर्ग को डरा रखा है। यदि स्वास्थ्य बीमा पर कर में अधिक छूट मिले, वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष प्रावधान हों और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का दायरा बढ़े तो यह बजट वास्तव में जीवन रक्षक साबित हो सकता है। आयुष आधारित उपचार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की मजबूती और दवाओं की सस्ती उपलब्धता जैसे कदम आम परिवार के लिए राहत की सांस होंगे। ग्रामीण भारत और किसान इस देश की अर्थव्यवस्था की नींव हैं। आधी से अधिक आबादी आज भी खेती और उससे जुड़े कामों पर निर्भर है, लेकिन आय की अनिश्चितता और बढ़ती लागत ने किसान को असुरक्षित बना दिया है। किसानों को मिलने वाली प्रत्यक्ष सहायता राशि में वृद्धि, सस्ते ऋण की सीमा बढ़ाना और फसल बीमा को अधिक पारदर्शी तथा त्वरित बनाना समय की मांग है। सिंचाई परियोजनाओं में बड़े निवेश से न केवल कृषि उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि गांवों में रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। जब गांव मजबूत होंगे, तभी शहरों पर जनसंख्या का दबाव कम होगा और सामाजिक संतुलन बना रहेगा। लघु और



मध्यम उद्योगों की भूमिका भी इस बजट में केंद्र में रहनी चाहिए। ये उद्योग लाखों लोगों को रोजगार देते हैं और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देते हैं। आसान ऋण, सरल कर व्यवस्था और तकनीकी सहायता से ये इकाइयां आत्मनिर्भर बन सकती हैं। विशेष रूप से महिलाओं द्वारा संचालित उद्यमों को प्रोत्साहन देने से सामाजिक बदलाव भी आएगा।

गांव और कस्बों में यदि छोटे उद्योग फलते-फूलते हैं, तो पलायन रुकेगा और स्थानीय विकास को नई दिशा मिलेगी। महिलाएं और युवा किसी भी देश के भविष्य की असली पूंजी होते हैं। महिलाओं के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ाना केवल सामाजिक न्याय का प्रश्न नहीं, बल्कि आर्थिक प्रगति की भी शर्त है। स्वयं सहायता समूहों, महिला उद्यमियों और कौशल प्रशिक्षण योजनाओं को यदि मजबूत समर्थन मिले तो महिलाएं केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास की सहभागी बनेंगी। युवाओं के लिए रोजगार सृजन सबसे बड़ी चुनौती है। पढ़ाई पूरी करने के बाद भी नौकरी न मिलना आज लाखों युवाओं की हकीकत है। यदि बजट में प्रशिक्षु कार्यक्रम, नई नौकरियों के लिए प्रोत्साहन और नवाचार आधारित उद्यमों को सहायता मिले तो यह निराशा उम्मीद में बदल सकती है। शिक्षा पर निवेश लंबे समय का निवेश होता है। विद्यालयों से लेकर उच्च शिक्षा तक गुणवत्ता सुधारना आवश्यक है। व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा को समाज की मुख्यधारा में लाने से युवाओं को रोजगार योग्य बनाया जा सकता है। डिजिटल माध्यमों से दूरदराज के क्षेत्रों तक शिक्षा पहुंचाने से ग्रामीण और शहरी बच्चों के बीच की खाई कम होगी। जब शिक्षा सशक्त होगी, तभी जनसंख्या का लाभ वास्तविक आर्थिक शक्ति में बदलेगा। स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचे पर खर्च किसी भी सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। अस्पताल, डॉक्टर, जांच सुविधाएं और चिकित्सा उपकरण यदि सुलभ होंगे तो जनता का भरोसा मजबूत होगा। इसी तरह सड़क, रेल, हवाई संपर्क और ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश से न केवल रोजगार पैदा होते हैं, बल्कि पूरे देश की उत्पादकता बढ़ती है। स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण अनुकूल योजनाओं से आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य तैयार किया जा सकता है। जब घरों की छतों पर सौर ऊर्जा पहुंचेगी। इससे बिजली का खर्च घटेगा और प्रदूषण भी कम होगा। निर्मला सीतारमण के पिछले बजटों में नीति की निरंतरता दिखी है। बड़े सुधारों के साथ-साथ स्थिरता बनाए रखने की कोशिश रही है। इस बार भी उनसे यही अपेक्षा है कि वे विकास और जनकल्याण के बीच संतुलन साधें। आर्थिक वृद्धि का लक्ष्य तभी सार्थक होगा, जब उसका असर आम आदमी की थाली, जेब और भविष्य की सुरक्षा पर दिखे। विदेशी निवेश, निर्यात और स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देना जरूरी है, लेकिन साथ ही यह भी ध्यान रखना होगा कि लाभ केवल चुनिंदा वर्गों तक सीमित न रह जाए। आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना तभी पूरी होगी, जब गांव का किसान, शहर का मजदूर, मध्यम वर्ग का कर्मचारी, महिला उद्यमी और पढ़ा-लिखा युवा सभी खुद को इस विकास यात्रा का हिस्सा महसूस करें। यह बजट केवल सरकार की मंशा का नहीं, बल्कि देश की दिशा का संकेत देगा। यदि इसमें उम्मीदों और यथार्थ के बीच संतुलन बना, तो यह केवल नौवां बजट नहीं, बल्कि विश्वास का दस्तावेज बन सकता है। आम आदमी आज चमत्कार नहीं, बल्कि ईमानदार कोशिश चाहता है। अगर यह कोशिश दिखाई दी तो 2047 के सपने की राह और भी स्पष्ट हो जाएगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।


## दिवस विशेष

डॉ. मोनिका शर्मा



# स्वदेशी सामानों के उपयोग के समर्थक थे महात्मा गांधी


समाज को सामाजिक-पारिवारिक और नैतिक रूप से मजबूत बनाने का संदेश देने के साथ ही महात्मा गांधी ने देश की आर्थिक सबलता को भी महत्वपूर्ण माना था। भारत को आत्मनिर्भर बनाने का भाव उनके विचारों का ही नहीं, व्यवहार का भी हिस्सा रहा। आर्थिक सबलता और आत्मनिर्भरता के इसी लक्ष्य को पाने के लिए उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के समय स्वदेशी सामानों को अपनाने का मंत्र दिया था। अपने देश में बने उत्पादों को प्राथमिकता देकर अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का उनका यह विचार आज के दौर में और भी प्रासंगिक लगता है। वस्तुतः, 'स्वदेशी अपनाओ, विदेशी भगाओ' का नारा देते हुए गांधी जी रोजगार, स्वावलंबन और सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हुए देश को सशक्त बनाना चाहते थे। गांधी ने स्वदेशी आंदोलन के माध्यम से समाज के हर वर्ग से विदेशी वस्तुओं का परित्याग कर देश में बने उत्पादों के उपयोग का आग्रह किया था। बदलती वैश्विक परिस्थितियों में आज स्वदेशी सामानों को अपनाने की इस राह पर चलने का संकल्प और जरूरी हो चला है। विकसित देशों की धमकियों और दबदबे से बाहर आने के लिए देशवासियों का देश में बने सामानों को समर्थन देना बहुत आवश्यक है। सुखद है कि बीते कुछ वर्षों से देश को आत्मनिर्भर बनाने वाली 'वोकल फॉर लोकल' की मुहिम बल भी पा रही है। प्रधानमंत्री मोदी कई अवसरों पर देशवासियों से स्वदेशी सामान खरीदने की अपील करते रहे हैं। खासकर त्योहारी मौसम में हर भारतीय से 'मेड इन इंडिया' उत्पादों का उपयोग बढ़ाने का आग्रह रहा है। कुछ समय पहले देशवासियों को लिखे एक खुले पत्र में प्रधानमंत्री ने लिखा था कि 'हर बार जब आप अपने देश के कारीगर, मजदूर और उद्योगों द्वारा बनाए गए सामान खरीदते हैं तो आप न सिर्फ रोजगार को बढ़ावा देते हैं बल्कि लाखों परिवारों की आजीविका भी सुरक्षित करते हैं। मैं दुकानदारों और व्यापारियों से अपील करता हूं कि वे 'मेड इन इंडिया' सामान ही बेचें और गर्व से कहें- जो खरीदेंगे वो स्वदेशी, जो बेचेंगे वो स्वदेशी। विचारणीय है कि स्वदेशी चीजों को अपनाना युवाओं का पलायन रोकने से लेकर महिलाओं को सशक्त बनाने तक, कई पक्षों से गहराई से जुड़ा है। यह हर तरह से भारत की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करने वाला भाव और झुकाव है। ज्ञात हो कि महिलाओं की एक बड़ी आबादी स्वदेशी उत्पाद बनाने वाले उपक्रमों से जुड़ी है। रोजगार हो या स्वरोजगार, देशी सामानों के उत्पादन से महिलाओं की बड़ी आबादी जुड़ी है। विशेषकर त्योहार मौसम में महिलाओं द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, सजावटी सामग्री और खाद्य पदार्थों की बिक्री सीधे-सीधे महिलाओं को फायदा पहुंचाती है। ध्यातव्य है कि हर वर्ष त्योहारों की श्रृंखला का समय देश की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में यह रेखांकित करने योग्य है कि भारत की बेहतरी से जुड़े बदलाव के मोर्चे पर अब आमजन भी डटे दिखते हैं। अपने देश को मजबूत बनाने के लिए स्वदेशी सामानों की खरीद को प्राथमिकता दी जाने लगी है। जनमानस भारत में बनी चीजों को अपनाने के प्रति जागरूक हुआ है। अब त्योहारी मौसम में चीनी सामानों की बिक्री में भारी गिरावट के साथ 'मेड इन इंडिया' उत्पादों की लोकप्रियता का असर साफ नजर आता है।



साल-दर-साल स्थानीय कारीगरों और भारतीय कंपनियों के उत्पादों को खरीदने में लोगों की रुचि बढ़ रही है। विदेशी सामानों के बजाय देश में बने उत्पादों प्राथमिकता देने से स्थानीय लोगों को तो फायदा हुआ ही देश की अर्थव्यवस्था को भी बल मिल रहा है। ऐसे में भारत की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और अर्थव्यवस्था को बल देने के मोर्चे पर बापू के विचार आज भी प्रासंगिक लगते हैं। निस्संदेह, महात्मा गांधी के स्वदेशी आंदोलन का मंत्र अपनाते हुए वैश्विक पटल पर मजबूत उपस्थिति दर्ज करवाई जा सकती है। आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार किया सकता है। आर्थिक सुधारों से जुड़ी इस मुहिम को देशवासियों की सरोकारी समझ का साथ मिलना सबसे जरूरी है। यह समझ संस्कृति को सहेजने और आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने वाली है। सुखद है कि समय के साथ देश में बनी चीजों को खरीदने और उनके इस्तेमाल को लेकर गर्व का भाव भी आ रहा है। स्वदेशी सामानों को प्राथमिकता देकर हर भारतीय देश को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान दे सकता है। घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहन देने और विदेशी आयात पर निर्भरता घटाने में हर भारतवासी एक अहम भूमिका निभा सकता है। जरूरी है कि गांधी द्वारा देखे गए आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए हर नागरिक अपने दायित्वबोध को समझे।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# निरंतर रूप से निखारती है आत्म-प्रतिस्पर्धा



संकलित
दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में रहते हुए वह अनेक छोटे-बड़े लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहता है। समाज का अंग होते हुए, समाज में अपनी पहचान बनाना भी प्रत्येक व्यक्ति का एक उद्देश्य जैसा ही प्रतीत होता है। इन उद्देश्यों, लक्ष्यों व उपलब्धियों की प्राप्ति के लिए चल रहे अनवरत प्रयत्नों के फलस्वरूप एक सामाजिक प्रक्रिया जन्म लेती है। इस सामाजिक प्रक्रिया का नाम है-प्रतिस्पर्धा। यदि सरल शब्दों में कहा जाए तो बेहतर प्रदर्शन करने की तीव्र लालसा। यह लालसा एक अबोध शिशु से लेकर एक वृद्ध तक सभी में विद्यमान रहती है। वस्तुतः जब आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर्याप्त नहीं होती, तो प्रतिस्पर्धा स्वतः ही जन्म ले लेती है। प्रतिस्पर्धा में कदाचित विरोध व ईर्ष्या की भावनाएं भी अंतर्निहित होती हैं, किंतु ऐसी प्रतिस्पर्धा स्वस्थ नहीं कही जाती। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा वास्तव में उत्कृष्टता का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रतिस्पर्धा की यही विशेषता इसे संघर्ष से अलग करती है। एक अन्य विशेष बात यह है कि प्रतिस्पर्धा किसी तंत्र विशेष तक ही सीमित रहती है। एक विशेष तरह की प्रतिस्पर्धा एक विशेष तंत्र में ही दृष्टिगोचर होती है। किसी व्यक्ति के साथ आपकी प्रतिस्पर्धा केवल तभी तक रहती है, जब तक आप उसके साथ किसी तंत्र को साझा करते हैं। किसी व्यक्ति द्वारा वह तंत्र छोड़ते ही प्रतिस्पर्धा स्वतः समाप्त हो जाती है। यह आवश्यक नहीं कि प्रतिस्पर्धा सदैव दूसरे व्यक्ति के साथ ही हो। विवेकशील या विद्वान व्यक्ति की प्रतिस्पर्धा प्रायः स्वयं से होती है।

# शिव के अंशावतार हैं वीर हनुमान



संकलित
प्रेरणा

शिव जी के 19 अवतारों में से एक अवतार है हनुमान। इसे शिव जी का अंशावतार माना जाता है। त्रेता युग में जब रावण का आतंक बढ़ गया, तब विष्णु जी राम अवतार लेने वाले थे। उस समय सभी देवताओं ने श्रीराम की सेवा और मदद करने के लिए अलग-अलग अवतार लिए थे। शिव जी ने श्रीराम के परमभक्त हनुमान जी के रूप में अवतार लिया था। जब श्रीराम अश्वमेध यज्ञ कर रहे थे। उनका यज्ञ घोड़ा घूमते-घूमते देवपुर नगर पहुंचा। उस नगर के राजा थे वीरमणि। वीरमणि शिव भक्त थे। राजा के पुत्र रुक्मांगद ने यज्ञ के घोड़े को बंदी बना लिया था। जब ये बात जब श्रीराम के भाई शत्रुघ्न को मालूम हुई तो उन्होंने देवपुर पर आक्रमण कर दिया। शत्रुघ्न और वीरमणि की सेना का युद्ध शुरू हुआ तो हनुमान जी भी वीरमणि की सेना खत्म करने लगे। राजा की हार होती देखकर शिव जी राजा की ओर से युद्ध करने लगे। युद्ध में जब शिव जी और हनुमान जी का सामना हुआ तो हनुमान जी ने उनसे पूछा कि आप तो राम भक्त हैं। फिर हमसे युद्ध क्यों कर रहे हैं। शिव जी ने कहा कि मैंने राजा वीरमणि को उसके राज्य की रक्षा करने का वचन दिया है इसलिए मुझे राजा की ओर से युद्ध करना पड़ रहा है, वह मेरा प्रिय भक्त है। शिव जी और हनुमान जी के बीच युद्ध हुआ, लेकिन जब शिव जी पराजित नहीं हुए तो उन्होंने श्रीराम का स्मरण किया। जब श्रीराम युद्ध में पहुंचे तो शिव जी राजा वीरमणि के साथ श्रीराम की शरण में चले गए। इस तरह ये युद्ध शांत हो गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### समाचार पत्रों का महत्त्व


हमारे देश में 29 जनवरी को, राष्ट्रीय समाचार पत्र दिवस मनाया जाता है। हमारे देश का पहला समाचार पत्र 29 जनवरी, वर्ष 1780 को प्रकाशित हुआ था। इसे हिक्कीज़ बंगाल गजट के नाम से जाना जाता था। राष्ट्रीय समाचार पत्र दिवस का मुख्य उद्देश्य समाचार पत्रों के महत्व और इसके उद्देश्य के प्रति जागरूकता और सम्मान देना भी है। आज न्यूज चैनलों की बाढ़ आ जाने के बावजूद हर कोई अखबार का इंतजार जरूर करता है। नेता हो, अभिनेता या फिर आमजन, हर कोई अखबार में ही खबर पढ़कर संतुष्ट होता है। देश की जनसंख्या का एक बहुत बड़ा हिस्सा समाचार पत्रों को अहमियत देता है। यह आमजन की मूलभूत समस्याओं को सत्ताधारियों तक पहुंचाने में भूमिका अदा करते हैं। स्वतंत्रता संग्रामों और आंदोलनों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भी प्रेस ने मुख्य भूमिका निभाई थी।

*- कमलेश चतुर्वेदी, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# नेपाल के मुस्तांग में भारी बर्फबारी से ट्रेकिंग रोकी गई

नेपाल के मुस्तांग क्षेत्र में भारी बर्फबारी के कारण अधिक ऊंचाई वाले पांच मार्गों पर ट्रेकिंग को रोक दिया गया है। प्रशासन ने ट्रेकिंग करने वालों को इन पांच मार्गों का उपयोग नहीं करने की सलाह दी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बर्फबारी के बाद, लोकप्रिय पर्यटन स्थल मुस्तांग को मनांग से जोड़ने वाले सरिबुंग दर्रे, मेसो कुन्डो दर्रे, थोरोंग ला दर्रे, मुस्तांग को डोलपा से जोड़ने वाले यक्खरक मार्ग और म्याग्दी और मुस्तांग को जोड़ने वाले धौलागिरी ट्रेकिंग मार्ग पर ट्रेकिंग रोक कर दी गई है। हर साल, हजारों लोग मुख्य रूप से मुक्तिनाथ मंदिर के दर्शन के लिए बर्फ से ढके पहाड़ों के पास स्थित मुस्तांग जिले में आते हैं। ये रास्ते अत्यधिक ऊंचाई पर स्थित हैं और बर्फबारी के दौरान बेहद जोखिम भरे माने जाते हैं। मुख्य जिला अधिकारी अजिता शर्मा ने बताया कि तीन पड़ोसी जिलों से मुस्तांग को जोड़ने वाले ट्रेकिंग मार्ग भारी बर्फबारी के कारण बेहद जोखिम भरे हो गए हैं। उन्होंने कहा, 'हमें जानकारी मिली है कि कुछ ट्रेकिंग मार्गों पर चार फीट तक बर्फ जमा हो गई है। अगर पर्यटक फंस जाते हैं तो बचाव अभियान बेहद मुश्किल हो जाएगा।'



## ऑफ बीट

# मांसपेशियों में व्यायाम के बाद हल्का दर्द क्यों होता है

जब हममें से कई लोग इस खराब मौसम से उबरने के लिए जिम जाते हैं या दौड़ने जाते हैं, तो उन्हें मांसपेशियों में थोड़ा अतिरिक्त दर्द महसूस हो सकता है। ऐसा खास तौर से तब होता है जब कसरत किए कुछ समय हो गया हो। एक आम ग़लतफ़हमी यह है कि ऐसा दर्द मांसपेशियों में लैक्टिक एसिड के निर्माण के कारण होता है। हालाँकि, शोध से पता चलता है कि लैक्टिक एसिड का इससे कोई लेना-देना नहीं है। सच्चाई कहीं अधिक दिलचस्प है, लेकिन थोड़ी अधिक जटिल भी है। यह लैक्टिक एसिड नहीं है। हम दशकों से जानते हैं कि लैक्टिक एसिड का व्यायाम के बाद मांसपेशियों में होने वाले दर्द से कोई लेना-देना नहीं है। वास्तव में, जैसा कि हम में से एक (रॉबर्ट एंड्रयू रॉबर्ट्स) ने लंबे समय से तर्क दिया है, कोशिकाएं लैक्टेट का उत्पादन करती हैं, लैक्टिक एसिड का नहीं। यह प्रक्रिया वास्तव में मांसपेशियों और रक्तप्रवाह में एसिड के निर्माण का विरोध नहीं करती है। दुर्भाग्य से, लोग अभी भी व्यायाम के संबंध में 'लैक्टिक एसिड' शब्द का उपयोग करते हैं। जब आप व्यायाम करते हैं तो लैक्टेट उन मांसपेशियों के लिए बड़ी समस्या पैदा नहीं करता है जिनका उपयोग आप करते हैं। आपकी कार्यशील मांसपेशियों को होने वाले अन्य लाभों के कारण संभवतः इसके बिना आपकी स्थिति और भी खराब हो जाएगी।



## ट्रेंड

### स्वदेशी हथियार हाइटेक

ऑपरेशन सिंदूर ने दिखाया कि हमारे स्वदेशी हथियार कितने एडवांस और हाइटेक हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और रक्षा नवाचार आज हमारी फोर्सेस को और आधुनिक बना रहे हैं, जिससे हमारे युवा साथियों के लिए संभावनाओं का बहुत विस्तार हुआ है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### कम्प्लीट टूरिस्ट डेस्टिनेशन

हर्ष का विषय है कि जोधपुर ने पर्यटन के क्षेत्र में नया इतिहास रचा है। वर्ष 2025 में रिकॉर्ड 38 लाख से अधिक पर्यटकों के आगमन ने सिद्ध कर दिया है कि जोधपुर अब विश्व का नया 'कम्प्लीट टूरिस्ट डेस्टिनेशन' बन चुका है।

- भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान



### यूजीसी के नियम

सुप्रीम कोर्ट का यूजीसी के नए नियम पर रोक लगाने का फैसला उचित, जबकि देश में, इस मामले में सामाजिक तनाव आदि का वातावरण पैदा ही नहीं होता, अगर यूजीसी नए नियम को लागू करने से पहले सभी पक्ष को विश्वास में ले लेती।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र



### घुसपैठियों को संरक्षण

ममता बनर्जी के पास 15 सालों के शासन के बाद बताने के लिए अपनी उपलब्धियां तक नहीं हैं। और तो और, अब वो रोहिंग्याओं व बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देने के अपने कुकृत्य पर भी पर्दा डालना चाह रही हैं।

-अनुराग ठाकुर, सांसद, भाजपा



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

**खबर संक्षेप**

### डेढ़ हजार लोकेशन पर हुईं हायर रेट में रजिस्ट्री पड़ताल में जुटे अफसर

**भोपाल।** एक अप्रैल से लागू होने वाली प्रॉपर्टी की नई गाइडलाइन को लेकर पंजीयन विभाग ने पड़ताल शुरु कर दी है। शुरुआत में अफसरों ने रजिस्ट्री के रिकार्ड निकाले हैं। जिसके तहत डेढ़ हजार से अधिक लोकेशन पर प्रॉपर्टी के वर्तमान रेट से अधिक दामों पर रजिस्ट्री की गईं हैं। इन रजिस्ट्री के रिकार्ड का मिलान भी किया जा रहा है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि यहां होने वाली रजिस्ट्री लोन की वजह से अधिक दामों पर हुईं हैं या यहां प्रॉपर्टी के दामों में बढ़ोतरी हुई है। प्रॉपर्टी के रेट तय करने के लिए उपजिला मूल्यांकन समिति की बैठक की जाना है। जिसके आधार पर हायर रेट में होने वाली रजिस्ट्री का डेटा रखा जाएगा। उपजिला मूल्यांकन समिति प्रस्ताव तैयार कर इसे जिला मूल्यांकन समिति को भेजेगी, फिर लोगों से दावे-आपत्तियां मांगी जाएंगी।

### रामेश्वर बोले, उर्दू स्वीकार्य तो गीता पर क्यों ऐतराज

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मदरसों में गीता पढ़ाने के सुझाव को लेकर सियासी बहस तेज हो गई है। विधायक रामेश्वर शर्मा ने पहल का समर्थन करते हुए कहा कि जब उर्दू



पढ़ाई जा सकती है तो गीता पर आपत्ति क्यों। उन्होंने गीता को धर्म नहीं, बल्कि जीवन दर्शन बताते हुए इसे सभी के लिए जरूरी नैतिक शिक्षा बताया। रामेश्वर का कहना है कि गीता को केवल धार्मिक ग्रंथ के रूप में देखना गलत है। यह ऐसा दर्शन है, जो आत्मबल बढ़ाता है, सामाजिक समरसता सिखाता है और अन्याय व अपराध के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा देता है। उर्दू पढ़ाई जा सकती है, तो गीता क्यों नहीं?। रामेश्वर ने सवाल उठाया कि जब मदरसों में हिंदू बच्चों को उर्दू सिखाई जा सकती है, तो गीता पढ़ाने पर आपत्ति क्यों जताई जा रही है। उनके मुताबिक, गीता किसी एक समुदाय की नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए मार्गदर्शक ग्रंथ है।

### इतिहास का सम्मान जरूरी है, खिलवाड़ नहीं करें: भूरिया

**भोपाल।** जनजातीय नायकों की स्मृति में तीन नए विश्वविद्यालयों क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन, क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना एवं रानी



अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर की स्थापना की गई है। आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और झाबुआ से कांग्रेस विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया ने सीएम डॉ. मोहन यादव के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि इतिहास का सम्मान जरूरी है, खिलवाड़ नहीं। तात्या टोपे मराठा थे, आदिवासी नहीं। रानी अवंतीबाई लोधी, लोधी (ओबीसी) समाज से थीं, आदिवासी नहीं। अगर सरकार सच में आदिवासियों को सम्मान देना चाहती है, तो बिरसा मुंडा, भीमा नायक, राजा शंकर शाह-रघुनाथ शाह, रानी दुर्गावती जैसे असली जनजातीय नायकों को सामने लाए।

# केंद्र सरकार की जीएसटी की दरों में कमी का दंश, मप्र को महज जीएसटी में ही 3 हजार करोड़ रुपए की क्षति

## आबकारी में 17 फीसदी व पंजीयन में करीब 12 फीसदी की बढ़ोतरी संभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र सरकार के खजाने में इस वर्ष करीब तीन हजार करोड़ रुपए कम आएंगे। वाणिज्यिक कर विभाग की लाख कोशिश के बाद भी यह क्षति कम नहीं हो पा रही है। पहली बार ऐसा हुआ है कि जीएसटी के रेवन्यू में दिसंबर तक में ढाई से तीन फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई है। मार्च तक में भी यह क्षतिपूर्ति की संभावना फिलहाल नहीं है। जबकि आबकारी में करीब 17 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पंजीयन में भी 11.5 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

मप्र में इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सरकार के गुड्स एंड सर्विस टैक्स (एसजीएसटी) में दिसंबर तक में करीब ढाई हजार करोड़ रुपए की क्षति संभावित है। यह क्षति हालांकि केंद्र सरकार के जीएसटी की दरों में कमी की वजह से हो रहा है। किंतु मप्र सरकार के खजाने में जीएसटी के साथ ही वैल्यू एडेड टैक्स (वैट), पंजीयन में भी काफी कम इजाफा हुआ है।



**वित्तीय वर्ष 2025-26 में 25,250 करोड़ आए**

एसजीएसटी में पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 26 हजार करोड़ रुपए आए थे। किंतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिसंबर तक में महज 25,250 करोड़ रुपए ही आए हैं। जबकि इस समयावधि तक में करीब 20 फीसदी तक की बढ़ोतरी का लक्ष्य रखा गया था। पिछले एक दशक में पहली बार ऐसा हो रहा है कि लक्ष्य तो दूर उससे पिछले वित्तीय वर्ष के बराबर भी रेवन्यू नहीं मिल पा रहा है।

**वैट में करीब साढ़े तीन फीसदी का इजाफा**

राज्य सरकार पेट्रोल, डीजल, रसोईगैस आदि पर वैट वसूलती है। इससे सरकार को प्रति वर्ष अनुमानित 14 हजार करोड़ रुपए मिलते हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में करीब 13950 करोड़ रुपए मिले थे। जीएसटी की दरों में कमी का असर यहां भी देखने को मिल रहा है। वित्तीय वर्ष के चौथे तिमाही में यानी अभी तक में करीब 14 हजार करोड़ रुपए आ चुके हैं। जबकि अनुमानित 15 से 20 फीसदी तक की बढ़ोतरी का लक्ष्य रखा गया था।

**आबकारी में जरूर 17 फीसदी की बढ़ोतरी**

आबकारी यानी शराब पर टैक्स से सरकार को पिछले वित्तीय वर्ष में करीब 15,260 करोड़ रुपए मिले थे। इस वर्ष इसमें करीब 16,500 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि मिलने की संभावना थी, किंतु अभी तक में महज 12,350 करोड़ रुपए ही मिले हैं। दिसंबर 2025 तक में यह राशि महज 10,550 करोड़ रुपए ही था। इसी तरह पंजीयन विभाग में भले ही 11.5 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, किंतु लक्ष्य के मुताबिक इसमें राशि नहीं मिल पा रही है। पिछले वित्तीय वर्ष में दिसंबर तक में 7,750 करोड़ रुपए मिले थे। जबकि इस वर्ष दिसंबर तक में 8,660 करोड़ रुपए मिल चुके हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में करीब 11,350 करोड़ रुपए मिले थे। इस वर्ष दो महीने में यह राशि मिल पाएगी या नहीं, इसमें संदेह है।

## वैकल्पिक भंडारण से बढ़ेगी गोदाम संचालकों की आय: मंत्री राजपूत

# मप्र में 4 हजार से अधिक गोदाम तीन चौथाई खाली, वैकल्पिक उपयोग हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- वेयर हाउस की आय वृद्धि के अन्य व्यावसायिक उपयोग पर कार्यशाला आयोजित
- 400 गोदाम संचालक को वैकल्पिक आय अर्जित करने के लिए जागरूक किया

मप्र में मौजूदा समय में करीब 4 हजार से अधिक वेयरहाउस बने हुए हैं। खाद्य विभाग के पास इन सभी का रजिस्ट्रेशन है, किंतु इनमें से एक चौथाई वेयरहाउस की उपयोग में आ रहे हैं। क्षमता से अधिक वेयरहाउस बने होने की वजह से सरकार पर भी दबाव बढ़ गया है। खाद्य विभाग अब ऐसे वेयरहाउस संचालकों को जागरूक करना शुरू किया है, ताकि वे उन वेयरहाउस में अन्य गतिविधियां भी संचालित कर सके। इससे उनकी आमदनी बढ़ेगी, उनकी बैंकों के ओवरड्यू से लेकर डिफाल्टर होने आदि की समस्या भी दूर हो सकेगी। इसे लेकर प्रदेश के करीब 400 वेयरहाउस संचालकों एक कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें उन्हें अन्य कार्यों के जरिए वेयरहाउस से आय प्राप्त करने की जानकारी दी गई। इसके साथ ही उनकी समस्याएं भी सुनी गई।

खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने प्रदेश में वेयरहाउस की उपलब्ध क्षमता का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने एवं गोदाम संचालकों को आय के वैकल्पिक स्त्रोत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वेयर हाउस की आय वृद्धि के अन्य व्यावसायिक उपयोग विषय पर आयोजित कार्यशाला में कई सुझाव दिए।



कार्यशाला में वेयर हाउस संचालकों को संबोधित करते मंत्री गोविंद सिंह राजपूत।

**मप्र एक ऐसा राज्य है, जहां पर खुले में अनाज नहीं रखा जाता**

अपर मुख्य सचिव खाद्य शरश्मि अरूण शमी ने कार्यशाला के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश में मप्र एक ऐसा राज्य है, जहां पर खुले में अनाज नहीं रखा जाता। प्रदेश में भण्डारण की क्षमता अधिक होने से वेयर हाउस संचालकों को कई बार आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कार्यशाला में विशेषज्ञ इसी विषय पर जरूरी मार्गदर्शन देंगे। एमडी मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन अनुराग वर्मा ने कहा कि कार्यशाला में आए महत्वपूर्ण सुझावों पर विचार कर इन्हें अमल में लाया जाएगा। इस दौरान आयुक्त खाद्य कर्मवीर शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं वेयरहाउस संचालक उपस्थित थे।

**आत्मविश्वास के साथ निवेश एवं व्यावसायिक निर्णय लें**

विशेषज्ञों ने कहा कि शासन की नीतियों, नियमों एवं उपलब्ध योजनाओं की स्पष्ट जानकारी देकर गोदाम संचालकों को नीतिगत समर्थन प्रदान किया जा रहा है, ताकि आत्मविश्वास के साथ निवेश एवं व्यावसायिक निर्णय ले सकें। प्रदेश की भंडारण एवं लॉजिस्टिक्स व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में निजी गोदाम संचालकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस कार्यशाला से प्राप्त सुझाव और नवाचार प्रदेश के वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को नई दिशा देंगे।

**प्रायवेट कामर्शियल वेयरहाउसेस इन द कंट्री पर चर्चा**

कार्यशाला में आईआईएम मुम्बई के प्रो. वीपन कुमार और सुश्री सुमिता नारायण ने ट्रांसफार्मिंग पब्लिक गोडाउन्स टू प्रायवेट वेयर हाउसेस - केस ऑफ अदर स्टेटस पर विचार व्यक्त किए। स्केलर स्पेस ऑफ मुसद्दीलाल ग्रुप के डायरेक्टर डॉ. गोपाल मोर ने ओवरव्यू ऑफ प्रायवेट वेयरहाउसिंग मार्केट एण्ड अप्रोच टू सेटिंग अप प्रायवेट कामर्शियल वेयरहाउसेस इन द कंट्री पर चर्चा की। सीबीआरसी दिल्ली के सीनियर डायरेक्टर नितिन चंद्रा ने प्रायवेट वेयरहाउसिंग मार्केट - प्रिवेलिंग कॉमर्शियल स्ट्रक्चर्स एण्ड अल्टरनेटिव एवेन्यूज फॉर वेयरहाउस ओनर्स एण्ड बेनेफिटस पर जानकारी दी।

### आदमपुर में चारकोल प्लांट का ट्रायल रन जल्द

- 400 टन सूखे कचरे से बनेगा टोरीफाईड चारकोल

**भोपाल।** शहर से सटे आदमपुर छावनी में बनकर तैयार हुए टोरीफाईड चारकोल प्लांट का ट्रायल रन जल्द शुरू होगा। इसके संचालन को लेकर गत दिवस एनजीटी ने 13 फरवरी को नगर निगम से रिपोर्ट तलब की है। निगम आयुक्त ने एनटीपीसी के अधिकारियों को दिसंबर-25 में हुई बैठक में जनवरी-26 में उक्त प्लांट का ट्रायल रन शुरू करने को कहा था, लेकिन तकनीकी कामों में देरी के कारण यह अब तक शुरू नहीं हुआ। एनजीटी की फटकार के बाद निगम प्रशासन ने ट्रायल रन को लेकर प्लांट की स्थिति की जानकारी ली है। एनटीपीसी द्वारा बनाए गए उक्त प्लांट में रोजाना 400 टन सूखे कचरे से टोरीफाईड चारकोल का निर्माण होगा। इसका उपयोग ईंधन के रूप में किया जाएगा। भोपाल देश में बनारस के बाद दूसरा शहर होगा जहां सूखे कचरे से टोरीफाईड चारकोल बनाने का प्लांट शुरू किया जा रहा है। निगम आयुक्त ने एनटीपीसी के अधिकारियों को निर्देश दिया था कि प्लांट से संबंधित जो भी कार्य और तैयारियां बाकी हैं उन्हें जल्द पूरा करें और ट्रायल रन के बाद प्लांट का संचालन पूरी तरह से शुरू कर दिया जाए। इस दौरान आयुक्त को प्लांट के संचालन की जानकारी दी गई, लेकिन तकनीकी काम समय पर नहीं होने से ट्रायल रन शुरू नहीं हो सका। निगम अधिकारियों के अनुसार जल्द ही ट्रायल रन शुरू हो जाएगा।

## 22 जनवरी के बाद से लगातार बढ़ रहा आंकड़ा

# मैपिंग वाले वोटर्स के नाम काटने आखिरी दिन आई 3500 आपत्तियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में मतदाताओं की मौपिंग के बाद ड्राफ्ट रोल जारी कर दिया गया है। जिसके बाद एक महीने चले दावे-आपत्तियों के समय में मैपिंग वाले मतदाताओं का नाम काटने के लिए अब तक 9 हजार 37 आपत्तियां दर्ज की गई हैं। जिसमें इन मतदाताओं को एबसेंट बताकर नाम जुड़ा होने पर आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं।

आखिरी दो दिनों में थोक में दर्ज की गई आपत्तियों में एक व्यक्ति ने एक दर्जन से अधिक मतदाताओं के नाम पर आपत्ति दर्ज कराई है। निर्वाचन से जुड़े अफसरों का कहना है कि आपत्ति वाले मतदाताओं को दोबारा से वेरिफिकेशन कराया जाएगा। जिले के एक लाख 16 हजार 925 मतदाताओं की सुनवाई पहले से जारी है। जिसकी सुनवाई 14 फरवरी तक की जाएगी। आपत्तियों का निराकरण भी इसके साथ ही किया जाएगा। राजधानी की बैरसिया, उत्तर, नरेला, दक्षिण पश्चिम, मध्य, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा में 4 लाख 38 हजार 317 नाम काटने के बाद आपत्ति वाले मतदाताओं के नाम कटने का खतरा बढ़ गया है।

**दक्षिण-पश्चिम में ऐसी आपत्तियां**

*यहां पर लीलाधर के नाम से एक दर्जन मतदाताओं को एबसेंट बताकर फार्म-7 भरकर आपत्ति, कमला नगर के शानू खान, शबाना बानो, नाजिम कुरेशी, जावेद खान, हुमा खान, सजरा, बुशरा को अनुपस्थित बताया गया है।*

*विनय यादव की आपत्ति मोहम्मद इमरान, सलीम कुरेशी के एबसेंट की है।*

*माधव प्रसाद की आपत्ति फीरोज खान और विवेक सिंह ने धम्मान बी के स्थानांतरित होने की आपत्ति दर्ज कराई है।*

**77 हजार नए नाम जुड़ेंगे**

*सात विस में 77 हजार 507 मतदाताओं ने वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए फार्म-6 भरा है। चार दिन पहले आंकड़ा 60 हजार था। बीएलओ के पास आवेदन अधिक होने से नाम जोड़ने के आवेदन अपलोड करना जारी है।*

**विधानसभावार आंकड़ा**

| विस | आपत्तियां (फार्म-7) | नो मैपिंग |
|---|---|---|
| उत्तर | 325 | 10080 |
| नरेला | 4882 | 23790 |
| दक्षिण-पश्चिम | 546 | 16596 |
| मध्य | 1430 | 10088 |
| गोविंदपुरा | 619 | 30188 |
| हुजूर | 797 | 24049 |
| कुल | 9037 | 116925 |

## बरामद दोनों आईईडी का वजन 20 से 30 किलोग्राम

# माओवादियों की साजिश नाकाम दो आईईडी बरामद, किए निष्क्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

जिले में सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा बड़े पैमाने पर हमले की साजिश को सफलतापूर्वक विफल कर दिया है। डीआरजी बीजापुर, ईलमिड़ी थाना, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की 9वीं वाहिनी और बीडीएस टीम बीजापुर की संयुक्त टीम ने ईलमिड़ी-लंकापल्ली क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सर्चिंग अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान, सुरक्षा कर्मियों ने माओवादियों द्वारा लगाए गए दो अत्यंत शक्तिशाली आईईडी को बरामद कर उन्हें सुरक्षित रूप से निष्क्रिय कर दिया। अभियान के दौरान, डिमाइनिंग कार्यवाही करते हुए लंकापल्ली कच्ची सड़क पर ये आईईडी पाए गए। बरामद किए गए दोनों आईईडी का वजन 20 से 30 किलोग्राम के बीच था, जो उनकी क्षमता और विनाशकारी प्रकृति को दर्शाता है। बीडीएस टीम बीजापुर ने इन आईईडी को मौके पर ही निष्क्रिय और नष्ट करने की कार्रवाई को अंजाम दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, माओवादियों ने इन आईईडी को कमांड स्विच सिस्टम के माध्यम से सड़क के बीचों-बीच स्थापित किया था। हालांकि, सुरक्षा बलों की निरंतर सतर्कता, उनकी सूझ-बूझ और त्वरित प्रतिक्रिया ने माओवादियों की इस नापाक साजिश को समय रहते नाकाम कर दिया। यह घटना सुरक्षा बलों की प्रभावी निगरानी और क्षेत्र में शांति व व्यवस्था बनाए रखने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को उजागर करती है।

## एके-47 राइफल, 9 एमएम पिस्टल और अन्य हथियार व गोला-बारूद जब्त

# सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो माओवादी ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

दक्षिण बस्तर क्षेत्र में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में अब तक दो माओवादियों के शव बरामद हुए हैं। इस दौरान मौके से एके-47 राइफल, 9 एमएम पिस्टल और अन्य हथियार व गोला-बारूद भी जब्त किए गए हैं।

सुरक्षाबलों द्वारा आसपास के क्षेत्रों में सघन सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। यह सर्च ऑपरेशन बीजापुर जिले के दक्षिण क्षेत्र में सशस्त्र माओवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी के आधार पर शुरू किया गया था। डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) की एक टीम जब अभियान पर निकली थी, तभी सुबह लगभग 7 बजे से माओवादियों के साथ रुक-रुक कर मुठभेड़ शुरू हो गई। यह मुठभेड़ काफी देर तक चली, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया।

**मुठभेड़ स्थल से दो माओवादियों के शव बरामद**

मुठभेड़ स्थल से तलाशी के दौरान दो माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं। इसके अलावा, भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी जब्त किए गए हैं, जिसमें एक एके-47 राइफल और एक 9 एमएम पिस्टल शामिल है।



सुरक्षाबल अभी भी आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चला रहे हैं ताकि किसी भी अन्य माओवादी गतिविधि का पता लगाया जा सके और किसी भी छिपे हुए हथियार या विस्फोटक को बरामद किया जा सके। सुरक्षा कारणों से, मुठभेड़ के सटीक स्थान, ऑपरेशन में शामिल सुरक्षाबलों की संख्या और अन्य संवेदनशील जानकारी फिलहाल साझा नहीं की जा सकती है। इसका उद्देश्य ऑपरेशन में लगे जवानों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। जैसे ही तलाशी अभियान पूरा हो जाएगा, एक विस्तृत रिपोर्ट अलग से साझा की जाएगी। इस घटना ने एक बार फिर दक्षिण बस्तर क्षेत्र में माओवादी गतिविधियों की सक्रियता को उजागर किया है।

## कांकेर जिले के आमाबेड़ा थाना क्षेत्र का मामला

# अनियंत्रित होकर पलटी यात्रियों से भरी बस, 32 घायल, 8 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में गुरुवार को यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में कुल 32 यात्री घायल हुए हैं। इनमें 8 की हालत गंभीर है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए कांकेर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। वहीं दो लोगों को रायपुर भी रेफर किया गया है। घटना जिले के आमाबेड़ा थाना क्षेत्र की है।

सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच पड़ताल की। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकाला गया। घायलों को बेहतर इलाज के लिए आमाबेड़ा अस्पताल भेजा गया, जबकि 8 गंभीर घायलों को कांकेर मेडिकल कॉलेज रेफर किया



गया है। बताया जाता है कि यात्री बस बांदे से अंतागढ़ होते हुए जगदलपुर से होते हुए बैलाडीला जा रही थी। इस दौरान आमाबेड़ा के पास बांध मोड़ पर बस चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे बस सड़क किनारे पलट गई। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि हादसा बस चालक की लापरवाही की वजह से हुआ। मोड़ होने के बावजूद बस ड्राइवर ने रफ्तार कम नहीं की। इस वजह से बस से नियंत्रण खो दिया और बस अनियंत्रित होकर पलट गई।

## पीएम गति शक्ति से समन्वय कर जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अधिक से अधिक उपयोग करें

### डेटा सेंटर की गतिविधियों पर सीएस ने व्यक्त किया संतोष

# मुख्य सचिव अनुराग जैन ने किया स्टेट डेटा सेंटर का निरीक्षण, विस्तार के लिए प्रस्ताव भेजने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने स्टेट डाटा सेंटर की कार्य प्रणाली का अवलोकन किया। उन्होंने अपेक्षा की है कि पीएम गति शक्ति से समन्वय कर डेटा का आदान-प्रदान करें तथा राज्य शासन के सभी विभाग इस एप का राज्य की जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अधिक से अधिक उपयोग करें।

मुख्य सचिव ने डेटा सेंटर की गतिविधियों पर संतोष व्यक्त किया और सेंटर के विस्तार के लिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव एम. सेल्वेंद्रम और एमपी एसईडीसी के एमडी आशीष वशिष्ठ और प्रोजेक्ट डायरेक्टर, स्वान अंशुमान राज भी इस अवसर पर उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने डेटा सेंटर की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने ड्रोन डाटा डिपॉजिटरी का अवलोकन किया और खनिज, जल जीवन मिशन, ग्रामीण सड़क, सेंट्रल विस्टा जैसी प्रोजेक्ट के लिए किए जा रहे ऑनलाइन कार्य को भी देखा। उन्होंने मौके पर उपस्थित ग्वालियर के पटवारी से भी आधुनिक तकनीक से नक्शा आदि बनाने की जानकारी ली।



डेटा सेंटर की जानकारी लेते मुख्य सचिव जैन।

**परियोजना आमजन के लिए महत्वपूर्ण**

मुख्य सचिव जैन ने इस परियोजना को आमजन के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि जीआईएस लैब से नक्शा विहीन और विस्थापित ग्रामों के नक्शा आदि को तैयार करने के उनके विजन को गुणवत्ता से पूर्ण होते देखना सुखद और सराहनीय है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जिलों में जीआई सिस्टम के लिए एक्सपर्ट की नियुक्ति की जाए और अभी जिन 28 जिलों में यह सुविधा है, वहां के कार्यों की जानकारी ली जाए।

***शासकीय वेबसाइट और डेटा की सुरक्षा के लिए टूल***

*मुख्य सचिव जैन ने मध्यप्रदेश की सभी शासकीय वेबसाइट और डेटा की सुरक्षा के लिए किए जा रहे टूल आधारित कार्य का अवलोकन किया। मुख्य सचिव ने मप्र की सभी शासकीय वेबसाइट और डाटा की सुरक्षा के लिए किए जा रहे टूल आधारित कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने साइबर अटैक से निबटने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सूक्ष्मता से जानकारी ली। मुख्य सचिव ने टीम की सराहना की है, जिन्होंने राज्य डेटा सेंटर को हैक करने के एक संगठित प्रयास की पहचान कर रिवर्स इंजीनियरिंग के माध्यम से उसके स्त्रोत का पता लगाया तथा चिन्हित की गई इंट्रूज़न्स को सैनिटाइज़ करने के लिए प्रभावी कार्रवाई की। इसके अतिरिक्त, टीम की ओर से भारत सरकार को पूरे देश में इसी प्रकार के हैकिंग प्रयासों की पहचान करने में सहयोग दिया तथा उनकी रोकथाम के लिए एडवाइजरी जारी करने में भी भूमिका निभाई गई। इन प्रयासों से यह सुविधा अब राष्ट्रीय स्तर पर पहचान प्राप्त कर चुकी है।*

## जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र का मामला, जांच जारी

# सड़क हादसे में वन विभाग के वनपाल की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में वन विभाग के वनपाल ललित यादव की मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब वनपाल अपनी मोटर साइकिल से कवर्धा से दुर्ग डाक छोड़ने आ रहे थे। समोदा नाले के पास एक अज्ञात वाहन ने पीछे से उनकी मोटर साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे घटनास्थल पर ही ललित यादव ने दम तोड़ दिया।

कवर्धा के मुख्य वन संरक्षक कार्यालय में पदस्थ वनपाल ललित यादव की यह दुखद घटना बीती रात हुई। मृतक अपनी ड्यूटी



के सिलसिले में कवर्धा से दुर्ग की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें पीछे से टक्कर मारी और फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

## खबर संक्षेप

### अभा तैलिक साहू महासभा की राष्ट्रीय बैठक 1-2 फरवरी को असम में

**जबलपुर।** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की राष्ट्रीय परिषद की बैठक गुवाहाटी असम में 1-2 फरवरी को आयोजित है। बैठक के प्रथम सत्र का उद्‌घाटन असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वा शर्मा करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर करेंगे। श्रीमती आभा साहू राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला विंग ने बताया कि बैठक में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, बिहार, पश्चिम बंगाल सहित भारत के विभिन्न प्रांतों से आमंत्रित सदस्य भाग लेंगे। बैठक में असम में होने वाले विधानसभा आम चुनाव पर राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया जाएगा एवं राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और ज्वलंत मुद्दों पर परिषद द्वारा मंत्रणा की जाएगी। समापन नेपाल राष्ट्र की किरण शाह (साहू) विधायक मधेस करेंगी।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आज

**जबलपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर 30 जनवरी को जबलपुर में एक भव्य कार्यक्रम हितकारिणी सभा और महाकोशल शहीद स्मारक ट्रस्ट द्वारा संयुक्त रूप से शहीद स्मारक सेठ गोविंददास रंगमंच गोलबाजार में आयोजित है। कार्यक्रम में गांधीजी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों को याद किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10.30 बजे हितकारिणी महिला महाविद्यालय से शहीद स्मारक तक पदयात्रा से होगी। इस अवसर पर बाबू विश्वमोहन मंत्री, हितकारिणी सभा उद्योगपति एवं समाजसेवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। साथ ही मदन तिवारी वरिष्ठ कांग्रेस नेता विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आयोजन का मुख्य आकर्षण जीआरसी आर्मी बैंड की प्रस्तुति होगा। कार्यक्रम में पं. नित्य निरंजन खम्परिया, पूर्व विधायक सिहोरा मुख्य वकता होंगे, जबकि विष्णु शंकर पटेल पूर्व अध्यक्ष जिला कांगेस कमेटी अध्यक्षता करेंगे। श्रद्धांजलि सभा में डॉ. अजय भंडारी, विक्रम सिंह ठाकुर, बसंत तिवारी, नन्हेंलाल धुर्वे, सतीश तिवारी अध्यक्ष शहर कांग्रेस सेवादल सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### संत रविदास मूर्ति झांकियों की स्थापना आज

**जबलपुर।** संत रविदास विचार मंच के मोहनलाल चौधरी ने बताया कि मंच की सभा मुख्य अतिथि शारदा प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में संपन्न हुई जिसमें निर्णय लिया गया कि जबलपुर के हर वार्ड एवं मोहल्ले में संत रविदास की प्रतिमा एवं झांकियों की स्थापना 30 जनवरी को की जाएगी। मंच के रामसिपाही सेठ, तुलसीराम चौधरी, मनोज कुमार, धर्मेन्द्र सतनामी, शिवप्रसाद, रामकली, रामबाई, सियाबाई, द्रोपदीबाई, मीनाबाई, श्यामाबई, सीता बाई आदि ने प्रशासन से सहयोग का अनुरोध किया है।

## धर्म सभाः मुनि श्री प्रमाणसागर जी की प्रवचन-माला

# ईर्ष्या की भावना दूसरों की प्रगति नहीं सह पाती

**जबलपुर।**

दूसरे से अपनी तुलना करना बंद करो, दूसरे की और मत देखो, जब तक हम दूसरे की ओर देखते रहेंगे,तब तक हम अपनी चीजों को नहीं सम्हाल सकते, उपरोक्त उदगार मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने प्रातःकालीन धर्मसभा में व्यक्त किये उन्होंने कहा कि खुद को देखो और खुद का देखो दूसरे की और न देखो दूसरों की ओर देखोगे तो आंखों में चुभन होगी।मुनि श्री ने कहा कि ईर्ष्या की भावना दूसरों की प्रगति और प्रशंसा को सह नहीं पाती मुनि श्री ने कहा कि यदि दूसरों की प्रगति को देखकर हर्ष हो रहा है तो समझना उसके प्रति आपको प्रेम है,इसके उलट यदि उसकी प्रगति देखकर मन में आग लग रही है समझना ईर्ष्या धधक रही है,दूसरोंकी प्रगति देखकर अपना मुंह मत जलाओ तथा उससे अपना कम्परीजन करना बंद करोगे तो सुखी हो जाओगे।मुनि श्री ने कहा कि यह चीजें हावी न हो इसके लिये हमें गुण ग्राही दृष्टि तथा सकारात्मक सोच एवं कर्म सिद्धांत पर विश्वास एवं आध्यात्मिक दृष्टी रखना होगी तभी हम अपने जीवन का कल्याण कर सकते है।



### घटयात्रा आज

प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं सुवोध कामरेड ने देते हुये बताया की आज 30 जनवरी को दोपहर 12.30 बजे से मुनिसंघ के सानिध्य में घटयात्रा एवं श्री जी की शोभायात्रा डी.एन जैन बोर्डिंग से प्रारंभ होगी जो कि श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान स्थल टेलीग्राफ ग्राउंड पर जाऐगी एवं यंहा पर ध्वजारोहण एवं पंडाल का उदघाटन होगा। 31 जनवरी से 8 फरबरी तक प्रतिदिन प्रातः काल 6:30 बजे से मंगलाष्टक के साथ शांतिमंत्रों के साथ शांतिधारा से प्रारंभ होंगे।

### 120 छात्राओं को मिला बेकरी और चॉकलेट मेकिंग का प्रशिक्षण

**जबलपुर।** शासकीय मानकुँवर बाई कला एवं वाणिज्य स्वशासी महिला महाविद्यालय जबलपुर के स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आज 28 दिवसीय निःशुल्क अल्पावधि स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण बेकरी एवं चॉकलेट मेंकिंग का समापन कार्यक्रम व प्रदर्शनी सह विक्रय का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम के क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक आरपी चक्रवर्ती मुख्य अतिथि व जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक विनीत कुमार रजक विशिष्ट के रूप में उपस्थित थे। महाविद्यालय की प्राचार्य डा. स्मृति शुक्ला ने समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता की। महाविद्यालय की 120 छात्राओं को बेकरी व चॉकलेट मेकिंग का प्रशिक्षण दिया गया।महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. स्मृति शुक्ल ने कहा कि वर्तमान युग प्रतिस्पर्धा का युग है और स्वरोजगार करना एक अच्छा विकल्प है। स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. कविता चतुर्वेदी ने बेकरी एवं चॉकलेट मेंकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। प्रकोष्ठ सदस्य श्रीमती तूलिका गौतम द्वारा आभार प्रदर्शन किया।



## संत अलॉयसियस महाविद्यालय में हुआ 'पदक वितरण समारोह'

**जबलपुर।** संत अलॉयसियस महाविद्यालय (स्वशासी) में सत्र 2023-24 के लिए 29 जनवरी 2026 को 'पदक वितरण समारोह' आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्डिनल फिलिप नेरी फराओ (आर्च बिशप, गोवा एवं दमन) रहे, जबकि अध्यक्षता डॉ. बलन अरासू (बिशप, कैथोलिक धर्मप्रांत, जबलपुर) ने की। विशिष्ट अतिथियों में पीटर रुमाल खराडी, जेराल्ड अल्मेडा और डॉ. फा. डेविस जॉर्ज शामिल थे। समारोह में कुल 44 स्वर्ण पदक और 33 प्रमाणपत्र वितरित किए गए, जिसमें बीएससी बायो समूह की छात्रा सुरभि साह ने सर्वाधिक तीन स्वर्ण पदक प्राप्त किए। इस अवसर पर महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और चार पुस्तकों का विमोचन भी हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में उप-प्राचार्य डॉ. कल्लोल दास, डॉ. नीलांजना पाठक, डॉ. रुपाली अहलूवालिया सहित अन्य शिक्षकों का योगदान रहा।

## क्राइस्ट चर्च को-एड स्कूल में हुई स्काउटिंग की शुरुआत

**जबलपुर।** क्राइस्ट चर्च को-एड, जबलपुर में स्काउटिंग की औपचारिक शुरुआत सहायक राज्य संगठन आयुक्त ललित कुमार मिश्रा एवं जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के मार्गदर्शन तथा जिला मुख्य आयुक्त डॉ. विजयकांत तिवारी के निर्देशन में संपन्न हुई। इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त डॉ. विजयकांत तिवारी ने विद्यार्थियों को स्काउटिंग के महत्व, उद्देश्य एवं इससे होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्काउटिंग से संबंधित प्रेरणादायक वीडियो के माध्यम से छात्रों को स्काउटिंग से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को रोचक एवं प्रभावशाली बनाने के लिए छात्रों में स्काउटिंग के प्रति जिज्ञासा और उत्साह बढ़ाने हेतु नेटवर्किंग गेम्स एवं क्लैप्स जैसी गतिविधियाँ करवाई गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता एवं आत्मनिर्भरता के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ। इस अवसर पर जिला संघ की टीम के साथ-साथ विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही।



## मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ का 15 सूत्रीय मांगों पर संघर्ष जारी

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ ने अपनी 15 सूत्रीय मांगों के समर्थन में सात चरणों में आंदोलन करने का निर्णय लिया है। संघ द्वारा अब तक पांच चरण के आंदोलन किए जा चुके हैं। छठे चरण के तहत 29 जनवरी 2026 को प्रदेश के 55 जिलों में दोपहर 12 बजे बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रशासन को सभी मांगों की जानकारी दी गई।

संघ की मुख्य मांगों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की शीघ्र सीधी भर्ती, आंशकालीन और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों के समान सुविधाएं, आकस्मिक सेवा कर्मचारियों को 300 दिन अर्जित अवकाश, पद परिवर्तन, ग्रेड पे 1800, पुरानी पेंशन बहाली, स्टाई फंड और पीएफ संबंधित सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, कोटवार, माध्याह भोजन एवं सांझा चूल्हा रसोइया, आशा उषा कार्यकर्ता एवं सुपरवाइजर को भी नियमित कर्मचारियों के समान待遇 देने की मांग की गई है। आखिरी चरण में 21 फरवरी 2026 को भोपाल के अम्बेडकर मैदान, तुलसी नगर में जंगी प्रदर्शन एवं आमसभा होगी। बैठक में प्रांतीय सचिव सहदेव रजक, संभागीय अध्यक्ष विपिन पिपरे, जिला अध्यक्ष नरेश कुलस्ते, उपाध्यक्ष हबीब खान समेत महबूब खान, विजय ठाकुर, दयाशंकर पटेल, अरविंद पोर्टे, लखन लाल यादव, संजय राउत, प्रेम नारायण ठाकुर, पवन कुमार, वीरेन सिंह मरावी, भारत कुमार गोंड, सुरेश, ओंकार सिंह, पूरन सिंह, संदीप जायसवाल, सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।





## अयोध्यावासी महिला मंडल ने मनाया हल्दी-कुमकुम का पारंपरिक उत्सव

**जबलपुर।** भँवरताल पार्क में अयोध्यावासी महिला मंडल द्वारा हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने एक-दूसरे को हल्दी और कुमकुम लगाकर पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। आयोजक भावना गुप्ता और अपर्णा गुप्ता ने इस परंपरा के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह सामाजिक एकता और सौभाग्य का प्रतीक है। उपस्थित महिलाओं ने चूड़ियां, मिठाई और उपहार भेंट कर खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम में अपर्णा गुप्ता, शैलजा गुप्ता, भावना गुप्ता, आभा गुप्ता, निधि गुप्ता, सुप्रिया गुप्ता, श्वेता गुप्ता, अभिवंदना गुप्ता, दीपा गुप्ता, मोहित गुप्ता, सुकिरती गुप्ता, सरिता गुप्ता, वर्षा गुप्ता, शालिनी गुप्ता, नीतू गुप्ता, संजना गुप्ता, अमृता गुप्ता, गायत्री गुप्ता, प्रदीप्ता गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, सपना गुप्ता, पूजा गुप्ता और पूर्णिमा गुप्ता सहित समाज की अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

## दलित, ओबीसी, मायनारटी एवं आदिवासी संगठनों का वार्षिक कैलेंडर 2026 जारी



**जबलपुर।** नगर निगम जबलपुर के अध्यक्ष रिंकुज विज और नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने दलित, ओबीसी, मायनारटी एवं आदिवासी संगठनों के परिसंघ जबलपुर के वार्षिक कैलेंडर 2026 का विमोचन नगर निगम अध्यक्ष के कक्ष में किया। अध्यक्ष ने कर्मचारियों और उपस्थित प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी और कहा कि यह कैलेंडर सभी के लिए उपयोगी रहेगा। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष अजय झारिया, जिला अध्यक्ष राजेंद्र कापसे, महासचिव मुक्तेश्वर राव, उपाध्यक्ष सुरेंद्र लखेरा, नगरी निकाय प्रकोष्ठ अध्यक्ष जय केवट, राजकुमार बरसे सहित गढ़ा गोंडवाना संघ के नेम सिंह मरकाम, उत्तम ताराम, विजय सिंह मरावी, प्रमिला मरावी, एस.के. सचदेवा, एमएल. रैकवार, गया प्रसाद केवट, अशोक पटेल, शंभू पंडाजी, विश्वनाथ पासी, घनश्याम यादव, ममता मलिक, अर्चना सतनामी और अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## गुलशने मदीना कमेटी और मप्र मुस्लिम विकास परिषद ने किया ध्वजारोहण

**जबलपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को हुसैन चौक, मुबीन मंजिल नया मुहल्ला में गुलशने मदीना कमेटी एवं मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद ने ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यश लखन घनघोरिया (प्रदेश अध्यक्ष म.प्र. युवक कांग्रेस) और दिनेश यादव (प्रदेश महामंत्री म.प्र. कांग्रेस कमेटी) रहे। अध्यक्षता सौरभ नाटी शर्मा (नगर अध्यक्ष, शहर जिला कांग्रेस कमेटी) ने की। विशिष्ट अतिथियों में अमरीश मिश्रा, अयोध्या तिवारी, गुड्डू नबी, अशरफ मंसूरी, हाजी मो. सलीम खान, बाबा रिजवान साहब, पप्पू वसीम खान, मो. नसीम खान, आरिफ बैग, एड. अल्तमस खान और अन्य शामिल रहे। समारोह में स्थानीय गणमान्य नागरिकों और व्यवसायियों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया।



## वंदे मातरम से गूंजा भंवरताल गार्डन

**जबलपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर भंवरताल गार्डन देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। मॉर्निंग वॉकर एवं जिम संगठन द्वारा नियमित व्यायाम के पश्चात ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने संविधान के प्रमुख अध्यायों पर प्रकाश डाला।मुख्य वक्ता पालन काका ने अपने उद्बोधन में संविधान निर्माण में जबलपुर के गौरवपूर्ण योगदान का उल्लेख करते हुए बताया कि भारतीय संविधान के मुख्य पृष्ठ सहित अनेक पृष्ठों का कलात्मक श्रृंगार जबलपुर के राममनोहर सिन्हा द्वारा किया गया था, जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है। वहीं पिंटू सोनकर ने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान होने के कारण भारत को वैश्विक स्तर पर एक विशिष्ट पहचान प्राप्त है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रवि जैन, रिंकू, अनिल अंकल, अमीन, बंटी एवं पवन का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### संत रविदास विचार मंच का जत्था मैहर में माथा टेकने जाएगा

**जबलपुर।** संत रविदास विचार मंच के मोहनलाल चौधरी ने बताया कि मंच का एक जत्था 01 जनवरी को प्रातः 07 बजे जबलपुर से मैहर के लिए रवाना होगा, जहां संत रविदास आश्रम में मंच के सदस्य माथा टेकेंगे। मंच के धर्मेन्द्र सतनामी, अध्यक्ष शारदा प्रसाद चौधरी, रामसिपाही सेठ, बृजलाल, मीना चौधरी, सीताबाई, श्यामबाई, रामबाई, सियाबाई, रामकली, द्रोपदीबाई जत्था में शामिल होंगे।

### अग्निवीर भर्ती रैली 13 फरवरी से 24 फरवरी तक कटनी में होगी रैली

**जबलपुर।** भारतीय सेना में शामिल होने का सुनहरा मौका। जबलपुर सहित 15 जिलों के युवाओं के लिए अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। उप संचालक रोजगार एमएस मरकाम ने कहा कि भर्ती कार्यालय मुख्यालय जबलपुर द्वारा युवाओं के लिए भर्ती की रैली आयोजित की जाएगी। यह रैली 13 फरवरी से 24 फरवरी 2026 तक पुलिस लाइंस झिंझरी कटनी में होगी। अग्निवीर जनरल ड्यूटी, तकनीकी, क्लर्क स्टोर कीपर, ट्रेड्समैन जैसे पदों के लिए भर्ती होगी।जबलपुर, अनूपपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, कटनी, मंडला, मउगंज, नीमच, रीवा, सतना, सिवनी, शहडोल, सीधी, सिंगरौली और उमरिया जिले के युवा इस रैली में शामिल हो सकते हैं।



## खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026: मानवराज यादव ने कांस्य पदक जीत कर जबलपुर का नाम किया रोशन

**जबलपुर।** मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी के होनहार खिलाड़ी मानवराज यादव ने खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 में अपने आयु एवं वजन वर्ग में कांस्य पदक जीतकर जबलपुर को गौरवान्वित किया। मात्र 3 वर्ष की आयु से पिता एवं अंतरराष्ट्रीय मार्शल आर्ट प्रशिक्षक राजकुमार यादव के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लेने वाले मानवराज ने 7 वर्ष की उम्र में वर्ल्ड ताइक्वांडो हेडक्वार्टर, साउथ कोरिया से ब्लैक बेल्ट की उपाधि भी प्राप्त की है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी आशीष पांडे, मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी के संस्थापक राजकुमार यादव, जयराज चौधरी एवं झामसिंह तेकाम ने उनकी उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं। मानवराज की यह सफलता कम उम्र में अनुशासन, समर्पण और निरंतर अभ्यास का प्रेरक उदाहरण है।

## खेल कूद : ट्रांसको में 4 दिवसीय प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

### टीम भावना सुदृढ़ करना उद्देश्य : तिवारी

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता–2026 का शुभारंभ ज्योति क्लब परिसर, रामपुर में हुआ। उद्‌घाटन समारोह के मुख्य अतिथि कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि मध्य प्रदेश विद्युत महिला मंडल की अध्यक्ष डॉ. अंजना तिवारी रहीं। इस अवसर पर प्रबंध संचालक ने अपने उद्बोधन में कहा कि वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उद्देश्य मनोरंजन नहीं, बल्कि कार्मिकों एवं उनके परिजनों के बीच टीम ट्रांसको की भावना को सुदृढ़ करना है। प्रतियोगिता के संयोजक एवं कार्यपालन अभियंता इकबाल खान ने बताया कि चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में कुल छह खेल—टेबल टेनिस, शतरंज, बैडमिंटन, कैरम, रस्साकसी एवं स्पून रेस को शामिल किया गया है। प्रतियोगिता में ट्रांसमिशन कंपनी के नियमित, संविदा, आउटसोर्स, सेवानिवृत्त कार्मिकों के साथ-साथ उनके पारिवारिक सदस्य भी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

### नाम सुधार सूचना

मैं फखरूद्दीन फखर Fakhruddin Fakhar आयु 58 वर्ष पिता स्व. श्री कमरूद्दीन निवासी-495, बोहरा गली, जवाहरगंज वार्ड 22. जबलपुर (म.प्र.) में शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि - 1. यह कि, मैं उपरोक्त पते पर स्थायी रूप से निवासरत हूँ। 2. यह कि, मेरा पासपोर्ट क्रं. J6558941 वैधता दिनांक 17.05.2021 है अपने पासपोर्ट को बेरीफिकेशन करवाना चाहता हूँ। जिसमें मेरा नाम फखरूद्दीन Fakhruddin दर्ज है जो अधूरा नाम है। जबकि मेरा वास्तविक नाम फखरूद्दीन फखर Fakhruddin Fakhar सही नाम है। 3. यह कि, मेरा अधार कार्ड नं. 8159 9348 0876 पेनकार्ड नं. ABHPF0807A वोटर आई डी नं. XAJ0028613 मुझे भारतीय नागरिकता प्राप्त है मैं जबलपुर में जन्म से निवासरत हैं। 4. यह कि मेरे विरुद्ध जबलपुर अथवा भारत वर्ष के किसी भी न्यायालय/थाने में कोई भी आपराधिक प्रकरण दर्ज/लंबित/पंजीबद्ध नहीं है। 5. यह कि, और ना ही मुझे किसी भी न्यायालय द्वारा दंडित किया गया है न ही मुझे किसी भी न्यायालय द्वारा दोषी ठहराया गया है। 6. यह कि, अब मुझे फखरुद्दीन Fakhruddin के स्थान पर फखरूद्दीन फखर Fakhruddin Fakhar के नाम से जाना एवं पहचाना जाये।

जबलपुर, दिनांक- 28.01.2026

शपथकर्ता
Fakhruddin Fakhar

# पूरी दुनिया घुमाने वाला जहाज! एक टिकट की कीमत में खरीद लेंगे छोटा-सा घर

एजेंसी ▸▸ लंदन

अगर आप सपनों में भी पूरी दुनिया घूमने की कल्पना करते हैं तो एक ऐसा तरीका है जो आपको समंदर के रास्ते 130 दिनों में कई महाद्वीपों और दर्जनों देशों की सैर करवा देता है। वर्ल्ड क्रूज या अराउंड द वर्ल्ड क्रूज नाम से मशहूर ये सफर क्रूज शिप पर होता है, जहां आपका घर ही चलता फिरता है। अनपैकिंग सिर्फ एक बार करनी पड़ती है और हर दिन नई जगह, नया नजारा और नई संस्कृति देखने को मिलती है। कई क्रूज कंपनियां ऐसे लंबे वर्ल्ड क्रूज ऑफर करती हैं, जो आमतौर पर 120 से 140 दिनों के बीच होते हैं।

### ऐसा है सफर

130 दिनों के वर्ल्ड क्रूज में आप 30 से 50 पोर्ट्स पर रुकते हैं, 25-35 देशों की सैर करते हैं और 6 महाद्वीपों को पार करते हैं। इसमें पनामा कैनाल का क्रॉसिंग, फ्रेंच पोलिनेशिया की खूबसूरत द्वीप, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, एशिया के कई देश जैसे इंडोनेशिया, सिंगापुर, थाईलैंड, भारत, श्रीलंका, अफ्रीका के केप टाउन, यूरोप के कई शहर और अमेरिका के कई पोर्ट शामिल होते हैं। कई क्रूज में 7-10 ओवरनाइट स्टे भी होते हैं, जहां आप रात भर शहर एक्सप्लोर कर सकते हैं। यह सफर सिर्फ यात्रा नहीं, बल्कि एक फ्लोटिंग लग्जरी होटल का अनुभव है। क्रूज शिप पर कई रेस्टोरेंट, स्विमिंग पूल, स्पा, जिम, थिएटर, लाइव शो, कैसीनो, लाइब्रेरी और यहां तक कि क्लासेस भी चलती हैं। खाना, ड्रिंक्स (कुछ पैकेज में), इंटरनेट, लॉन्ड्री और ग्रेच्युटी सब शामिल होते हैं। दिन भर समंदर पर रिलैक्स करते हुए किताबें पढ़ना, सूर्यास्त देखना या नए दोस्त बनाना -यह सब शामिल है।

### पानी के रास्ते दुनिया भर की सैर करवाने वाला क्रूज



### इतनी है कीमत

कई लोग इसे रिटायरमेंट का बेस्ट तरीका मानते हैं, जहां वे घरेलू कामों से दूर रहकर दुनिया देखते हैं। एक व्यक्ति के लिए बेसिक कैबिन (इंसाइड या ओशनव्यू) की कीमत 15,000 से 25,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 12-20 लाख रुपए) से शुरू होती है। लग्जरी या बालकनी/सूट में यह 60,000 से 1 लाख डॉलर (50 लाख से 80 लाख रुपए) तक जा सकती है। कुछ अल्ट्रा-लग्जरी क्रूज में यह 8 लाख डॉलर तक पहुंच जाती है। अब सोचिए, भारत में कई शहरों में एक छोटा-सा 1बीएचके फ्लैट या घर इतने में मिल जाता है। लेकिन यहां आपको 130 दिनों तक लग्जरी लाइफस्टाइल, खाना-पीना, ट्रैवल और अनगिनत यादें मिलती हैं। हर दिन के हिसाब से कीमत देखें तो यह 100-200 डॉलर प्रति दिन पड़ती है, जो एक अच्छे होटल से सस्ती है क्योंकि इसमें सब कुछ शामिल है।

## रोचक खबरें



## 33,000 फीट की ऊंचाई से गिरी लड़की फिर भी दे डाली मौत को मात!

**नई दिल्ली।** प्लेन हादसे दर्दनाक होते हैं। इन हादसों में बचने वालों की संख्या बेहद कम होती है। अब तक के रिकाड्र्स में वेस्ना वुलोविच नाम की महिला का नाम दर्ज है, जिसने बेहद खौफनाक प्लेन क्रैश सर्वाइव किया था। महिला 33 हजार फ़ीट की ऊंचाई से गिरकर भी जिंदा रह गई थी। प्लेन हादसे हमेशा दिल दहला देने वाले होते हैं। इनमें जिंदा बचने की संभावना बेहद कम होती है, लेकिन इतिहास में एक ऐसी घटना दर्ज है जो आज भी लोगों को हैरान करती है। यह कहानी है वेस्ना वुलोविच की, एक 23 साल की युगोस्लाव फ्लाइट अटेंडेंट की, जिन्होंने 33,000 फीट से ज्यादा की ऊंचाई से गिरकर भी जिंदगी पाई। गिनीज वर्ल्ड रिकॉड्र्स में सबसे ऊंची गिरावट बिना पैराशूट के सर्वाइव करने का रिकॉर्ड आज भी उनके नाम दर्ज है। घटना 26 जनवरी 1972 की थी। वेस्ना वुलोविच उस समय जाट युगोस्लाव एयरलाइंस में नई-नई फ्लाइट अटेंडेंट बनी थीं। वे मूल रूप से उस फ्लाइट पर ड्यूटी के लिए नहीं थी। एक क्लेरिकल मिस्टेक हुई, जिसमें उनके नाम को दूसरे फ्लाइट अटेंडेंट (जिसका नाम भी वेस्ना था) से कन्फ्यूज कर दिया गया। इस वजह से वे स्टॉकहोम से बेलग्रेड जा रही फ्लाइट 367 पर सवार हो गई।

## कोयले जैसा काला शरीर और डरावनी आंखें प्रशांत महासागर पर मिली सांप की नई प्रजाति

**पोर्ट मोरेस्बी।** प्रशांत महासागर के बीच एक दूर दराज द्वीप पर खुदाई की एक पुरानी और खंडहर हो चुकी जगह है। वहां गहराई में वैज्ञानिकों को एक अजीबोगरीब जीव मिला है। इस जीव की आंखें काली और शरीर बिल्कुल चिकना है और वैज्ञानिकों का कहना है कि उन्होंने आज से पहले ऐसा जीव कभी नहीं देखा। पापुआ न्यू गिनी के एक टापू लुइसियाड द्वीपसमूह पर एक नया जानवर मिला है, जिसने पूरी दुनिया के वैज्ञानिकों का ध्यान खींचा है। यह इलाका अपनी अनोखी बनावट के लिए जाना जाता है, जहां बाहरी दुनिया के लोग बहुत कम पहुंच पाते हैं। हैरानी की बात यह है कि यह जीव सबसे पहले उस जगह मिला जहां कभी माइनिंग का काम होता था। रिसर्च में पता चला कि यह जीव जंगलों के साथ-साथ इंसानों द्वारा बनाई गई जगहों पर भी आराम से रह सकता है। इसकी इसी खूबी ने वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया है। सांपों की एक नई प्रजाति खोजी गई है जिसका नाम डेंड्रेलाफिस एट्रा रखा गया है। यह सांप जहरीला नहीं होता और ज्यादातर पेड़ों पर रहता है। इसे मिसिमा नाम के एक द्वीप पर पाया गया है।

## राशिफल

**मेष** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में

## श्याम मेटालिक्स का एस-इ-एल टाइगर टीएमटी बार्स मध्य प्रदेश में विस्तार पर



**जबलपुर।** श्याम मेटालिक्स का प्रमुख TMT ब्रांड S-E-L टाइगर TMT बार्स मध्य प्रदेश में रणनीतिक बाजार विस्तार के तहत अपनी मौजूदगी को मजबूत कर रहा है। राज्य में बढ़ती आवासीय, बुनियादी ढांचा और वाणिज्यिक निर्माण गतिविधियों को देखते हुए कंपनी ने अंतिम छोर तक उपलब्धता और जमीनी स्तर पर ब्रांड जुड़ाव पर विशेष फोकस किया है। इस रणनीति के तहत कंपनी ने भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन, रतलाम, सतना, रीवा सहित कई जिलों में हाई-इम्पैक्ट वैन एक्टिवेशन अभियान शुरू किया है। यह अभियान ठेकेदारों, इंजीनियरों, बिल्डरों और स्थानीय व्यापारिक समुदाय के साथ सीधे संवाद के माध्यम से उत्पाद जागरूकता और विश्वास को मजबूत करने पर केंद्रित है।इस अवसर पर अनीश मिश्रा, एसोसिएट प्रेसिडेंट – सेल्स एंड मार्केटिंग, S-E-L टाइगर TMT बार्स ने कहा कि मध्य प्रदेश कंपनी की विकास रणनीति में एक महत्वपूर्ण बाजार है। उन्होंने बताया कि वैन एक्टिवेशन अभियान के जरिए निर्माण समुदाय के साथ जुड़ाव बढ़ाया जा रहा है और ब्रांड की मजबूती, टिकाऊपन व विश्वसनीयता को प्रभावी रूप से प्रदर्शित किया जा रहा है। निरंतर निवेश, मजबूत सप्लाई चेन और गुणवत्ता मानकों के साथ S-E-L टाइगर TMT बार्स मध्य प्रदेश में आवासीय और सरकारी परियोजनाओं के लिए एक भरोसेमंद स्टील ब्रांड के रूप में अपनी स्थिति को सुदृढ़ कर रहा है।

## पेंशन कराधान में सुधार की मांग, सेवानिवृत्ति आय बढ़ाने पर ज़ोर



**जबलपुर।** लाइफ इंश्योरेंस काउंसिल–इंश्योरेंस अवेयरनेस कमेटी (आईएसी-लाइफ) ने पेंशन कराधान व्यवस्था में सुधार की मांग की है। समिति का कहना है कि मौजूदा कर ढांचा निश्चित आय पर निर्भर पेंशनभोगियों पर असमान वित्तीय बोझ डालता है। आईएसी-लाइफ के सह-अध्यक्ष वेंकी अय्यर ने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में पूरी पेंशन राशि पर कर लगाया जाता है, जबकि केवल ब्याज या लाभ पर कर लगाए जाने का विकल्प अपनाया जा सकता है। इससे पेंशनभोगियों की सेवानिवृत्ति के बाद की आय में प्रत्यक्ष वृद्धि होगी और दीर्घकालिक बचत को भी बढ़ावा मिलेगा। समिति ने यह भी सुझाव दिया है कि जो पेंशनभोगी अपनी पेंशन राशि का परिवर्तन नहीं करते हैं, उनके लिए मानक कटौती का प्रावधान किया जाए, ताकि सभी पेंशनधारकों के लिए कर समानता सुनिश्चित हो सके। आईएसी-लाइफ का मानना है कि ऐसे सुधार वरिष्ठ नागरिकों की वित्तीय सुरक्षा को मजबूत करेंगे और बढ़ती वृद्ध आबादी के लिए अधिक न्यायसंगत कर प्रणाली बनाने में सहायक होंगे।

## बक्सर प्लांट शुरू, जेके सीमेंट की क्षमता 31 एमटीपीए के पार



**बक्सर (बिहार)।** जेके सीमेंट लिमिटेड ने बिहार के बक्सर में अपने अत्याधुनिक ग्रे सीमेंट प्लांट का शुभारंभ किया है। इस 3 एमटीपीए क्षमता वाले नए प्लांट के साथ कंपनी की कुल उत्पादन क्षमता बढ़कर 31.26 मिलियन टन प्रति वर्ष हो गई है, जिससे जेके सीमेंट देश की शीर्ष पाँच ग्रे सीमेंट उत्पादक कंपनियों में शामिल हो गई है।100 एकड़ में फैला यह प्लांट पटना–बक्सर हाईवे पर स्थित है और इससे बिहार व आसपास के क्षेत्रों में सीमेंट की तेज़ और कुशल आपूर्ति संभव होगी। कंपनी ने इस परियोजना में लगभग 500 करोड़ रुपये का निवेश किया है और 29 जनवरी 2026 से वाणिज्यिक उत्पादन शुरू हो गया है। जेके सीमेंट के प्रबंध निदेशक डॉ. राघवपत सिंघानिया ने कहा कि यह उपलब्धि कंपनी की विकास यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है और बिहार के बुनियादी ढांचे को मजबूती देने में सहायक होगी। वहीं संयुक्त प्रबंध निदेशक एवं सीईओ माधवकृष्ण सिंघानिया ने कहा कि स्थानीय उत्पादन से ग्राहकों को बेहतर और तेज़ सेवा मिल सकेगी। यह प्लांट न केवल बुनियादी ढांचा, आवास और वाणिज्यिक परियोजनाओं को समर्थन देगा, बल्कि क्षेत्र में रोजगार सृजन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा।

## एयरटेल ग्राहकों को एडोबी एक्सप्रेस प्रीमियम मुफ्त

**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल ने वैश्विक स्तर पर पहली बार अपने 36 करोड़ भारतीय ग्राहकों को एडोबी एक्सप्रेस प्रीमियम एक वर्ष के लिए निःशुल्क उपलब्ध कराने की घोषणा की है। लगभग 4,000 रुपये मूल्य वाला यह एआई आधारित डिज़ाइन टूल मोबाइल, वाई-फाई और डीटीएच सहित सभी एयरटेल ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगा।एयरटेल थैंक्स ऐप के माध्यम से बिना क्रेडिट कार्ड के इस सुविधा का लाभ लिया जा सकता है। एडोबी एक्सप्रेस प्रीमियम से यूजर्स सोशल मीडिया पोस्ट, मार्केटिंग कंटेंट, वीडियो, पोस्टर, रिज़्यूमे और अन्य डिज़ाइन आसानी से तैयार कर सकेंगे।इस अवसर पर एयरटेल के सीईओ (कनेक्टेड होम्स) एवं डायरेक्टर मार्केटिंग सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि यह साझेदारी छात्रों, छोटे कारोबारियों और कंटेंट क्रिएटर्स को अत्याधुनिक एआई टूल्स के ज़रिये सशक्त बनाएगी। वहीं एडोबी डिजिटल मीडिया के प्रेसिडेंट डेविड वाधवानी ने इसे भारत की क्रिएटर इकॉनमी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।एडोबी एक्सप्रेस हिंदी सहित कई भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है और इसमें एआई इमेज जनरेशन, वीडियो एडिटिंग, प्रीमियम टेम्पलेट्स, फॉन्ट्स और क्लाउड स्टोरेज जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

## ग्रीनलैंड की बर्फ के नीचे मिला बड़ा खतरा! डूब जाएंगे कई शहर



**वॉशिंगटन।** वैज्ञानिकों को ग्रीनलैंड की जमी हुई बर्फ के नीचे एक नई बनावट मिली है। इस खोज से यह पता चलेगा कि भविष्य में समुद्र का जलस्तर कितनी तेजी से बढ़ सकता है। यह जानकारी वैज्ञानिकों के पुराने अनुमानों को पूरी तरह बदल सकती है।

**वैज्ञानिकों ने दी चेतावनी**

वैज्ञानिकों ने ग्रीनलैंड की बर्फ के नीचे एक ऐसी चीज़ का पता लगाया है जो आने वाले समय में हमारी दुनिया के समुद्रों का नक्शा बदल सकती है। वैज्ञानिकों को बर्फ की मीलों मोटी चादर के नीचे एक अदृश्य परत मिली है। यह परत तय करती है कि ग्लेशियर कितनी तेजी से खिसकेंगे और पिघलेंगे। इस खोज से पता चला है कि ग्रीनलैंड की बर्फ हमारे अंदाजे से कहीं ज्यादा तेजी से पिघलकर समुद्र का जलस्तर बढ़ा सकती है। इसके लिए वैज्ञानिकों ने बर्फ में कोई छेद नहीं किया बल्कि उन्होंने भूकंप की लहरों की मदद ली।

### क्या नीचे जाता पानी सुरक्षित है?

दरारों से होकर नीचे जाता यह पानी जमीन के बीच तेल जैसा काम करता है जिससे घर्षण कम हो जाता है और बर्फ के बड़े-बड़े हिस्से और भी तेजी से खिसककर समुद्र में गिरने लगते हैं।

### वैज्ञानिकों की जांच में क्या सामने आया?

वैज्ञानिकों ने बताया है कि ग्रीनलैंड की बर्फ केवल सूरज की गर्मी से ऊपर से ही नहीं पिघल रही, बल्कि नीचे की जमीन भी इसे समुद्र में धकेल रही है। बर्फ की चादर के नीचे चिकनी होती है और वहां बर्फ अपने भारी वजन के कारण तेजी से फिसलकर समुद्र की तरफ बहने लगती है।

## चांद पर जाने से पहले क्वारंटाइन हुए 4 अंतरिक्ष यात्री दुनिया से सबसे ताकतवर रॉकेट से भरेंगे उड़ान



### किस-किस को अगल रखा गया?

नासा के तीन अंतरिक्ष यात्री रीड वाइजमैन, विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और कनाडा के जेरेमी हैनसेन अब एक कड़े स्वास्थ्य नियम का पालन कर रहे हैं। 1960 के दशक से ही अंतरिक्ष यात्री उड़ान भरने से पहले बाहरी दुनिया से कट जाते हैं, जिससे वे बीमार न पड़ें लेकिन इस बार का तरीका थोड़ा अलग है। हालांकि, अभी रॉकेट लॉन्च की तैयारी पक्की तारीख तय नहीं हुई है।

**वॉशिंगटन।** आर्टेमिस-II मिशन पर जाने वाले अंतरिक्ष यात्रियों ने अपनी यात्रा से पहले क्वारंटाइन में रहना शुरू कर दिया है। यानी अब वे कुछ दिनों तक बाहरी दुनिया के लोगों से अलग रहेंगे, जिससे किसी भी तरह की बीमारी से बचे रहें और मिशन के लिए सुरक्षित रहें। इंसानों को एक बार फिर चांद पर भेजने का सपना अब सच होने के करीब पहुंच रहा है। आर्टेमिस-II मिशन एक बहुत ही बड़ा कदम उठाने जा रहा है। 1972 में अपोलो मिशन के बाद से आज तक कोई भी इंसान चांद के पास नहीं गया है। यह मिशन इस 50 साल के लंबे इंतजार को खत्म कर देगा। 24 जनवरी को इस मिशन के 4 अंतरिक्ष यात्री क्वारंटाइन में रहने चले गए।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है - सुरक्षागार्ड, गनमैन, सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड ऑफिसर कामवाली बाई। वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री। पता- श्रीसाई सिक्युरिटी सर्विस, सांई निवास कॉम्प्लेक्स, जेजे हॉस्पिटल के बाजू में तोरवा बिलासपुर 9301186703, 8253010291 (रायपुर /03/फरवरी 25)

आवश्यकता है- कुत्ते के आश्रम में जिम्मेदार स्टाफ चाहिए। कुत्तों को खाना देना, देख - भाल, मल मूत्र सफाई का कार्य, रू 10,000 मासिक वेतन, रहना खाना उपलब्ध । चंदखुरी रायपुर, छत्तीसगढ 7225888800 (रायपुर /29/जन. 25)


सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।




## दुनिया का वो अनोखा जीव, ठंड में खो बैठता है याददाश्त

**नई दिल्ली।** दुनिया में कई अनोखे जीव हैं, लेकिन आर्कटिक ग्राउंड स्क्विरल सबसे हैरान करने वाला है। ये छोटा-सा गिलहरी जैसा जीव अलास्का, कनाडा और साइबेरिया की बेहद ठंडी जगहों पर रहता है, जहां सर्दियां 8 महीने तक चलती है। यहां तापमान -30C से नीचे गिर जाता है। ज्यादातर जीव ठंड से बचने के लिए संघर्ष करते हैं, लेकिन ये स्क्विरल ठंड को सेलिब्रेट करता है, हाइबरनेशन में जाकर!


### गर्मी आते ही याद आ जाती है एक-एक बात!



### जिंदा रहने की अनोखी तरकीब

हाइबरनेशन के दौरान इसका बॉडी टेम्परेचर पानी के फ्रीजिंग पॉइंट से नीचे -2.9C तक पहुंच जाता है। ये किसी भी स्तनधारी में सबसे कम दर्ज तापमान है। दिल की धड़कन 200 से घटकर 1-5 बीट्स प्रति मिनट रह जाती है, सांसें मुश्किल से 1-2 बार प्रति मिनट चलती है। ब्रेन एक्टिविटी लगभग शून्य हो जाती है। न्यूरॉन्स सिकुड़ जाते हैं, हजारों-लाखों सिनैप्सेस (न्यूरल कनेक्शन) टूट जाते हैं या विल्ट हो जाते हैं। इंसानों में ऐसा होने पर ब्रेन सेल्स डैमेज हो जाते, स्ट्रोक जैसी स्थिति बन जाती है।

## शब्द पहेली - 6123



**बाएँ से दाए**
1. अपनापन का विलोम-5
4. हठ करना,रोना,लालसा करना-4
7. गीत (अंग्रेजी-2)
8. गलीचा,कारपेट-3
9. किनारा,छोर-2
10. झगड़ा,कहासुनी-4
11. समय,वक्त-2
13. बेबस-3
14. राष्ट्र,स्वदेश-2
15. पुत्र,लड़का-3
17. प्राप्त करना-2
19. सेंधमार-5
22. चरित्र,व्यवहार-2,3
25. जीव,दूत,जासूस-2
26. आत्मबलि देना-3
28. ताकत,जोश,बल-2
29. कराह,टीस,लालसा-3
30. वहम,संदेह-2
32. आह भरना-4
34. दूर्वा,घास-2
36. चोंगा,गाऊन-3
37. सफर,जात्रा-2
38. दयालु,कृपालु-4
39. निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. पांव, पैर-2
2. भिखारी,मंगता-3
3. अस्वीकृत करना-3,2
4. माला का मोती-3
5. बुरी आदत-2
6. नाटक से परिपूण-4
7. हल्का काला,श्याम-5
10. व्यवस्थित-4
12. बुरी आदत-2
16. अनुकृति-3
17. तांबूल,पत्ता-2
18. रुखसार,कपोल-2
20. डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21. जोड़,योग-2
22. चतुर्थ-2
23. आनंद ध्वनि करना-4
24. महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25. चमकीला-5
26. नीच,नराधम -4
27. विनाश, नेस्तनाबूत-2
31. रंग (अंग्रेजी-3)
33. पराजित करना-3
35. गौरैया, एक चिड़िया-2
37. दोस्त,मित्र, सखा-2

**शब्द पहेली- 6122 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6133

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6132 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

MANGAL SENACHA BANGALORE

# रणजी ट्रॉफी : सौराष्ट्र के उनादकट का कहर, चटकाए 4 विकेट, चंडीगढ़ 136 रन पर ढेर

एजेंसी ▸▸ चंडीगढ़

रणजी ट्रॉफी में एलीट ग्रुप बी में सौराष्ट्र के खिलाफ चंडीगढ़ की टीम गुरुवार को घरेलू मैदान पर पहली पारी में महज 136 रन पर ढेर हो गई। सौराष्ट्र के कप्तान जयदेव उनादकट ने चंडीगढ़ सेक्टर 16 स्थित क्रिकेट स्टेडियम में अपनी गेंदबाजी से चंडीगढ़ के बल्लेबाजों पर जमकर कहर बरपाया। जयदेव उनादकट ने 14 ओवर में 44 रन देकर चार विकेट चटकाए।

जयदेव उनादकट के अलावा चेतन साकरिया ने 10.1 ओवर में 43 रन और चिराग जानी ने छह ओवर में 18 रन देकर 2-2 विकेट झटके। प्रेरक मांकड़ भी एक विकेट (नौ ओवर में 19 रन) लेने में सफल रहे। चंडीगढ़ के कप्तान मनन वोहरा बिना खाता खोले रन आउट हो गए। मनन वोहरा समेत चंडीगढ़ के चार बल्लेबाज अपना खाता नहीं खोल पाए। शिवम भांबरी, वैभव नारंग बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। ग्यारहवें बल्लेबाज के रूप में क्रीज पर कार्तिक सांडिल तीन गेंद में अपना खाता नहीं खोल पाए और पवेलियन लौट गए।



### चंडीगढ़ के अरजित और जगजीत की शानदार बल्लेबाजी

चंडीगढ़ की ओर से विकेटकीपर अरजित सिंह और आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए जगजीत सिंह संधू संयुक्त रूप से टीम के उच्चतम स्कोरर रहे। अरजित सिंह ने 60 गेंद में पांच चौके और जगजीत सिंह संधू ने 54 गेंद में चार चौके की मदद से 29-29 रन बनाए। अन्य बल्लेबाजों की बात करें तो अर्जुन आजाद 20 रन बनाकर पवेलियन लौटे। राज अंगद बावा ने 27 गेंद में 14, विशु ने 31 गेंद में 18, निशंक बिड़ला ने 27 गेंद में 12 और रोहित ढांडा ने 10 गेंद में तीन रन बनाए।



### पंजाब का मजबूत स्कोर अमनजोत ने लगाया अर्धशतक

**मोहाली।** अमनजोत सिंह चहल के नाबाद 77 रन की मदद से पंजाब ने कर्नाटक के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी के आखिरी लीग मैच के पहले दिन 9 विकेट पर 303 रन बनाए। एक समय पर पंजाब का स्कोर छह विकेट पर 168 रन था लेकिन इसके बाद अमनजोत ने एक छोर संभालकर बल्लेबाजी की। अभिजीत गर्ग (81) और कप्तान उदय सहारन (44) ने शीर्षक्रम पर अच्छी पारियां खेली लेकिन मध्यक्रम चल नहीं सका। इक्कीस वर्ष के अमनजोत ने इसके बाद हालांकि कर्नाटक के गेंदबाजों को खासा परेशान किया। पंजाब टीम में वापसी कर रहे इस हरफनमौला ने इससे पहले 2024 में दो मैच खेले थे। कर्नाटक के लिए विद्याधर पाटिल और श्रेयस गोपाल ने तीन-तीन विकेट लिए।

## खबर संक्षेप



### सेंथिलकुमार और चोटरानी की शानदार शुरुआत

**नई दिल्ली।** मौजूदा पुरुष राष्ट्रीय चैंपियन वेलवन सेंथिलकुमार और वीर चोटरानी ने वाशिंगटन में चल रही स्क्वाश ऑन फायर ओपन की पीएसए कांस्य स्तर की प्रतियोगिता में शानदार शुरुआत करते हुए अगले दौर में प्रवेश किया। विश्व में 46वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार ने इंग्लैंड के टॉम वॉल्श को 12-14, 11-8, 11-8, 11-6 से हराया। अगले दौर में उनका मुकाबला मैक्सिको के विश्व के 11वें नंबर के खिलाड़ी लियोनेल कार्डेनास से होगा। विश्व में 49वें नंबर के खिलाड़ी चोटरानी ने हंगरी के बालाज़ फ़ार्कस को 6-11, 9-11, 11-5, 11-9, 11-3 से हराया और अब उनका मुकाबला फ्रांस के चौथे वरीयता प्राप्त बैपटिस्ट मासोटी से होगा। महिला राष्ट्रीय चैंपियन और सातवीं वरीयता प्राप्त अनाहत सिंह को पहले दौर में बाई मिली है।


### जम्मू में होगी फुटबॉल और क्रिकेट प्रीमियर लीग



**जम्मू।** जमीनी स्तर पर खेलों को मजबूत करने के उद्देश्य से जम्मू में अगले महीने वाईएसएस-जेकेएससी फुटबॉल और क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन किया जाएगा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि युवा कल्याण एवं खेल विभाग (वाईएसएस) की जम्मू और कश्मीर खेल परिषद (जेकेएससी) के सहयोग से शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य प्रतिस्पर्धी खेलों को पुनर्जीवित करना और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। यह लीग सिंथेटिक टर्फ फुटबॉल ग्राउंड, परेड और एमए स्टेडियम में आयोजित की जाएंगी। जम्मू-कश्मीर खेल परिषद के प्रवक्ता ने कहा, 'वाईएसएस-जेकेएससी क्रिकेट और फुटबॉल प्रीमियर लीग जम्मू के पेशेवर क्रिकेट और फुटबॉल टूर्नामेंटों को फिर से शुरू करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।'

### मैं अब अधिक समझदार क्रिकेटर बन गया हूं : दुबे

**विशाखापत्तनम।** भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने विशाखापत्तनम की सुहावनी रात में न्यूजीलैंड के खिलाफ 23 गेंदों में 65 रन की तूफानी पारी खेलकर



तेज गेंदबाजी के खिलाफ अधिक सहज होकर खेलने का शानदार नमूना पेश किया और इसका श्रेय अपनी बेहतर 'मानसिकता' को दिया, जिसने उन्हें 'अधिक समझदार' क्रिकेटर बनाया। इसमें कोई संदेह नहीं कि लेग-स्पिनर ईश सोढ़ी के एक ओवर में बनाए गए 29 रन के कारण दुबे को अधिक सुर्खियां मिलेगी, लेकिन तेज गेंदबाजों जैकब डफी और मैट हेनरी के खिलाफ लगाए गए उनके तीन छक्के भी उतने ही महत्वपूर्ण थे।यह एक स्पष्ट संकेत था कि अब वह केवल स्पिनरों को ही निशाना नहीं बनाते हैं बल्कि तेज गेंदबाजों पर भी बड़े शॉट खेल सकते हैं।

## सेमीफाइनल में एरिना ने स्वितोलिना को सीधे सेटों में दी पटखनी

# वर्ल्ड नंबर-1 सबालेंका लगातार चौथी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में



एजेंसी ▸▸ मेलबर्न

ऑस्ट्रेलियन ओपन के विमेंस सिंगल्स सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर 1 एरिना सबालेंका ने यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना के खिलाफ 6-2, 6-3 से सीधे सेटों में जीत दर्ज की। इसी के साथ सबालेंका लगातार चौथी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में पहुंच गईं। सबालेंका शनिवार को मेलबर्न में खिताब के लिए एलिना रिबाकिना और जेसिका पेगुला के बीच मुकाबले की विजेता का सामना करेंगी। सबालेंका को मैडिसन कीज के खिलाफ साल 2023 का फाइनल गंवाना पड़ा था। अब उनके पास फिर से खुद को साबित करने का मौका है।



### एक अविश्वसनीय उपलब्धि : सबालेंका

मैच के बाद सबालेंका ने कहा, यह एक अविश्वसनीय उपलब्धि है, लेकिन मेरा काम अभी पूरा नहीं हुआ है। मैं जीत से बहुत खुश हूं। वह (एलिना स्वितोलिना) बहुत मुश्किल प्रतिद्वंद्वी हैं। मैं उनका खेल देख रही थी। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में अविश्वसनीय रूप से खेला। मुझे लगा कि आगे बढ़कर उन पर जितना हो सके उतना दबाव डालना होगा। मुझे खुशी है कि आज मेरा खेल उस स्तर का था। मैंने शानदार टेनिस खेला। मैं सीधे सेटों में जीत हासिल करके खुश हूं।

### एरिना को फाइनल में जगह बनाने के लिए लगा एक घंटा

गुरुवार को रोड लेवर एरिना में खेले गए मुकाबले में एरीना सबालेंका ने शुरू से ही मैच में पकड़ बनाए रखी। उन्हें फाइनल में जगह बनाने के लिए करीब एक घंटे का समय लगा। यह मुकाबला एकतरफा रहा, जिसमें सबालेंका ने अपनी पहली सर्विस पर 67 प्रतिशत और दूसरी सर्विस पर 79 प्रतिशत अंक जीते। बेलारुसी खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने अपनी पावर और जोरदार सर्विस के साथ स्वितोलिना पर लगातार दबाव बनाए रखा। इस बीच, अपने तीसरे ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब की ओर बढ़ रहीं स्वितोलिना को वापसी का एक भी मौका नहीं मिला।

### मुकाबला करने में जूझती रहीं स्वितोलिना

स्वितोलिना, सबालेंका की गति और निरंतरता का मुकाबला करने में जूझती रहीं। यूक्रेनी खिलाड़ी ने अपनी पहली सर्विस पर सिर्फ 56 प्रतिशत और दूसरी पर 50 प्रतिशत अंक जीते। उन्होंने मैच के दौरान तीन डबल फॉल्ट भी किए। टॉप सीड खिलाड़ी ने अपने सात ब्रेक-प्वाइंट्स मौकों में से चार को भुनाया, जबकि स्वितोलिना को चार मौकों में से सिर्फ एक ब्रेक लेने दिया। सबालेंका ने कुल अंकों के मामले में भी अपनी प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ा। दो बार की चैंपियन ने 65 अंक जीते, जबकि स्वितोलिना ने 46 अंक जीते।

## कुबलर-पॉल्मन्स का शानदार सफर जारी

### मेंस डबल्स फाइनल में एंट्री



**मेलबर्न।** जेसन कुब्लर और मार्क पोलमैंस की जोड़ी ने अपने ऑस्ट्रेलियन ओपन के शानदार सफर को जारी रखा है। इन खिलाड़ियों ने गुरुवार को ग्रेट ब्रिटेन के ल्यूक जॉनसन और पोलैंड के जैन जिलिंस्की की जोड़ी के खिलाफ 6-2, 3-6, 6-3 से जीत दर्ज की। इसी के साथ होमटाउन वाइल्डकार्ड ने मेंस डबल्स फाइनल में जगह बना ली है। अब ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी का सामना ग्रेट ब्रिटेन के पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 नील स्कूपस्की और अमेरिकी खिलाड़ी क्रिश्चियन हैरिसन से होगा। इस अनुभवी जोड़ी ने दूसरे सेमीफाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त मार्सेल ग्रानोलर्स और होरासियो जेबालोस को सीधे सेटों में हरा दिया था।


### चोटिल होने के बाद भी कोर्ट में कुब्लर

मुकाबले के दौरान कुब्लर के बाएं घुटने पर पट्टी बंधी हुई थी, जिसका पहले कई बार ऑपरेशन हो चुका है। इसके बावजूद उनके चेहरे पर कोई तकलीफ नहीं दिखी। उन्होंने पहला ब्रेक लेने के लिए हवा में उछलकर जोरदार स्मैश लगाया। इसके बाद दो गेम बाद उन्होंने एड साइड से लगातार रिटर्न विनर लगाए और एक और ब्रेक हासिल किया। इससे वह 5-1 से आगे हो गए। आखिर में पोलमैंस ने बिना कोई अंक गंवाए सर्विस होल्ड की और सेट जीत लिया।

## चैंपियंस लीग

# नौवें स्थान पर खिसका रियाल मैड्रिड, बेनफिका से मिली हार

एमबापे का शानदार गोल नहीं आए काम



एजेंसी ▸▸ लंदन

स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबापे के दो गोल के बावजूद रियाल मैड्रिड को चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में बेनफिका से 4-2 से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच से पहले रियाल मैड्रिड 36 टीमों की तालिका में तीसरे स्थान पर था लेकिन अब वह नौवें स्थान पर खिसक गया, जो अंतिम 16 में सीधे प्रवेश पाने से एक स्थान नीचे है।

बेनफिका की तरफ से यूक्रेन के गोलकीपर अनातोली ट्रूबिन ने इंजरी टाइम के आठवें मिनट में गोल किया। इससे बेनफिका गोल अंतर के आधार पर 24वें स्थान पर पहुंच गया और उसने प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित कर ली। अनातोली ने जब गोल किया तब रियाल मैड्रिड नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रहा था। इससे कुछ मिनट पहले ही राउल असेंसियो और रोड्रिगो को लाल कार्ड दिखाए गए थे।

### शीर्ष आठ से बाहर रियाल मैड्रिड

स्पोर्टिंग लिस्बन ने एथलेटिक बिलबाओ के खिलाफ 3-2 से जीत हासिल की, जिससे रियाल मैड्रिड शीर्ष आठ से बाहर हो गया। स्पोर्टिंग ने अप्रत्याशित रूप से लिवरपूल, टॉटेनहम, बार्सिलोना, चेल्सी और मैनचेस्टर सिटी के साथ शीर्ष आठ में जगह पक्की कर ली। तालिका में शीर्ष पर काबिज आर्सेनल ने कैरात अल्माटी को 3-2 से हराकर लगातार आठवीं जीत दर्ज कीं। वह और दूसरे स्थान पर काबिज बायर्न म्यूनिख पहले ही मार्च में शुरू होने वाले राउंड ऑफ 16 में पहुंच गए थे।

# प्लेऑफ में जगह बनाने भिड़ेंगे गुजरात जायंट्स-मुंबई इंडियंस

### डब्ल्यूपीएल: वडोदरा में आज शाम 7:30 बजे से मुकाबला

एजेंसी ▸▸ वडोदरा

मौजूदा चैंपियन और दो बार की विजेता मुंबई इंडियंस की टीम महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में शुक्रवार को जब गुजरात जायंट्स से भिड़ेगी तो दोनों के लिए यह मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण होगा, जिससे वह प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित करने की कोशिश करेंगी। गुजरात जायंट्स इस मैच में जीत दर्ज करके लगातार दूसरी बार महिला प्रीमियर लीग के प्लेऑफ में जगह पक्की करना चाहेगा। गुजरात जायंट्स फिलहाल आठ अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है और उसका नेट रन रेट -0.271 है। वह मुंबई इंडियंस (छह अंक, नेट रन रेट +0.146) और दिल्ली कैपिटल्स (छह अंक, नेट रन रेट -0.164) से दो अंक आगे है। गुजरात जायंट्स का भाग्य अब उसके अपने हाथों में है।



### जायंट्स का हो सकता है अभियान समाप्त

*हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली मुंबई इंडियंस पर जीत उसे डब्ल्यूपीएल प्लेऑफ में जगह दिला देगी, जबकि रिकॉर्ड अंतर से जीत उसे सीधे फाइनल में पहुंचा सकती है। हालांकि मामूली अंतर से मिली हार भी जायंट्स के अभियान को समाप्त कर सकती है।*

# एफआईएच प्रो लीग के लिए हॉकी टीम का ऐलान, मनप्रीत बाहर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय हॉकी के सबसे जाने-माने खिलाड़ियों में से एक और मध्यपंक्ति के दिग्गज खिलाड़ी मनप्रीत सिंह का नाम आगामी एफआईएच प्रो लीग सत्र से पहले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए चुने गए 33 संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल नहीं है। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को संभावित खिलाड़ियों की सूची घोषित की। प्रो लीग का सत्र अगले महीने राउरकेला में शुरू होगा। दो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता टीमों के सदस्य और 33 वर्षीय पूर्व भारतीय कप्तान मनप्रीत 15 वर्षों में पहली बार शिविर के लिए संभावित खिलाड़ियों की सूची में जगह नहीं बना पाए हैं। वह हॉकी इंडिया के वर्तमान अध्यक्ष दिलीप टिर्की के साथ 412 मैचों के साथ संयुक्त रूप से सबसे अधिक मैच खेलने वाले भारतीय खिलाड़ी बनने से सिर्फ एक मैच दूर हैं। राउरकेला में 10 से 15 फरवरी तक होने वाले एफआईएच प्रो लीग मैचों से पहले 1 से 7 फरवरी तक यह शिविर आयोजित किया

PRO LEAGUE

### गोलकीपर पाठक को नहीं मिली टीम में जगह

*गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक को भी संभावित टीम में जगह नहीं मिली है, जबकि प्रिंसदीप सिंह को पिछले साल के आखिर में राजगीर में जूनियर एशिया कप में शानदार प्रदर्शन के कारण सीनियर टीम में जगह मिली है। इसके अतिरिक्त पूवन्ना चंदुरा बोबी, यशदीप सिवाच और अमनदीप लाकड़ा रक्षा पंक्ति में नए खिलाड़ी हैं, जबकि रोसन कुजुर को जूनियर एशिया कप में प्रभावशाली प्रदर्शन के आधार पर टीम में शामिल किया गया है।*


## टाटा स्टील मास्टर्स: एरिगैसी की एक और हार

# काले मोहरों से खेलते हुए गुकेश ने जीती बाजी

एजेंसी ▸▸ विज्क आन जी

भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी महत्वपूर्ण क्षणों में जर्मनी के विन्सेंट कीमर के कौशल का मुकाबला नहीं कर सके और उन्हें टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में एक और हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने हालांकि युवा खिलाड़ी यागिज कान एर्दोगमस के खिलाफ जीत हासिल करके प्रतियोगिता में वापसी की।

काले मोहरों से खेलते हुए गुकेश ने बाजी जीती। उनके अब संभावित 10 में से पांच अंक हो गए हैं। एरिगैसी कुछ दिन पहले तक शानदार फॉर्म में थे, लेकिन इस टूर्नामेंट में वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और वह अंक तालिका में निचले पायदान पर हैं। उनके 10 मैचों में सिर्फ चार अंक हैं।






### प्रज्ञाननंदा ने नीमन के साथ खेला ड्रॉ

टूर्नामेंट के एक अन्य मुकाबले में भारत के आर प्रज्ञाननंदा ने हैंस मोके नीमन के साथ अपनी बाजी ड्रॉ खेली। पिछले दौर में गुकेश को हराने वाले जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम ने अनीश गिरी को हराकर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी, जबकि नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरेस्ट ने जावोखिर सिंदारोव के साथ ड्रॉ खेला।




**कोर्ट ने निरस्त की अर्जी**

# विषाक्त भोजन से छात्र की मौत के मामले में छात्रावास अधीक्षक को अग्रिम जमानत नहीं



जबलपुर।

हरदुली छात्रावास में विषाक्त और गुणवत्ताहीन भोजन से एक छात्र की मौत से जुड़े मामले में छात्रावास अधीक्षक गजेन्द्र झारिया की अग्रिम जमानत अर्जी हाईकोर्ट ने निरस्त कर दी। दरअसल, आरोपी की ओर से कुछ देर दलील देने के बाद अग्रिम जमानत आवेदन वापस लेने का निवेदन किया गया। जस्टिस संदीप एन भट्ट की सिंगल बेंच ने निवेदन स्वीकार कर अर्जी खारिज कर दी। शासन की ओर से पैनल लॉयर हिमांशु तिवारी ने जमानत अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि यदि आरोपी को जमानत दी गई तो वह साक्ष्य में हेराफेरी कर सकता है। दरअसल, अगस्त 2025 में उक्त छात्रावास में फूड प्वाइजनिंग से एक छात्र की मौत हो गई थी और 14 अन्य छात्र बीमार हो गए थे। मामले की जांच के बाद अधीक्षक को दोषी पाते हुए उसके खिलाफ गैर इरादतन हत्या व अन्य धाराओं के तहत कुंडम थाने में प्रकरण दर्ज किया गया था।आवेदक की ओर से दलील दी गई कि वह एक शासकीय कर्मचारी है और उसके द्वारा किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं की गई है। वहीं शासन की ओर से दलील दी गई कि घटना के दौरान गजेन्द्र ही छात्रावास अधीक्षक था और उसके द्वारा ही छात्रावास का रख रखाव एवं छात्रों के खानपान की व्यस्था की जाती थी। अधीक्षक पर आरोप है कि वह गुणवत्ताहीन अनाज एवं अन्य खाद्य पदार्थ की खरीददारी स्वयं करता था।

## चाकू से गोद कर हत्या करने वाले दो भाईयों को आजीवन कारावास

**सेशन कोर्ट का फैसला**

**जबलपुर।** जिला अदालत ने हत्याकांड के आरोपी दो भाईयों जबलपुर निवासी शुभम झारिया व उसके भाई गौरव झारिया का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ अपर सत्र न्यायाधीश गौरव प्रज्ञानंद की कोर्ट ने आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई । 15-15 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक स्मृतिलता बरकड़े ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि पांच अगस्त, 2022 की रात्रि करीब 9.20 बजे आरोपी शुभम व उसके भाई गौरव झारिया ने पुराने विवाद के चलते चिराग गौतम को उसके घर के सामने चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।चीख-पुकार सुन चिराग का भाई फरियादी विकास गौतम व अन्य लोग पहुंचे तो आरोपी भाग निकले। जिसके बाद घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार दौरान 19 अक्टूबर, 2022 को चिराग की मौत हो गई थी। जिसके बाद गढ़ा पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज किया था। विचारण दौरान पेश किए गए गवाह व साक्ष्यों के मद्देनजर अदालत ने आरोपी भाईयों को आजीवन कारावास व जुर्माने की सजा सुनाई।

## हाईकोर्ट ने अधिवक्ता के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द की

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर खंडपीठ ने एक महत्वपूर्ण आदेश में अधिवक्ता सुभाष तिवारी के विरुद्ध दर्ज आपराधिक प्रकरण को निरस्त कर दिया है। मामला थाना सोहागी, जिला रीवा में दर्ज अपराध से संबंधित था, जिसमें अधिवक्ता के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 509 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की गई थी। आरोप था कि सार्वजनिक स्थान पर शिकायतकर्ता की फोटो खींचकर उसे बदनाम करने की धमकी दी गई। माननीय न्यायमूर्ति हिमांशु जोशी ने दर्ज अपराध को रद्द कर दिया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता निखिल भट्ट एवं धीरेन्द्र मिश्रा ने पक्ष रखते हुए कोर्ट को अवगत कराया कि एफआईआर एवं धारा 164 के अंतर्गत दर्ज कथनों के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि अभियुक्त अधिवक्ता के विरुद्ध लगाए गए आरोपों से धारा 509 आईपीसी के आवश्यक तत्व सिद्ध नहीं होते। कोर्ट के समक्ष ये तथ्य भी रखा गया कि याचिकाकर्ता एक प्रैक्टिसिंग अधिवक्ता है तथा उसके विरुद्ध पेशेगत शत्रुता एवं व्यक्तिगत प्रतिशोध के चलते विलंब से एफआईआर दर्ज की गई थी। ऐसे में आपराधिक कार्यवाही को जारी रखना न्यायोचित नहीं है। अधिवक्ताओं के तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय ने एफआईआर रद्द करने का आदेश दिया।

# आपत्ति : नई राष्ट्रीय विद्युत नीति पर राजनीति

## एक तरफ सरेंडर, दूसरी तरफ कठोरता

**जबलपुर।** केन्द्र सरकार द्वारा जारी नई राष्ट्रीय विद्युत नीति 2026 के ड्राफ्ट में एक तरफ मुफ्त बिजली बांटने की मनाही करने के स्पष्ट आदेश जारी करने में असमर्थता बताई है, तो दूसरी तरफ वितरण कम्पनियों की बिगड़ती आर्थिक स्थिति का हवाला देकर ऑटोमेटिक टैरिफ से बढ़ोत्तरी का प्रावधान जारी किया गया है।नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ. पी.जी. नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने इस पर आपत्ति ई-मेल से केन्द्र सरकार को भेजी है। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने 20 जनवरी को नई राष्ट्रीय विद्युत नीति का ड्राफ्ट जारी कर 30 दिनों के भीतर उस पर अभिमत, आपत्तियां मांगी है।

ड्राफ्ट के क्लॉज 4 (3) पृष्ठ 9 के अनुसार मुफ्त बिजली बांटने का प्रावधान जारी रखा गया, जबकि इसी ड्राफ्ट में कई जगह विद्युत संस्थाओं की वित्तीय हालत गंभीर होने का हवाला दिया है। विद्युत अधिनियम की धारा 65 के तहत मुफ्त बिजली बांटने के एवज में अग्रिम राशियां वितरण कम्पनियों को देना अनिवार्य होने के बावजूद भी उन्हें राशियां नहीं मिल रही हैं, यह स्वयं स्वीकारने के बावजूद भी केन्द्र सरकार ने मुफ्त बिजली बांटन के खिलाफ सख्त नीति अपनाने की हिम्मत जताई नहीं, उसने राजनीतिक सरेंडर कर दिया है। ड्राफ्ट के क्लॉज 4 (2) पृष्ठ 8 के अनुसार विद्युत नियामक आयोग समय पर बिजली दरें तय नहीं करता है तो टैरिफ महंगाई सूचकांक से जोड़कर अपने आप बढ़ाया जायेगा। वास्तविकता में जब तक नियामक आयोग टैरिफ तय नहीं करता है तब तक बिजली दरें बढ़ाई नहीं जा सकती है।

# रेलवे में नौकरी के नाम पर डेढ़ लाख हड़पे

## 5 लोगों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

जबलपुर।

रांझी थानांतर्गत एक बेरोजगार युवक को दीवार में लगे रेलवे की नौकरी के पोस्टर पर लिखे नंबर से संपर्क करना मंहगा पड़ गया। युवक को रेलवे ने संविदा वर्ग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर पांच लोगों ने फर्जी अपाइटमेंट लेटर थमा कर युवक से लगभग डेढ़ लाख हड़प लिए। युवक की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

रांझी पुलिस ने बताया कि रांझी बाजार निवासी दीपक नामदेव ने गत वर्ष 15 अगस्त को अपने घर के पास रांझी क्षेत्र में एक दीवार पर रेलवे में नौकरी का पोस्टर देखा था। जब उसने इस पोस्टर पर लिखे नंबर पर नौकरी के संबंध में संपर्क किया तो उस व्यक्ति ने अपना आदित्य सिंह बताते हुए बताया कि रेलवे में टेंडर वाली संविदा आधार पर भर्ती प्रक्रिया कानपुर ऑफिस में हो रही है। उक्त व्यक्ति के बुलाने पर दीपक 18 अगस्त को अपने पिता नंदा वाला के साथ ट्रेन से कानपुर गया था। जहां उक्त व्यक्ति ने दीपक से



अपने आफिस में इंडियन रेलवे मेन पावर ग्रुप दिल्ली का फार्म भरवाकर रसीद देते हुए 2750 रुपये रजिस्ट्रेशन व ड्रेस के जमा करने कहा तो दीपक के पिता ने अपने फोन पे नंबर से उनके स्कैन पर 2750 रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद वह व्यक्ति बोला कि नौकरी के लिए एक से डेढ़ लाख रुपये अधिकारियों को देना पड़ेंगे। इस संबंध में राहुल सर आपसे सपर्क कर लेंगे। इसके बाद राहुल सिंह ने 1 सितंबर को अपने मोबाइल नंबर से व्हाट्स अप कॉल कर डाक्यूमेंट व 3500 रुपये फोन पे से ट्रांसफर करने कहा। राहुल सिंह ने गत 4 सितंबर से 1 अक्टूबर तक फोन पे के माध्यम से 34 हजार 500 रुपये लिए। इसी बीच गत 8 सितंबर को व्हाट्स अप पर रेलवे का नियुक्ति पत्र भी भेजा और कहा कि अब आगे की प्रक्रिया के लिए ट्रेनिंग ऑफीसर अतुल सिंह संपर्क कर लेंगे। गत 5 अक्टूबर को अतुल सिंह ने दीपक नामदेव से सारे डाक्यूमेंट मंगवाये और ट्रेनिंग के नाम पर अलग अलग तिथियों में फोन पे के माध्यम से 95 हजार रुपये ले लिए। इस तरह रेलवे में संविदा नौकरी लगवाने का झांसा देकर पांच लोगों ने दीपक सोनी से लगभग डेढ़ लाख हड़प लिए।

**एक कार चकनाचूर, ऑटो चालक गंभीर**

# रफ्तार का कहर : फ्लाईओवर और बिलहरी में हुए हादसे

जबलपुर।

शहर में तेज रफ्तार और लापरवाही एक बार फिर जानलेवा साबित होती नजर आई। बीते चौबीस घंटों के भीतर अलग-अलग इलाकों में हुए दो सड़क हादसों ने यह साफ कर दिया है कि यातायात नियमों की अनदेखी किस कदर बड़ा खतरा बन चुकी है। इन हादसों में एक ओर तेज रफ्तार कार डिवाइडर और बिजली के खंभे से टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, वहीं दूसरी ओर फ्लाईओवर पर अज्ञात वाहन की टक्कर से ऑटो पलट गया और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

### बिलहरी रोड पर स्विफ्ट का कहर

पहली घटना बिलहरी रोड की है, जहाँ लाल रंग की स्विफ्ट कार (क्रमांक एमपी 20 जेडए 9922) तेज रफ्तार के चलते अनियंत्रित हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार की गति इतनी अधिक थी कि चालक नियंत्रण नहीं रख सका। कार पहले सड़क के डिवाइडर से टकराई और उसके बाद सीधे बिजली के खंभे में जा घुसी।हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आसपास मौजूद



लोग सहम गए। गनीमत रही कि कार में सवार लोगों की जान बच गई, हालांकि वाहन को भारी नुकसान पहुंचा है।

### फ्लाईओवर पर ऑटो को टक्कर, चालक गंभीर

दूसरी घटना शारदा चौक की ओर जाने वाले फ्लाईओवर पर सामने आई। यहां एक ऑटो (क्रमांक एमपी 20 जेडव्हाय 5605) को किसी अज्ञात वाहन ने तेज गति से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो बीच सड़क पर ही पलट गया। हादसे में ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद राहगीरों ने मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल मदद की, चालक को मलबे से बाहर निकाला और एंबुलेंस के माध्यम से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल घायल का उपचार जारी है और उसकी हालत पर डॉक्टर नजर बनाए हुए हैं।

### पुलिस सीसीटीवी खंगालने में जुटी

फ्लाईओवर हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अज्ञात वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपी वाहन चालक तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

### फिर उठा रफ्तार और लापरवाही का सवाल

लगातार हो रहे सड़क हादसों ने शहर में यातायात व्यवस्था और लोगों की लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारों का कहना है कि तेज रफ्तार, नियमों की अनदेखी और फ्लाईओवर जैसे संवेदनशील स्थानों पर सतर्कता की कमी ऐसे हादसों की बड़ी वजह बन रही है। जरूरत है कि वाहन चालक जिम्मेदारी से ड्राइव करें, ताकि सड़कें सुरक्षित रह सकें और बेवजह जान जोखिम में न पड़े।

## दोस्ती बनाकर बाईक ले उड़ा यूपी का बदमाश

**जबलपुर।** शहपुरा थानांतर्गत एक रिसोर्ट में पिछले दो माह से रह रहे यूपी निवासी एक युवक ने समीप ही नेशनल हाईवे पर चाय- नाश्ता की दुकान चलाने वाले से दोस्ती गांठी और फिर उसकी मोटर साइकिल की चॉबी मांगी तथा गाड़ी लेकर फरार हो गया। कई घंटे तक गाड़ी वापस न आने पर गाड़ी मालिक ने पतासाजी की तो ज्ञात हुआ कि, रिसोर्ट में रहने वाला युवक अपने साथियों से अपने घर यूपी जाने का कहकर निकला है। पीड़ति ने मामले में थाना शहपुरा में शिकायत दर्ज कराई है जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पीड़ति रामेंद्र उर्फ विकी सिंह ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि नेशनल हाईवे 45 गंजकटंगा के पास उसकी चाय-नाश्ता की दुकान है। उक्त दुकान पर रोजाना रौनक नाम का लड़का आता था जो यूपी का रहने वाला था। रौनक रामेन्द्र की दुकान के समीप स्थित एक रिसोर्ट में करीबन 2 महीने से रुका हुआ था और शहपुरा के एक बैंक में पीओपी व पुताई का काम करता रहा।

## फर्जीवाड़ा : 9 सौ किसानों की जांच शुरू, अधिकारियों को भी नोटिस

**व्यापारी बने किसान, बिक गया धान..!**

**जबलपुर।** जबलपुर जिले में मझौली की वृहत्ताकार सेवा समिति में करीब तीन करोड़ 53 हजार कीमत के धान की फर्जी एंट्री का मामला सामने आने के बाद कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने जांच के आदेश दिए हैं। अभी तक इस मामले में जहां 174 किसान जांच के दायरे में आए थे वहीं अब सोसायटी में धान बेचने वाले 9 सौ किसानों पर जांच की तलवार लटक गई है।

इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही होने के बाद भी धान की फर्जी एंट्री हो गई और उन्हें पता ही नहीं चला। लिहाजा जिन उपार्जन समिति के अधिकारियों को मझौली क्षेत्र के उपार्जन केंद्रों में धान की गुणवत्ता से लेकर तुलाई, खरीदी और निगरानी करने जिम्मेदारी दी गई थी, उन्हें भी नोटिस जारी किए जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक इसमें कई अधिकारियों के सीधे जुड़े होने की जानकारी सामने आयी है परंतु यह जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि इसमें कौन कौन शामिल था। दरअसल मझौली में हुई फर्जी धान एंट्री का मामला सामने आने के बाद आरोपित रत्नेश भट्ट द्वारा जांच समिति को जो जानकारी दी गई थी उस आधार पर तत्काल ही 174 किसानों का भुगतान रोक दिया गया था परंतु नए तथ्य सामने आने के बाद अब सभी किसानों की जांच होगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मझौली का मामला सामने आने के बाद सिहोरा और कटंगी, शहपुरा की कई सोसायटियों में भी फर्जी किसानों की पहचान करने के लिए प्रशासन ने कई कदम उठाए। यहां तक कि पंजीयन कराने वाले उन किसानों की खरीदी पर रोक लगा दी गई जिन्होंने अपना धान मंडी में बेच दिया। इसके बाद भी कई सोसायटी और समूह में व्यापारियों ने फर्जी किसान बनकर धान बेचा। वृहत्ताकार समिति में भी करीब 14 हजार क्विंटल धान की शार्टेज आने के बाद यह खुलासा हुआ है । खरीदी शुरू होने के कुछ दिन बाद ही फर्जी किसान बनकर यहां पर व्यापारियों ने धान बेची। ऐसा सिर्फ यहां नहीं बल्कि इससे जुड़ी तीन और सोसायटी में हुआ। उपार्जन के बाद अब उन सोसायटियों की भी जांच हो रही है, जहां खरीदी में गड़बड़ी की शिकायत आई थी। इनमें एक दर्जन से ज्यादा सोसायटी और समूह शामिल है।

**डॉ. हेमलता ने आईसीयू से वीडियो जारी कर लगाई इंसाफ की गुहार**

# अंधेरे में धकेली गई रौशनी की मसीहा

जबलपुर।

जिस महिला नेत्र चिकित्सक ने अपनी पूरी जिंदगी हजारों लोगों की आंखों को रौशनी देने में लगा दी, आज वही रौशनी की मसीहा खुद अंधेरे में धकेल दी गई है। राइट टाउन निवासी 81 वर्षीय वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमलता श्रीवास्तव इस वक्त मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आईसीयू में जिंदगी और मौत से जूझ रही हैं, और वहीं से वह अपने साथ हुई कथित धोखाधड़ी, फ्राड और लूट के खिलाफ इंसाफ की गुहार लगा रही हैं।डॉ. हेमलता श्रीवास्तव की करोड़ों रुपए मूल्य की वह जमीन, जिसे समाज और आमजन के हित में समर्पित किया जाना था, कथित तौर पर उनकी बीमारी, धुंधली नजर और बेहोशी का फायदा उठाकर हड़प ली गई। इस पूरे मामले ने न सिर्फ चिकित्सा जगत, बल्कि पुलिस प्रशासन, रजिस्ट्री कार्यालय और सरकारी तंत्र की भूमिका पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### आईसीयू से जारी वीडियो बयान में चौंकाने वाले खुलासे

अस्पताल में भर्ती डॉ. हेमलता श्रीवास्तव का एक वीडियो बयान सामने आया है, जिसने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है। वीडियो में वह स्पष्ट शब्दों में कहती नजर आ रही हैं कि उनके साथ प्रॉपर्टी फ्राड हुआ है। डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार, मैं गंभीर रूप से बीमार थी, मुझे अस्पताल लाया गया था। मैं बेहोशी की हालत में थी, चश्मा भी नहीं लगा था, सबकुछ धुंधला दिख रहा था। उसी दौरान डॉक्टर सुमित जैन और डॉक्टर प्राची जैन ने मुझसे कहा कि ये अस्पताल के कागज हैं, इन पर दस्तखत कर दीजिए। मैंने उन पर भरोसा किया और साइन कर दिए। मुझे कोई कागज पढ़कर नहीं सुनाया गया। अब मुझे समझ आ रहा है कि मुझे बेवकूफ बनाकर राईट टाउन डॉ मुखर्जी के सामने मेरी करोड़ों की प्रॉपर्टी ले ली गई है। न मैंने कोई दान पत्र किया है और न ही मैं ऐसा करना चाहती हूं। इस तरह एक डॉक्टर दंपत्ति ने 10 हजार स्कवायर फीट की जमीन की रजिस्ट्री करा ली और शेष जमीन की रजिस्ट्री गायत्री मंदिर के नाम पर करा ली। इस प्रापर्टी की कीमत लगभग 50 करोड़ रुपए बताई गई है। यह बयान न सिर्फ कथित धोखाधड़ी की कहानी बयां करता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि किस तरह एक असहाय बुजुर्ग महिला की स्थिति का फायदा उठाया गया।



### सगी बहन और बहनोई पर भी गंभीर आरोप

मामले को और भी संवेदनशील बनाते हुए डॉ. हेमलता श्रीवास्तव ने कहा है कि मदनमहल थाने में पहले ही शिकायत दी गई थी पुलिस को भी बयान दिए गए थे लेकिन पुलिस ने बयान दबा लिए। पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे है। डॉ.हेमलता श्रीवास्तव ने अपने बयान में अपनी सगी बहन शांति तिवारी और बहनोई कृष्ण राजेंद्र तिवारी पर भी बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं।अपने पत्र में उन्होंने लिखा कि उनकी बीमारी और चलने-फिरने में असमर्थता का फायदा उठाकर उन्हें अपने ही घर में बाहरी दुनिया से काट दिया गया। न उन्हें पड़ोसियों से मिलने दिया जा रहा है और न ही उन कर्मचारियों से, जो वर्षों से उनके साथ ईमानदारी से काम करते रहे। यह स्थिति सीधे तौर पर मानवाधिकारों के उल्लंघन की ओर इशारा करती है।

### फिर भी प्रशासन मौन

सबसे बड़ा और चिंताजनक सवाल यह है कि 14 जनवरी 2026 को कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत और चेतावनी दिए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई?शिकायत के 16 दिन बीत जाने के बाद भी न तो कोई प्राथमिकी दर्ज हुई और न ही किसी तरह की जांच शुरू की गई। यह प्रशासनिक चुप्पी न सिर्फ संदेह पैदा करती है, बल्कि सिस्टम की निष्पक्षता पर भी सवालिया निशान लगाती है। अब जब मामला सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, तब जाकर सामाजिक संगठनों, नागरिकों और चिकित्सा समुदाय ने डॉ. हेमलता की सुरक्षा और निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर आवाज बुलंद करनी शुरू की है।

### चिकित्सा संगठनों की मांग

शहर के चिकित्सक संगठनों और सामाजिक संस्थाओं ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि डॉ. हेमलता श्रीवास्तव की बेशकीमती जमीन, जो मूल रूप से समाज के हित के लिए थी, उसे सरकार अपने नियंत्रण में ले। इससे न सिर्फ जमीन को कथित बंदरबांट से बचाया जा सकेगा, बल्कि भविष्य में किसी भी तरह के दुरुपयोग पर भी रोक लगेगी। साथ ही, पूरे मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराए जाने, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और डॉ. हेमलता श्रीवास्तव को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग भी की जा रही है।

### सवाल सिर्फ एक बुजुर्ग महिला का नहीं

यह मामला केवल एक बुजुर्ग डॉक्टर के साथ हुई कथित धोखाधड़ी का नहीं है, बल्कि यह उस सिस्टम की परीक्षा है, जो कमजोर, बीमार और असहाय लोगों की रक्षा के लिए बना है। आज अगर रौशनी बांटने वाली एक महिला डॉक्टर खुद अंधेरे में इंसाफ मांग रही है, तो यह पूरे समाज और शासन-प्रशासन के लिए एक गंभीर चेतावनी है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240